फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 348 प्रभात जयपुर, रविवार 20 जुलाई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Donald Trump Wants A Bit Of History For America**

The US president wants to build new federal public buildings in the neoclassical style, to uplift and beautify public spaces and ennoble the United States

**Who Are the Kurds?**

The Kurds trace their origins to ancient Indo-European tribes, who settled in the region, thousands of years ago

# पायलट एसोसिएशन ने ''रॉयटर'' व ''वॉल स्ट्रील जरनल'' को कोर्ट का नोटिस भेजा

## नोटिस में आरोप लगाया गया है कि दोनों अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ संस्थानों ने एयर इंडिया की अहमदाबाद फ्लाइट के क्रैश के बारे में बिना प्रमाण के ''कयासबाजी'' के आधार पर, जो खबर प्रसारित की है, उससे भारत के ''सिविल एविएशन'' (नागरिक उड्डयन) की ''सेफ्टी'' की प्रतिष्ठा को भारी चोट पहुँची है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जुलाई। भारतीय पायलट संघ (फैडरेशन ऑफ इण्डियन पायलट्स/ एफ.आई.पी.) ने, गैर जिम्मेदाराना और पायलटों की छवि को नुकसान पहुँचाने वाली पत्रकारिता के खिलाफ एक असाधारण कदम उठाया है। शुक्रवार को, एफ.आई.पी. ने पुष्टि की कि उसने एआई 171 विमान क्रैश पर हालिया रिपोर्टों को लेकर वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। पायलट संघ ने दोनों मीडिया संगठनों से सार्वजनिक माफी की भी मांग की है।

- नोटिस में माँग की गई है कि रॉयटर ऐसी कयासबाजी पर आधारित खबरें छापना बंद करे तथा 17 जुलाई को जो खबर प्रकाशित की उसमें उचित परिवर्तन करके, स्थापित करे कि उसकी खबर ''आधारहीन'' थी तथा अभी ''क्रैश'' की जाँच जारी है, अतः अभी कोई निष्कर्ष निकालने की स्थिति में नहीं है।
- अगर ''रॉयटर'' व वॉल स्ट्रीट जरनल ने ये संशोधन नहीं किया तो मानहानि, मानसिक पीड़ा का मुकदमा चलाया जायेगा।
- अमेरिका के नैशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने भी रॉयटर व वॉल स्ट्रीट जरनल की खबर की काफी भर्त्सना की है।

एफ.आई.पी. के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा, ''हमने वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स के खिलाफ औपचारिक नोटिस भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस प्रकार की अटकलें, विशेष रूप से बिना तथ्यों वाली, सार्वजनिक चिंता पैदा करती हैं और भारतीय विमानन की सुरक्षा के बारे में धारणा को कमजोर करती हैं।''

एफ.आई.पी. ने दो वैश्विक समाचार संगठनों को भेजे गए ईमेल में उनकी रिपोर्टिंग को ''अप्रमाणित तथा सिलैक्टिव'' बताया और कहा, ''ऐसी कार्रवाइयाँ गैर-जिम्मेदार हैं, खासकर तब जबकि जांच अभी जारी है।'' संघ ने इन मीडिया आउटलैट्स पर आरोप लगाया कि उन्होंने अनावश्यक डर पैदा किया और भारत की विमानन सुरक्षा प्रणाली की छवि को विकृत किया।

विशेष रूप से, एफ.आई.पी. ने पायलटों को उनकी मृत्यु के बाद दोषी ठहराए जाने पर गहरी चिंता जताई और कहा कि इस प्रकार की अटकलें ''मृत पायलटों की प्रतिष्ठा को गंभीर और अपरिवर्तनीय नुकसान पहुँचाती हैं, जो अपनी ओर से बचाव नहीं कर सकते।'' संघ ने तर्क दिया कि ऐसी कथाएँ न केवल शोक संतप्त परिवारों को दुख पहुँचाती हैं, बल्कि पूरे पायलट समुदाय का मनोबल भी प्रभावित करती हैं, जो भारी दबाव में काम करता है।

कानूनी नोटिस में विशेष रूप से यह मांग की गई कि रॉयटर्स भविष्य में ऐसी अटकलों से बचे और 17 जुलाई को प्रकाशित अपने लेख में संशोधन करके उसमें उपयुक्त अस्वीकरण (डिस्क्लेमर) जोड़े और ऐसी किसी भी सामग्री को हटाए जिसे दोषारोपण के रूप में समझा जा सकता है। पायलट संघ ने रॉयटर्स से यह भी कहा कि वह एक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पेपर लीक प्रकरण में डामोर को जमानत नहीं

जयपुर, 19 जुलाई। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 के पेपर लीक मामले में आरोपी विजय कुमार डामोर को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने दो अन्य मामलों को लेकर आरोपी की ओर से पेश जमानत प्रार्थना पत्रों को भी खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी खगेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि आरोपी पर पेपर लीक के कई प्रकरण दर्ज हैं। ऐसे में उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

डामोर द्वारा जमानत अर्जी में कहा गया कि उसे प्रकरण में झूठा फंसाया गया है। वह करीब ढाई साल से न्यायिक

- आरोपी विजय कुमार डामोर पर बेकरिया व सुखेर थाने में भी पेपर लीक मामले की एफआईआर दर्ज है।

अभिरक्षा में चल रहा है। वहीं, उसके खिलाफ प्रकरण में आरोप पत्र भी पेश किया जा चुका है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएस चौहान ने बताया कि पेपर लीक के मामले में आरोपी के खिलाफ बेकरिया और सुखेर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोपी भर्ती के सामान्य ज्ञान विषय के प्रश्न पत्र अनिल मीणा को उपलब्ध कराने के षडयंत्र में बाबूलाल कटारा के साथ लिप्त था। आरोपी ने प्रश्न पत्र को हाथ से रजिस्टर में उतारा और अनिल मीणा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# उड़ान भरने से पहले ही मस्क की ''अमेरिका पार्टी'' क्रैश हो गई

## सीएनएन व क्विननिपैक युनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किये गए सर्वे के अनुसार, क्रमशः 22 प्रतिशत व 17 प्रतिशत रजिस्टर्ड मतदाता ही मस्क द्वारा तीसरी राजनीतिक पार्टी बनाने के पक्ष में हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जुलाई। जब दुनिया के सबसे चर्चित अरबपति दुनिया के सबसे कठिन राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, तो क्या होता है? ताजातरीन सर्वेक्षणों के अनुसार, वे रनवे पर कदम रखने के साथ ही दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

एलन मस्क की एक नई राजनीतिक पार्टी, जिसे अस्थायी रूप से ''अमेरिका पार्टी'' कहा गया था, को स्थापित करने की योजना को उसी जनता ने खारिज कर दिया, उन्हें जिसके साथ आने की उम्मीद थी। यह विचार मस्क और उनके पूर्व सहयोगी, यूएस राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच सार्वजनिक विवाद के बाद उभरा था, और इसका उद्देश्य दो-पार्टी प्रणाली को तोड़ना था। इसके बजाय, यह विचार अमेरिकियों को ही उनके विरोध में एकजुट कर रहा है।

सीएनएन द्वारा इस सप्ताह जारी एक सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है कि

- तथा, क्रमशः 77 प्रतिशत मतदाता मस्क द्वारा नई तीसरी पार्टी बनाने के पक्ष में नहीं हैं।
- सीएनएन के इसी सर्वे के अनुसार, 23 प्रतिशत अमेरिकी मस्क को आशा भरी आँखों से देखते हैं तथा 60 प्रतिशत अमेरिकी मस्क के बारे में नैगेटिव भावना रखते हैं, यानी मस्क की रेटिंग माइनस 37 पॉइन्ट है। जबकि, 2016 में मस्क की रेटिंग प्लस 29 पाइन्ट थी।
- वैसे भी अमेरिका के इतिहास में केवल मात्र एक राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन, किसी पार्टी का समर्थन प्राप्त किये बिना राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़े थे और जीते थे। यह अलग बात है कि तब तक दोनों पार्टियों का अमेरिका के राजनीतिक रंगमंच पर जन्म नहीं हुआ था।
- उसके बाद भी अमेरिका में कई बार तीसरी पार्टी के गठन का प्रयास किया गया है। जैसे, 1990 के दशक में अरबपति रॉस पैरो ने खूब पैसा झोंका, पर वे सफल नहीं हुए।

केवल 25 प्रतिशत वयस्क और सिर्फ 22 प्रतिशत पंजीकृत मतदाता मस्क द्वारा तीसरी पार्टी बनाने के विचार का

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'भाजपा-आरएसएस ''आप'' के जन्मदाता हैं'

## कांग्रेस के दलित नेता उदितराज ने, ''आप'' पर तीखा वार किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जुलाई। आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस-नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा कर दी है। पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि आप अब बिहार में राजद व कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ भी चुनाव लड़ेगी।

संसद सत्र शुरू होने से महज दो दिन पहले गठबंधन में आई इस दरार पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के दलित नेता उदित राज ने तीखा बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि ''असल में आम आदमी पार्टी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) का ''टूल'' है।''

- अन्ना हजारे एक सभ्रांत व्यक्ति थे, केजरीवाल एक एनजीओ चलाते थे। भाजपा, आरएसएस, बजरंग दल, वी.एच.पी. व एबीवीपी ने केजरीवाल को संभावित आंदोलन व मंच दिया और इस तरह ''आप'' का जन्म हुआ।
- संविधान को बचाने के लिए हम लोग साथ आये थे। हमारी विचारधाराएँ नहीं मिलती हैं। अतः, आज उन्होंने इंडिया गठबंधन छोड़ा है, कल फिर साथ आ सकते हैं। पर, उनके जाने से इंडिया गठबंधन में कोई कमज़ोरी नहीं आई है।

उन्होंने कहा, ''आप का जन्म भाजपा और आरएसएस की वजह से हुआ... अन्ना हज़ारे एक व्यक्ति थे, अरविंद केजरीवाल का एक एनजीओ था, लेकिन जिन लोगों ने पर्दे के पीछे से इन्हें ताकत दी, वे थे भाजपा, आरएसएस, बजरंग दल, विहिप और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी)। भाजपा ने उन्हें एक सुसज्जित आंदोलन और मंच दिया, और इसी तरह आप का जन्म हुआ। उनकी विचारधारा, भाजपा और आरएसएस की है।''

उन्होंने आगे कहा: ''अरविंद केजरीवाल दलित-विरोधी हैं और सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं... हमारी विचारधाराएं कभी मेल नहीं खाईं, लेकिन संविधान को बचाने के लिए हम साथ आए थे। अब यह उन पर निर्भर है कि वे गठबंधन में रहना चाहते हैं या नहीं... हो सकता है कि वे फिर से बाहर से भाजपा की मदद करें। वे भविष्य में फिर से इंडिया गठबंधन में शामिल हो

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बेंगुलुरु हवाई अड्डे पर एक यात्री से 4 किलो कोकीन मिली

नयी दिल्ली, 19 जुलाई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से चार किलोग्राम से अधिक कोकीन ज़ब्त की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये है। इस प्रकरण में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

वित्त मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञिप्त के

- कोकीन कॉमिक्स में छुपाकर रखी गई थी। इसकी कीमत 40 करोड़ के लगभग बताई जा रही है।

अनुसार, एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने शुक्रवार को सुबह दोहा से बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुँचे एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। उसके सामान की सावधानीपूर्वक जाँच करने पर पता चला कि उसके पास दो सुपरहीरो कॉमिक्स ओर पत्रिकाएँ थीं, जो असामान्य रूप से भारी थीं। अधिकारियों ने पत्रिकाओं के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ईडी ने उत्तराखंड के कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

## हरक सिंह रावत, उनकी पत्नी दीप्ती रावत तथा इन दोनों के सहयोगी बीरेन्द्र सिंह कंडारी, लक्ष्मी सिंह राणा व दिवंगत सुशीला रानी के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने दो भूंखड, जिनका क्षेत्रफल 101 बीघा था, बहुत कम दामों में बेच कर ''मनी लॉण्डरिंग'' का अपराध किया?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जुलाई। प्रवर्तन निदेशालय (एन्फोर्समैंट डॉयरेक्टोरेट-ईडी) ने शुक्रवार (19 जुलाई, 2025) को कहा कि उसने उत्तराखंड के कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, उनकी पत्नी तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला देहरादून में दो भूखंडों को, कथित रूप से, हड़पने से जुड़ा है, जिनकी बाजार कीमत 70 करोड़ रूपए से अधिक बताई जा रही है।

- ईडी के अनुसार, इन दो भूखंडों की कीमत बाज़ार में 70 करोड़ रूपए बताई गई है।
- हरक सिंह रावत उत्तराखंड में ''वन मंत्री'' थे तथा 2022 में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे।

केन्द्रीय जाँच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह अभियोजन शिकायत (प्रॉसिक्यूशन कम्प्लैंट) राज्य की राजधानी देहरादून की एक विशेष प्रिवेन्शन ऑफ मनीलॉन्डरिंग एक्ट (पीएमएलए) में दर्ज की गई है।

चार्जशीट में जिन आरोपियों के नाम हैं, उनमें हरक सिंह रावत, उनकी पत्नी दीप्ति रावत, उनके कथित सहयोगी बीरेन्द्र सिंह कंडारी, लक्ष्मी सिंह राणा और श्रीमती पूर्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट शामिल हैं।

हरक सिंह रावत (64) उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री हैं। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देकर कांग्रेस का दामन थामा था।

ईडी का यह पीएमएलए केस उत्तराखंड पुलिस की उस प्राथमिकी पर आधारित है, जो दीप्ति रावत और लक्ष्मी सिंह राणा के खिलाफ दर्ज की गई थी। उन पर आरोप है कि उन्होंने बीरेन्द्र सिंह कंडारी, हरक सिंह रावत, स्व. सुशीला रानी और कुछ अन्य लोगों द्वारा की गई एक ''साजिश'' के तहत, इस जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवाई थी।

ईडी ने कहा, ''माननीय न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद, सुशीला रानी ने अन्य लोगों के साथ साजिश रचकर, सहसपुर, देहरादून स्थित इन जमीनों की दो पावर ऑफ अटॉर्नी पंजीकृत करवाईं।'

''इन भूखंडों को पावर ऑफ अटॉर्नी धारक बीरेन्द्र सिंह कंडारी, जो हरक सिंह रावत के करीबी माने जाते हैं, ने दीप्ति रावत और लक्ष्मी सिंह राणा को उस क्षेत्र में प्रचलित सर्किल रेट से काफी कम कीमत पर बेचा।''

ईडी ने आगे बताया कि दीप्ति रावत द्वारा खरीदे गए ये भूखंड अब ''दून इंस्टीट्यूट ऑफ मैडिकल साइंसेज़'' का हिस्सा हैं, जिसे ''हरक सिंह रावत के परिवार और दोस्तों द्वारा ''नियंत्रित'' श्रीमती पूर्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'अडानी के विरोध के कारण बघेल को सजा'

नयी दिल्ली, 19 जुलाई। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के

- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि बघेल छत्तीसगढ़ के जंगल अडानी को देने का विरोध कर रहे हैं इसलिए उन पर यह कार्यवाही की गई है, पर हम डरने वाले नहीं हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं, इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है।

वाड्रा ने आज यहां कहा कि बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'उद्योग विभाग समन्वय कर एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट दे'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि राइज़िंग राजस्थान एमओयू की ग्राउन्ड ब्रेकिंग की समयबद्ध योजना बनाएं

जयपुर, 19 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की आर्थिक प्रगति को गति प्रदान करने में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने में समिट के निवेश प्रस्ताव उल्लेखनीय भूमिका निभाएंगे।

समिट के तहत हुए एमओयू के धरातल पर मूर्त रूप लेने से युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के

- मुख्यमंत्री ने इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ग्राउन्ड ब्रेकिंग लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा, उद्योग, खनन, यूडीएच, कृषि तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की सराहना की।

अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से एमओयू को धरातल पर मूर्त रूप देने के साथ ही, आगामी तिमाही के ग्राउंड ब्रेकिंग लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करें।

उन्होंने उद्योग विभाग को सभी विभागों से समन्वय कर एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति की मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में विभागों के ग्राउंड ब्रेकिंग लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए, ऊर्जा, उद्योग, खनन, यूडीएच, कृषि और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभागों के एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एविएशन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर मूर्त रूप लेने से प्रदेश में हवाई सेवाओं का विस्तार होगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

शर्मा ने समिट के तहत हुए निवेश एमओयू की श्रेणीवार समीक्षा भी की, तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी तिमाही में इनकी ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए सभी विभाग विशेष कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड पर कार्य करें।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि भूमि आवंटन की प्रक्रिया में और तेजी लाएं।*

# स्वर्ण मंदिर को आठवीं बार बम से उड़ाने की धमकी

अमृतसर, 19 जुलाई। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को शनिवार को स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला। चौदह जुलाई के बाद से यह ऐसी आठवीं ऐसी धमकी है।

ऐसी धमकियों के मद्देनजर, पवित्र सिख तीर्थस्थल स्वर्ण मंदिर के आसपास

- शनिवार को भी ईमेल भेजकर धमकी दी गई। इस मामले में गिरफ्तार शुभम दुबे से पूछताछ चल रही है।

सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी परिसर में गश्त कर रहे हैं।

अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज ने अब तक अपराधियों की पहचान करने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

CMYK

## विचार बिन्दु

आत्मविश्वास सफलता का मुख्य रहस्य है। –एमर्सन

# घास-भूमि पर आक्रामक प्रजातियों से उत्पन्न संकट व समाधान

अरावली पर्वतमाला उत्तर-पश्चिम भारत की प्रमुख पारिस्थितिक इकाई है। यह दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात तक लगभग 670 किलोमीटर में फैली हुई है। यह क्षेत्र मुख्यतः शुष्क से अर्द्ध-शुष्क जलवायु वाला है, जिसमें वार्षिक वर्षा औसतन 500-700 मिमी के बीच होती है। अरावली की घास-भूमियाँ पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी एवं जल संरक्षण तथा ग्रामीण समुदायों की आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये घास-भूमियाँथार रेगिस्तान के विस्तार को रोककर उत्तर भारत, विशेष रूप से दिल्ली-एनसीआर को मरुस्थलीकरण के खतरे से सुरक्षित रखती हैं। घासभूमियाँ पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का एक समृद्ध स्त्रोत हैं, जो जैवविविधता संरक्षण, जलसंरक्षण, जलवायु नियमन और मृदा उर्वरता जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य निभाती हैं। ये क्षेत्र अनेक वन्यजीवों, विशेषकर चरने वाले स्तनधारियों और परागणकर्ताओं का आवास हैं, जिससे खाद्यशृंखला और परागण-आधारित कृषि प्रणाली सुदृढ़ होती है। घासभूमियाँ वर्षा जल के संचयन और भूजल पुनर्भरण में सहायक होती हैं तथा भूमिकटाव को रोक कर मृदा की उत्पादकता बनाए रखती हैं। साथ ही, ये कार्बन को जैविक रूप में मृदा में संचित करके जलवायु परिवर्तन के शमन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन सेवाओं का आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिक महत्व अत्यंत व्यापक है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण, अनियंत्रित खनन, अत्यधिक चराई, अतिक्रमण और विदेशी आक्रामक पौधों के कारण अरावली की घासभूमियों का बहुत ह्रास हुआ है। राजस्थान में पत्थर के खनन से कई पहाड़ियाँ विलुप्त हो गई हैं, वहीं दिल्ली और हरियाणा के क्षेत्रों में शहरी विकास और अतिक्रमण से पहाड़ियों का अस्तित्व खतरे में है। इसके अतिरिक्त, विलायती कीकर या प्रोसोपिसजूलीफ्लोरा, लैंटाना, और पार्थेनियमया गाजरघास जैसी आक्रामक प्रजातियों ने घास के बीड़ों की स्थानीय वनस्पतियों को गंभीर नुकसान पहुँचाया है।

विदेशी प्रजाति प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा के आक्रमण से देश के विभिन्न क्षेत्रों में इन घासभूमियों की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यह पौधा मूलतः मध्य और दक्षिण अमेरिका का है, जिसे भारत में ब्रिटिश काल के दौरान मरुस्थलीकरण नियंत्रण और ईंधन की समस्या के समाधान हेतु लगाया गया था। बाद में यह प्रजाति तीव्रता से फैलती गई, और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्रों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। उदाहरण के लिए तमिलनाडु राज्य के पॉइंट कैलीमर वन्यजीव अभयारण्य, गिंडी राष्ट्रीय उद्यान और सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य में हुए अध्ययनों के अनुसार, प्रोसोपिस के विस्तार के कारण यहाँ पाए जाने वाले कृष्णमृग जैसे स्थानीय जीवों की आबादी और वितरण गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। घासभूमि की उपलब्धता, घास का उत्पादन और खुले पर्यावास क्षेत्र में कमी आने से कृष्णमृग का घनत्व घट गया है। प्रोसोपिस के बढ़ते आवरण के कारण घास के मैदानों में होने वाली जैविक गतिविधियाँ कम हुई हैं।

गुजरात राज्य के बन्नीघासभूमिकभी एशिया के सबसे विशाल प्राकृतिक चरागाह थे, परन्तु अब प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा के प्रसार ने स्थानीय पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित किया है। यहाँ की मूल घास प्रजातियाँ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। इस बदलाव का प्रभाव स्थानीय अर्थव्यवस्था और समाज पर भी पड़ा है। ग्रेट रण ऑफ कच्छ क्षेत्र और जंगली गधा वन्यजीव अभयारण्य में भी यही समस्या देखी गई है, जहाँ बीते दशकों में घासभूमि का लगभग 45 प्रतिशत क्षेत्र प्रोसोपिस से ढक गया है। प्रोसोपिस की वार्षिक प्रसार दर यहाँ 2 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक पाई गई है।

राजस्थान के थार मरुस्थल में भी प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा ने सामुदायिक चरागाहों पर आक्रमण किया है, जिससे स्थानीय वनस्पतियों की प्रजातियों में भारी गिरावट आई है। इस क्षेत्र में प्रोसोपिस के नियंत्रण के लिए लकड़ी से चारकोल बनाने, फलियों से आटा बनाने जैसे उपायों का उपयोग आर्थिक लाभ के साथ किया जाने के प्रयास हुए है, किन्तु स्थानीय समुदाय केवल ईंधन के लकड़ी के लिए शाखाएं काट कर ले जाते हैं और ठूंठ में पुनः प्रस्फुटन होते रहने के कारण प्रसार को नियंत्रित नहीं किया जा सका। छोटे स्तनधारियों जैसे कृन्तकों पर भी प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा के प्रभाव का अध्ययन पश्चिम भारत के घासभूमि पारिस्थितिकी में किया गया है। शोध में स्पष्ट हुआ कि प्रोसोपिस के घने आवरण वाले क्षेत्रों और पूर्णतः खुले घासभूमि क्षेत्रों में कृन्तकों की आबादी अधिक रही, जबकि आंशिक रूप से फैले प्रोसोपिस क्षेत्रों में उनकी संख्या कम थी। इससे यह संकेत मिलता है कि प्रोसोपिस के प्रभाव स्थान विशेष और प्रजाति विशेष पर निर्भर हैं।

यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर पक्षी अभयारण्य) भी प्रोसोपिस के आक्रमण से अत्यंत प्रभावित हुआ है। शोध में पाया गया है कि पिछले पाँच दशकों (1972-2024) के दौरान में यहाँ प्रोसोपिस का फैलाव लगभग 82 प्रतिशतबढ़ा है, जबकि स्थानीय घास भूमियाँ 51 प्रतिशत घट गई हैं। इस अवधि में प्रोसोपिस का वार्षिक प्रसार दर 3 प्रतिशत से अधिक आँकी गई है। हालाँकि वर्ष 2021 के बाद से प्रबंधन प्रयासों से इसके फैलाव में थोड़ी कमी आई है, लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

भारत के उष्ण कटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में घासभूमियाँ एवं वन पारिस्थितिक तंत्र लैंटाना है के कारण भी संकटग्रस्त हैं। लैंटाना मूल रूप से दक्षिण अमेरिका से आया एक सजावटी पौधा है, जो अब भारत के लगभग सभी उष्ण एवं उपोष्ण क्षेत्रों में तेजी से फैल चुका है। लैंटाना की झाड़ी न केवल स्थानीय जैवविविधता को नष्ट करती है, बल्कि वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवासों को भी हानि पहुँचाती है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष भी बढ़ रहा है। आंध्र प्रदेश की नल्लमल्लाय पर्वत श्रृंखला भी आक्रामक प्रजातियों से प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। यहाँ शोधार्थियों ने सात अत्यंत हानिकारक प्रजातियाँ चिन्हित की हैं जिनमें लैंटाना, गाजर घास या पार्थिनियम हिस्टेरोफोरस, चटक चाँदनी (हिप्तिससुआवेओलेंस, लाजवंती, क्लीओमविस्कोसा और विलायती बबूल शामिल हैं। ये स्थानीय वनस्पतियों के लिए अस्तित्व का खतरा बन चुकी हैं।

**हाल ही में भारत सरकार ने 'अरावली ग्रीन वॉल' परियोजना प्रारंभ की है, जिसका उद्देश्य गुजरात से दिल्ली तक लगभग 1400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी हरित पट्टी विकसित करना है। इस परियोजना में स्थानीय प्रजातियों का रोपण, जल संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और जैव विविधता संरक्षण मुख्य घटक हैं।**

लैंटाना नियंत्रण के लिए एक प्रभावी रणनीति विकसित की गई है, जो कॉर्बेट बाघ अभयारण्य, कलेसर राष्ट्रीय उद्यान, हरियाणा, सतपुड़ा बाघ अभयारण्य, मध्य प्रदेश, और राजस्थान के रणथम्भोर और सरिस्का बाघ अभयारण्यों में सफलतापूर्वक लागू की गई है। इस पद्धति में पहले लैंटाना को जड़ सहित उखाड़कर हटाया जाता है। जड़ों वाला हिस्सा ऊपर की ओर रखते हुए ढेर लगाया जाता है जो बाद में सड़कर मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाता है। बाद में अंकुरित होने वाली लैंटाना के नए पौधों को नियमित रूप से हटाया जाता है। खाली हुई भूमि का पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन स्थानीय घास प्रजातियों और फोर्ब्स के माध्यम से किया जाता है।

हाल ही में भारत सरकार ने 'अरावली ग्रीन वॉल' परियोजना प्रारंभ की है, जिसका उद्देश्य गुजरात से दिल्ली तक लगभग 1400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी हरित पट्टी विकसित करना है। इस परियोजना में स्थानीय प्रजातियों का रोपण, जल संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और जैव विविधता संरक्षण मुख्य घटक हैं। पुनर्स्थापन के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप स्वदेशी प्रजातियों का चयन आवश्यक है। चयनित प्रजातियाँ सूखा-सहनशील, तेजी से बढ़ने वाली, और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल होनी चाहिए। प्रमुख घास प्रजातियों में अंजन घास, पवना घास, धोलू घास, धामन घास शामिल हैं। ये प्रजातियाँ सूखा-सहिष्णु हैं, अच्छी चारा गुणवत्ता प्रदान करती हैं, और मिट्टी को स्थिर रखने में सहायक होती हैं। घासों के साथ-साथ स्थानीय शाकीय प्रजातियाँ जैसे इन्डिगोफेरा, सरफोंका, शंखपुष्पी आदि भी पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं। ये शाकीय पौधे भूमि का आवरण बनाते हैं, मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाते हैं, और परागणकर्ताओं के लिए आवास प्रदान करते हैं।

इन घासभूमियों का पुनर्स्थापन न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए आवश्यक है, अपितु यह ग्रामीण आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में भी सहायक सिद्ध हो सकता है।

इस पुनर्स्थापन प्रक्रिया का प्रथमचरण आक्रामक बाह्य वनस्पति प्रजातियों का प्रभावी नियंत्रण है। विलायती कीकर जैसी प्रजातियाँ भूमिगत जल, पोषक तत्त्वों एवं सूर्यप्रकाश का अत्यधिक दोहन कर देशज वनस्पतियों के विकास को अवरुद्ध करती हैं। इनका समूल उन्मूलन आवश्यक होता है। इसी प्रकार, लैंटाना तथा गाजर घास जैसी झाड़ियों का नियंत्रण निराई, छँटाई और दीर्घकालिक सतत निगरानी के माध्यम से किया जा सकता है। द्वितीय चरण में स्थल का समग्र मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें मृदा की बनावट, जलस्त्रोतों की उपलब्धता, स्थल की ढाल, तथा शेष बची देशज वनस्पतियों की स्थिति का सूक्ष्म अध्ययन किया जाता है। इसके पश्चात, जल-संरक्षण एवं मृदा-उन्नयन हेतु समोच्च रेखीय खाइयों, अवरोध बाँधों, पत्थर बाँधों तथा गोबर या हरी खाद जैसे जैविक उर्वरकों का उपयोग किया जाता है। तृतीय चरण में वर्षाऋतु के प्रारम्भ में स्थानीय देशज घासों -जैसे-सेनक्रस, डाईकैन्थियम, हेटेरोपोगोन आदि तथा शाकीय वनस्पतियों जैसे-स्टाइलोसेन्थेस, अलिसीकार्पस, नील आदि के बीजों का छिड़काव किया जाता है। पथरीले एवं दुर्गम क्षेत्रों में बीज-पिंड (सीड बॉल) जैसी नवाचार-आधारित विधियों का भी उपयोग किया जा सकता है।

बीजों के प्रसारण के उपरान्त प्रथम दो वर्षों तक इस नवस्थापित घासभूमि को चराई से पूर्णतः सुरक्षित रखना अनिवार्य होता है। इसके लिए अस्थायी बाड़, समुदाय-नियंत्रित चराई व्यवस्था, तथा पशुपालकों की सहभागिता से निगरानी की व्यवस्था की जाती है। पुनर्स्थापन की प्रगति की निरंतर निगरानी हेतु वार्षिक वनस्पति मूल्यांकन, चित्र विश्लेषण, तथा ग्राम आधारित विवरण प्रणाली को संस्थागत रूप देना चाहिए। जब घास एवं शाकीय वनस्पति स्थिर हो जाए, तब चरणबद्ध चराई एवं घास की कटाई की अनुमति दी जा सकती है, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बना रहे और समुदाय को सतत लाभ प्राप्त हो।

बीज एवं रोपण सामग्री की सुनिश्चितता हेतु राज्य वनविभाग की नर्सरियाँ, भारतीय घासभूमि एवं चारा अनुसंधान संस्थान (झाँसी), केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (जोधपुर), कृषि विश्वविद्यालयों एवं समुदाय आधारित बीज भंडारों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। स्थानीय समुदायों को प्रशिक्षित कर बीज संग्रहण, बीज प्रसंस्करण एवं नर्सरी संचालन की क्षमता विकसित की जा सकती है, जिससे दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता संभव हो सके।

नीतिगत दृष्टि से घासभूमि पुनर्स्थापन हेतु अंतराज्यीय समन्वय, स्पष्ट भू-अधिकार, स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता, एवं ग्रामीण आजीविका के सृजन हेतु योजनाबद्ध प्रयत्न अपेक्षित हैं। विशेष रूप से जलवायु संरक्षण से जुड़ी सेवाओं का आर्थिक मूल्य निर्धारण कर उसका प्रत्यक्ष लाभ समुदायों को प्रदान करना इस प्रक्रिया को स्थायित्व प्रदान करेगा। जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को घासभूमि के पर्यावरणीय एवं आर्थिक महत्व से परिचित कराना भी अत्यन्त आवश्यक है।

अन्ततः, अरावली सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में घासभूमि पुनर्स्थापन एक दीर्घकालिक, बहु-स्तरीय एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रक्रिया है, जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रशासनिक संकल्प और जन-सहभागिता का समन्वित प्रयास आवश्यक है। यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरणीय संतुलन और जलवायु अनुकूलन का माध्यम बनेगी, अपितु यह ग्राम्य जीवन, जल-स्त्रोतों, और जैवविविधता के लिए एक नवजीवन प्रदान करेगी-जिससे भावी पीढ़ियों के लिए एक संतुलित, हरित एवं टिकाऊ भारत की कल्पना साकार हो सकेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# छात्रों की बढ़ती फीस, पेंशन अनिश्चितता- विश्वविद्यालयों का यथार्थ



अशोक शर्मा

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा में नवाचार, विशेषकर डिजिटलीकरण और जैसी प्रौद्योगिकियों के एकीकरण पर बहुत जोर दिया गया है, और यह उम्मीद की गई थी कि इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें शिक्षण संस्थानों को बेहतर आर्थिक सहायता प्रदान करेंगी। हालांकि, जैसा कि आपने अनुभव किया है, जमीनी स्तर पर यह अपेक्षा पूरी तरह से पूरी होती नहीं दिख रही है। 2020 में शिक्षा में नवाचार के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण है, लेकिन इसे लागू करने के लिए आवश्यक वित्तीय प्रतिबद्धता, विशेषकर राज्य सरकारों की ओर से, अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जब तक केंद्र और राज्य सरकारें शिक्षा को एक महत्वपूर्ण निवेश के रूप में नहीं देखतीं और इसके लिए पर्याप्त बजट आवंटित नहीं करतीं, तब तक के नवाचार संबंधी लक्ष्यों को पूरी तरह से प्राप्त करना मुश्किल होगा।

राज्य सरकारें विश्वविद्यालयों को पर्याप्त आर्थिक सहायता नहीं दे रही हैं! एक ओर सरकार कहती है कि विश्वविद्यालय अपनी आय के स्त्रोत बढ़ाएँ: इसका मतलब है कि विश्वविद्यालय स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम, परामर्श सेवाएं, अनुसंधान परियोजनाएं, या अन्य माध्यमों से धन जुटाएं। सरकार चाहती है कि विश्वविद्यालय अपनी वित्तीय आत्मनिर्भरता बढ़ाएं और पूरी तरह से सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहें। विश्वविद्यालय एक तरफ तो आय बढ़ाने के लिए दबाव में हैं, और दूसरी तरफ, जब वे अपनी मेहनत से आय अर्जित करते हैं, कई राज्यों में सरकार इस आय का 25 प्रतिशत हिस्सा ले लेती है यह उनकी वित्तीय स्थिति को और कमजोर हैं!

उनके पास अपने विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने या छात्रों को सुविधाएं देने के लिए बहुत कम पैसा बचता है। इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता है।

अंततः, इस वित्तीय कमी का बोझ छात्रों पर ही पड़ता है। विश्वविद्यालय और कॉलेज अपनी आय की कमी को पूरा करने के लिए फीस बढ़ाते हैं, जिससे स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों की फीस और भी अधिक हो जाती है, जैसा कि हमने पहले चर्चा की। यह गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा को और भी दुर्गम बना देता है।

सरकार का उद्देश्य विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाना हो सकता है, लेकिन इस तरह से आय का एक हिस्सा वापस लेना इस लक्ष्य को कमजोर करता है। यह विश्वविद्यालयों को अपनी पूरी क्षमता से काम करने से रोकता है। सरकार को विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, लेकिन साथ ही उन्हें पर्याप्त वित्तीय स्वायत्तता भी देनी चाहिए ताकि वे अपनी आय का उपयोग शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के कल्याण के लिए कर सकें।

विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें बिना योजना के स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम चलाने पड़ रहे हैं। इसका सीधा असर छात्रों पर पड़ता है, खासकर गरीब छात्रों पर, क्योंकि उन्हें इन पाठ्यक्रमों के लिए उच्च शुल्क देना पड़ता है।

विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अपने खर्च चलाने के लिए छात्रों से ट्यूशन, परीक्षा और अन्य संबद्धता शुल्क के नाम पर ज़्यादा पैसे लेने पड़ते हैं।कॉलेजों को विश्वविद्यालयों से संबद्धता बनाए रखने के लिए भी ज़्यादा शुल्क देना पड़ता है, और वे इस लागत को भी छात्रों से वसूलते हैं। यह सब मिलकर गरीब और वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा को मुश्किल बना देता है। शिक्षा एक अधिकार है, लेकिन इन शुल्कों के कारण यह एक महंगी वस्तु बन गई है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का शोषण होता है। यह सिर्फ पैसों का मामला नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता का भी सवाल है। जब उच्च शिक्षा महंगी हो जाती है, तो यह समाज के एक बड़े वर्ग के लिए पहुंच से बाहर हो जाती है। इससे गरीब बच्चे अच्छी शिक्षा पाने से वंचित रह जाते हैं, जिससे गरीबी और असमानता का दुष्चक्र चलता रहता है।

इस समस्या को हल करने के लिए कई स्तरों पर काम करना होगा : सरकारी फंडिंग में वृद्धिः सबसे ज़रूरी है कि राज्य सरकारें विश्वविद्यालयों को पर्याप्त वित्तीय सहायता दें। शिक्षा को निवेश के तौर पर देखा जाना चाहिए, न कि सिर्फ खर्च के तौर पर। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अपने शुल्क ढांचे को पारदर्शी बनाना चाहिए और हर शुल्क के पीछे का कारण स्पष्ट करना चाहिए। नियामक निकायों को कॉलेजों द्वारा मनमाने ढंग से शुल्क वसूलने पर कड़ी नज़र रखनी चाहिए और उन्हें रोकना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता योजनाएं शुरू की जानी चाहिए।छात्र संघों, अभिभावक समूहों और नागरिक समाज संगठनों को मिलकर सरकार पर दबाव बनाना चाहिए ताकि शिक्षा के लिए सार्वजनिक फंडिंग बढ़ाई जाए और स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों को विनियमित किया जाए।

यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर ध्यान देने और ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि उच्च शिक्षा सभी के लिए सुलभ और सस्ती बन सके, न कि केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए।

राजस्थान के कई विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को पेंशन न मिलने या भविष्य में इसकी संभावना कम होने की समस्या गंभीर है, और इस पर राज्य सरकार की शांति या निष्क्रियता कई सवाल खड़े करती है। यह सिर्फ कर्मचारियों की वित्तीय सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा संस्थानों के भविष्य और उनमें काम करने वाले लोगों के मनोबल से भी जुड़ा है।

कई विश्वविद्यालय सीधे राज्य सरकार के तहत आते हैं। यदि सरकार विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को सीधे पेंशन देने की जिम्मेदारी नहीं लेती है या इसमें देरी करती है, तो यह विश्वविद्यालयों के लिए एक बड़ी समस्या बन जाती है, खासकर जब वे स्वयं भी वित्तीय संकट से जूझ रहे हों।

विश्वविद्यालयों की अपनी आय का उपयोगः जैसा कि हमने पहले चर्चा की, यदि विश्वविद्यालय अपनी आय का एक हिस्सा, 25 प्रतिशत सरकार को देते हैं, तो उनके पास कर्मचारियों को पेंशन देने या उनके भविष्य निधि में योगदान करने के लिए पर्याप्त धन नहीं बचता। राजस्थान के विश्वविद्यालय में लड़कियों और कुछ आरक्षित वर्ग के छात्रों से सामान्य छात्रों की तुलना में कम फीस ली जाती है, लेकिन सरकार द्वारा इस कम फीस का पूरी तरह से पुनर्भरण नहीं किया जाता, जबकि कई अन्य राज्यों में सभी छात्रों की फीस समान होती है और आरक्षित वर्ग के छात्रों को सीधे सरकार द्वारा पुनर्भरण मिल जाता है। यदि सरकार आय का 25 प्रतिशत न काटे और आरक्षित वर्ग की फीस का पुनर्भरण कर दे तब कर्मचरियों की पेंशन की समस्या का हल हो सकता है। पर्याप्त सरकारी सहायता के बिना डिजिटल नवाचारों में निवेश करते हैं, तो अंततः इसका बोझ छात्रों पर फीस वृद्धि के रूप में पड़ सकता है।

पेंशन न मिलना या अनिश्चितता कर्मचारियों के लिए कई तरह से हानिकारक है:सेवानिवृत्ति के बाद की आय की अनिश्चितता कर्मचारियों में भय और चिंता पैदा करती है, खासकर जब उन्हें अपनी बचत पर निर्भर रहना पड़े। जब कर्मचारी यह देखते हैं कि उनकी दशकों की सेवा के बाद उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिल रही है, तो उनका मनोबल गिरता है, जिससे उनके काम की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।योग्य और अनुभवी शिक्षक तथा कर्मचारी ऐसे संस्थानों की तलाश कर सकते हैं जहाँ बेहतर सेवानिवृत्ति लाभ और वित्तीय सुरक्षा हो, जिससे राज्य के विश्वविद्यालयों में प्रतिभा की कमी हो सकती है।

राज्य सरकार की ओर से इस मुद्दे पर शांति या निष्क्रियता कई बातें दर्शाती हैः हो सकता है कि सरकार के लिए कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा अन्य राजनीतिक या आर्थिक प्राथमिकताओं की तुलना में कम महत्वपूर्ण हो। सरकार स्वयं वित्तीय दबाव में हो सकती है और इस मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कोई समाधान न हो। सरकार इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट नीतिगत निर्णय नहीं ले पा रही हो, या वह विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही हो जिसमें समय लग रहा हो। कर्मचारियों के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे को हल करने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है, जिसकी कमी हो सकती है। यह स्थिति उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक बड़े संकट की ओर इशारा करती है। सरकार को जल्द से जल्द इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए और विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के पेंशन के लिए एक स्थायी और सम्मानजनक समाधान खोजना चाहिए ताकि उनके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# लाला काशीराम की पुण्यतिथि पर घीलोठ विद्यालय में शिक्षा का नया नवाचार

## बर्न मुक्त ग्राम अभियान के तहत जल जाने पर प्राथमिक उपचार का प्रमुख संदेश 'जल जाओ तो पानी डालो' प्रिंट किये बैग वितरित किये

**अलवर।** कर्मयोगी लाला काशीराम गुप्ता, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद, अलवर तथा विद्यालय के संस्थापक एवं दानदाता की 47वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घीलोठ, तहसील नीमराणा, कोटपूतली-बहरोड़ में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ स्व. लालाजी के परिवार द्वारा दान किए गए 50 पौधों के पौधारोपण से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लाला काशीराम किस्तूरी देवी गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से विद्यालय के 275 छात्रों को विशेष स्कूल बैग्स मुख्य अतिथि रेणु गुप्ता, अल्का गुप्ता, पुष्पा गुप्ता एवं ग्रामवासियों द्वारा वितरित किए गए। इन स्कूल बैग्स की विशेषता यह रही कि इन पर देश की जानी-मानी प्लास्टिक सर्जन डॉ मालती गुप्ता, पुत्री लाला काशी रामजी एवं किस्तूरी देवी द्वारा संचालित एवं निर्देशित बर्न मुक्त ग्राम अभियान के तहत जल जाने पर प्राथमिक उपचार का प्रमुख संदेश 'जल जाओ तो पानी डालो' प्रिंट करवाया गया है, ताकि प्रत्येक बालक इस संदेश को आत्मसात करे और इसे प्रत्येक घर परिवार तक पहुंचाए। इस विषय पर यह अनोखा नवाचार शिक्षा जगत में विश्व में पहली बार अपनाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य कालूराम सिरोहीवाल ने लाला काशीरामजी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बर्न मुक्त ग्राम अभियान के तहत जल जाने पर प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को अल्का गुप्ता ने भी संबोधित किया।



**कर्मयोगी लाला काशीराम गुप्ता, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद अलवर तथा दानदाता की 47वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।**

- **कार्यक्रम का प्रारंभ लालाजी के परिवार द्वारा दान किए गए 50 पौधों के पौधारोपण से किया गया**

इस अवसर पर परमानन्द यादव सरपंच ग्राम पंचायत घीलोठ, महताब सिंह चौहान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, राकेश चौहान एसडीएमसी सदस्य, रवीन्द्र खींची पंचायत समिति सदस्य, सतीश चौहान, भामाशाह जलवीर सिंह यादव, परस राम गुप्ता से.नि.अ, विजेंद्र, अनुबाला, अंजु, कविता, मधु, पूनम, नवल सिंह, जयसिंह, सत्यवीर सिंह, दिनेश, दीपक, मुंशीराम, विनोद, जोगेन्द्र, राजेंद्र मेहता, दीपक सोनी, कंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राशिफल रविवार 20 जुलाई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, कृत्तिका नक्षत्र रात्रि 10:33 तक, गंड योग रात्रि 9:8 तक, विष्टि करण दिन 12:13 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 6:12 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क चन्द्रमा-मेष, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज भद्रा दिन 12:13 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:30 से 9:11 तक, लाभ-अमृत 9:11 से 12:33 तक, शुभ 2:14 से 3:55 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:49, सूर्यास्त 7:17

### मेष



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृष




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मिथुन




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। धन हानि का भय है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### कर्क




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

### सिंह



अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यक्तिगत कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### कन्या




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

### तुला




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### वृश्चिक



परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### धनु




विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### मकर




महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आवश्यक और उचित परामर्श मिल सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

### कुंभ



घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### मीन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# अमेरिका से आए कोयले में नकली कोयला पाउडर डस्ट मिलाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## यूएसए से आयातित उच्च गुणवत्ता वाले कोयले में मिलावट कर रहा था

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के निर्देशन में इन दिनों कई बड़ी–बड़ी कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच राजस्थान ने अवैध गतिविधियों और संगठित अपराधों के खिलाफ अपनी मुहिम में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एम एन के नेतृत्व में एक ऐसे शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है जो यूएसए से आयातित उच्च गुणवत्ता वाले कोयले (पेटकॉक) में मिलावट कर रहा था। इस गोरखधंधे से सीमेंट और स्टील फैक्ट्रियों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा था।

एडीजी एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम को पिछले कुछ समय से यूएसए से आयातित उच्च गुणवत्ता वाले कोयले (पेटकॉक) की चोरी की सूचनाएं मिल रही थीं। मुखबिरों से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के कुछ कोयला माफियाओं ने पिण्डवाड़ा–आबूरोड नेशनल हाईवे 27 पर भुजेला स्थित तुलसी होटल के पीछे एक बंद पड़ी फैक्ट्री किराए पर ले रखी थी। ये शातिर



कोयले से भरे ट्रक को जब्त किया।

अपराधी ट्रक ड्राइवरों को मोटी रकम का लालच देकर उनके ट्रकों से 5 से 10 टन शुद्ध विदेशी कोयला निकलवा लेते थे और उसकी जगह उतनी ही मात्रा में नकली कोयला पाउडर डस्ट मिला देते थे। चोरी किए गए इस बेशकीमती कोयले को गिरोह द्वारा छोटी औद्योगिक इकाइयों को बेचकर लाखों रुपये की अवैध कमाई की जा रही थी।

पुलिस उप महानिरीक्षक अपराध योगेश यादव के समन्वय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन में हेड कांस्टेबल रमेश कुमार की सूचना पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक फूलचंद टेलर और पुलिस निरीक्षक रामसिंह ने किया। टीम ने थाना रोहिडा सिरोही को सूचित कर यह कार्रवाई कराई। पुलिस में भुजेला हाईवे स्थित तुलसी होटल के पीछे की फैक्ट्री परिसर में धावा बोला। मौके से पुलिस ने दो ट्रक, एक लोडर, एक डोजर मशीन और कोयले से भरे ट्रक की सील तोड़ने का सामान जब्त किया। इस कार्रवाई के दौरान इरफान (32) निवासी राधनपुर जिला पाटन गुजरात को गिरफ्तार किया गया।

- शातिर अपराधी ट्रक ड्राइवरों को मोटी रकम का लालच देकर उनके ट्रकों से 5 से 10 टन शुद्ध विदेशी कोयला निकलवा लेते थे

पूछताछ में आरोपी इरफान ने जो खुलासा किया, वह बेहद चौंकाने वाला था। उसने बताया कि वे ट्रक ड्राइवरों से 5–7 हजार रुपये प्रति टन के हिसाब से कोयला खरीदते थे और ट्रक में नकली डस्ट कोयला मिलाकर आगे भेज देते थे। इस तरह वे प्रतिदिन लगभग 15–20 टन कोयले की चोरी कर रहे था। जिससे उन्हें रोजाना लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये की मोटी कमाई हो रही थी। सफल कार्यवाही में शामिल प्रमुख टीम के सदस्यों में पुलिस उपाधीक्षक फूलचन्द टेलर, पुलिस निरीक्षक रामसिंह नाथावत, सहायक उपनिरीक्षक बनवारीलाल, दुष्यन्त सिंह, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, शाहीद अली, राकेश कुमार, रमेश कुमार, हेमन्त शर्मा, महावीर, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक राजेश कुमार, पुलिस निरीक्षक रेन्ज सैल उदयपुर हिमांशु सिंह, हेड कांस्टेबल दिनेश, कांस्टेबल हिम्मत सिंह, थानाधिकारी रोहिड़ा माया पण्डित, हेड कांस्टेबल देवाराम, कांस्टेबल शंकरलाल, रमेश कुमार और चालक कांस्टेबल मोरमुकुट शामिल थे। हेड कांस्टेबल रमेश कुमार की सूचना इस कार्रवाई में निर्णायक साबित हुई।

# 91 आई.पी.एस. अधिकारियों के तबादले, राहुल प्रकाश को आई.जी. जयपुर रेंज लगाया

## गौरव श्रीवास्तव उदयपुर आई.जी. बने

**जयपुर।** राज्य सरकार ने शनिवार देर शाम आदेश जारी कर भारतीय पुलिस सेवा के 91आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें कई जिलों के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और पुलिस अधीक्षक (एस.पी) बदले गए है।

राजेश मीणा का पदस्थापन महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेन्ज, जोधपुर में , हिंगलाजदान का महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग, जयपुर, रवि दत्त गौड़ का महानिरीक्षक पुलिस, पुलिस मुख्यालय, जयपुर, गौरव श्रीवास्तव का महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेन्ज, उदयपुर, ओम प्रकाश–। का पुलिस आयुक्त, जोधपुर, शरत कविराज का महानिरीक्षक पुलिस, एस.ओ.जी., जयपुर, विकास कुमार का महानिरीक्षक पुलिस, आतंकवाद निरोधक दस्ता (ए.टी.एस.), जयपुर, दीपक कुमार का महानिरीक्षक, गृह विभाग, राजस्थान, जयपुर, राजेन्द्र सिंह का महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज, अजमेर, अजय पाल लांबा का महानिरीक्षक पुलिस, एस.सी.आर.बी., जयपुर, अंशुमन भोमिया का महानिरीक्षक पुलिस, एस. एस. बी., जयपुर, राहुल प्रकाश का महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेन्ज, जयपुर, हेमन्त कुमार शर्मा का महानिरीक्षक पुलिस, बीकानेर रेन्ज, बीकानेर, कैलाश चन्द्र बिश्नोई का महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेन्ज, भरतपुर, रणधीर सिंह का महानिरीक्षक पुलिस, आर्ड बटालियन, जयपुर, डॉ. प्रीति चन्द्रा का उप महानिरीक्षक पुलिस, आर्ल्ड बटालियन–प्रथम जयपुर, हरेन्द्र कुमार महावर का उप महानिरीक्षक पुलिस, एस.एस.बी., जोधपुर, राहुल कोटोकी का उप महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर, ओम प्रकाश–।। का उप महानिरीक्षक पुलिस, आर्ड बटालियन, जयपुर, राजेन्द्र प्रसाद गोयल का उप महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज, कोटा, कालू राम रावत का उप महानिरीक्षक पुलिस, पुलिस हाऊसिंग, राजस्थान, जयपुर, श्वेता धनखड़ का उप महानिरीक्षक पुलिस, सिविल राइट्स, पुलिस मुख्यालय, जयपुर, अजय सिंह का उप महानिरीक्षक पुलिस, सुरक्षा, जयपुर, योगेश यादव का उप महानिरीक्षक पुलिस, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं आतंकवाद निरोधक दस्ता (ए.टी. एस.). जयपुर, कुंवर राष्ट्रदीप का उप महानिरीक्षक पुलिस स्टाफ ऑफिसर जयपुर, प्रदीप मोहन शर्मा का निदेशक, इन्टेलिजेन्स ट्रेनिंग एकेडमी, जयपुर, दीपक भार्गव का उप महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी (सी.बी.), पुलिस मुख्यालय जयपुर, मनीष अग्रवाल–।। का अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (1), पुलिस आयुक्तालय, जयपुर, विकास शर्मा का उप महानिरीक्षक पुलिस, साईबर क्राईम, राजस्थान, जयपुर, मनोज कुमार का उप महानिरीक्षक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड, पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर, आनन्द शर्मा का उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–।।, जयपुर, गौरव यादव का उप महानिरीक्षक पुलिस, मुख्यमंत्री सुरक्षा एवं मुख्यमंत्री सतर्कता, जयपुर, भुवन भूषण यादव का उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो. बीकानेर, प्रहलाद सिंह कृष्णिया, उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर, शरद चौधरी का उप महानिरीक्षक पुलिस, प्रशिक्षण, जयपुर, राजन दुष्यन्त का प्राचार्य, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र किशनगढ़, अजमेर, शंकर दत्त शर्मा का उप निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर, राम मूर्ति जोशी का उप महानिरीक्षक पुलिस, आतंकवाद निरोधक दस्ता (ए.टी.एस.), जयपुर, अरशद अली का उप महानिरीक्षक पुलिस, कम्यूनिटी पॉलिसिंग, राजस्थान, जयपुर,आलोक श्रीवास्तव का उप महानिरीक्षक पुलिस, कार्मिक, पुलिस मुख्यालय, जयपुर, राशी डोगरा डुडी का पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण, ममता गुप्ता का पुलिस अधीक्षक, राजसमन्द, पूजा अवाना का पुलिस अधीक्षक, पाली, अभिजीत सिंह का पुलिस उपायुक्त, क्राइम, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर,ओम प्रकाश मीना का पुलिस अधीक्षक, डीग, देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का पुलिस अधीक्षक, कोटपूतली – बहरोड़, विनीत कुमार बंसल का पुलिस उपायुक्त (पश्चिम), जोधपुर शहर, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर, श्याम सिंह का पुलिस अधीक्षक–प्रथम, सी.आई.डी. (सी.बी.), जयपुर, नारायण टोगस का पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण,तेजस्वनी गौतम का पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर, कोटा,चूनाराम जाट का कमाण्डेन्ट, 5 बटालियन, आर.ए.सी., जयपुर, मनीष त्रिपाठी का पुलिस अधीक्षक, चित्तौड़गढ़, सुधीर जोशी का पुलिस अधीक्षक, बांसवाड़ा, राज कुमार चौधरी का पुलिस अधीक्षक, ए.टी.एस., जयपुर, संजीव नैन का पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (पूर्व), पुलिस आयुक्तालय, जयपुर, अनिल कुमार का पुलिस अधीक्षक, सवाईमाधोपुर, मोनिका सेन का कमाण्डेन्ट, हाड़ी रानी बटालियन, अजमेर, ज्ञान चन्द्र यादव का पुलिस अधीक्षक, एस.ओ.जी., जयपुर, करण शर्मा का पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (उत्तर) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर,हनुमान प्रसाद मीणा का पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (पश्चिम) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर, राजेश कुमार कॉवट का पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), पुलिस आयुक्तालय, जयपुर, सुधीर चौधरी का पुलिस अधीक्षक, अलवर, मृदुल कछावा का पुलिस अधीक्षक, नागौर, लोकेश सोनवाल का पुलिस अधीक्षक, करौली,रतन सिंह का पुलिस अधीक्षक, व्यावर, डॉ. महावीर सिंह राणावत का पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर, सतवीर सिंह का पुलिस अधीक्षक, इन्टेलिजेन्स, पुलिस मुख्यालय, जयपुर, सतनाम सिंह का पुलिस अधीक्षक, जी.आर.पी., जोधपुर, हर्ष वर्धन अगरवाला का पुलिस अधीक्षक (पुलिस मुख्यालय), सिविल राईट्स, जयपुर, डॉ. अमृता दुहन का पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर राजेश कुमार मीणा का पुलिस अधीक्षक, टॉक, रिचा तोमर का पुलिस अधीक्षक, डीडवाना कुचामन, डॉ. प्यारे लाल शिवरान का पुलिस अधीक्षक, सिरोही, दिगंत आनंद का पुलिस अधीक्षक, भरतपुर, राजर्षि राज वर्मा का पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (दक्षिण), पुलिस आयुक्तालय, जयपुर, शैलेन्द्र सिंह इन्दोलिया का पुलिस अधीक्षक,जालौर, जयेष्ठा मैत्रयी का पुलिस अधीक्षक, सी.आई.डी., सी.बी.. जयपुर, विकास सांगवान का पुलिस अधीक्षक, धौलपुर, अमित कुमार का पुलिस अधीक्षक, झालावाड़, कुन्दन कंवरिया का पुलिस अधीक्षक, फलौदी,बृजेश ज्योति उपाध्याय का पुलिस अधीक्षक, झुन्झुनू, सुमित मेहरडा का पुलिस उपायुक्त (यातायात), पुलिस आयुक्तालय, जयपुर, प्रवीण नायक नूनावत का पुलिस अधीक्षक, सीकर,अमित जैन का पुलिस उपायुक्त (पूर्व), पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर,शाहीन सी. का पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं यातायात, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर, अभिषेक शिवहरे का पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर, रमेश का पुलिस अधीक्षक, बालोतरा,प्रशांत किरण का पुलिस अधीक्षक, भिवाडी, बी आदित्य का पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़, अभिषेक अंडासु का पुलिस अधीक्षक, बारां, मनीष कुमार का पदस्थापन पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर में हुआ हैं।

# मानव तस्करी पर दो दिवसीय मंथन में लिया अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई ने 18 और 19 जुलाई को राजस्थान पुलिस अकादमी में दो दिवसीय राज्य–स्तरीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य मानव तस्करी के सभी रूपों से निपटने के लिए एक मजबूत और समन्वित रणनीति तैयार करना था, जिसमें बंधुआ मजदूरी, यौन तस्करी, सीमा पार तस्करी और ऑनलाइन बाल यौन शोषण जैसे गंभीर मुद्दे शामिल थे।

समापन समारोह में बोलते हुए पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने मानव तस्करी की वैश्विक और स्थानीय चुनौती को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि तस्करी अपने सभी रूपों में एक गंभीर समस्या है, न केवल यहां, बल्कि पूरी दुनिया में। समस्या बहुत बड़ी है, लेकिन हमारी प्रतिक्रिया अभी भी कम पड़ रही है। हमें अपने प्रयासों में महत्वपूर्ण सुधार करने की आवश्यकता है।डीजीपी शर्मा ने बचाव अभियानों के बाद बच्चों के फिर से तस्करी की स्थितियों में लौटने पर चिंता व्यक्त की, जो पुलिस, अन्य सरकारी विभागों और नागरिक समाज संगठनों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को दर्शाता है। उन्होंने विशेष रूप से अंतरराज्यीय तस्करी से निपटने के लिए एक अंतरराज्यीय सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया।

डीजीपी शर्मा ने संगठित अपराधों, विशेषकर तस्करी के मामलों में गहन जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्या हम असली अपराधियों की पहचान कर रहे हैं, या सिर्फ बचाव के दौरान मौके पर पाए गए कुछ व्यक्तियों पर ही आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने मजबूत मामले बनाने और अदालतों में सफल अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच को आवश्यक बताया। पुलिस महानिदेशक मानव अधिकार और एएचटीयू मालिनी अग्रवाल ने बताया कि यह सम्मेलन गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप राजस्थान पुलिस की मानव अधिकार एवं मानव तस्करी विरोधी शाखा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी के उभरते रुझानों को समझना, जांच के तरीकों में सुधार करना, पीड़ितों की पहचान और बचाव, बचे हुए लोगों का प्रभावी पुनर्वास, और तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई लागू करना था। डीजीपी अग्रवाल ने मानव तस्करी को व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गंभीर, संगठित और संज्ञेय अपराध बताया।

# न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी, अफसरों की 25 को बैठक

**जयपुर।** कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश दूसरे दिन भी जारी रहा। जिसके चलते प्रदेश की अदालतों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। अदालतों ने मुकदमों में आगामी दिनों की तारीखें दी। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 जुलाई को बैठक बुलाई है। जिसमें हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ–साथ प्रमुख वित्त और प्रमुख विधि सचिव को बुलाया गया है।

प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रवक्ता योगेश महर्षि ने बताया कि शनिवार को कर्मचारियों ने कोर्ट परिसर में रैली निकालकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं सीजे सहित अन्य के नाम ज्ञापन दिया गया। दूसरी ओर कुछ कर्मचारी भूख हड़ताल में शामिल हुए।

# राजस्थान पुलिस कर्मियों के बच्चों को फीस में 50 प्रतिशत की छूट

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस, विभाग के समस्त कर्मचारियों के बच्चों को कक्षा 8वीं से 12वीं तक तथा 12वीं पास के विद्यार्थियों हेतु प्री–फाउंडेशन, ओलंपियाड, नीट, आईआईटी, जेईई, एसएससी एवं आरएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में क्लास 24 कोचिंग संस्थान 50 फीसदी की छूट देगा।पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कर्मियों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने में ये पहल काफी सहायक सिद्ध होगी। इससे न केवल पुलिस कर्मियों के बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मदद मिलेगी, बल्कि पुलिसकर्मी भी अपनी परिवारिक जिम्मेदारी अच्छे से वहन कर सकेंगे और इसका सकारात्मक प्रभाव पुलिस कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर भी पड़ेगा। जोसफ ने बताया कि पुलिस कार्मिकों की कार्यकुशलता बढ़ाने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए इस तरह की पहल होती रहें। समाज में अपराध मुक्त वातावरण के लिए पुलिस का सकारात्मक ऊर्जा से भरा होना जरूरी है।

# राजस्थान में साइबर अपराधों पर पुलिस का शिकंजा

## धोखाधड़ी की रकम में कमी आई

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियानों और व्यापक जन–जागरूकता कार्यक्रमों के कारण राज्य में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिल रहा है। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राजस्थान जयपुर के कार्यालय के अनुसार साइबर धोखाधड़ी से संबंधित धन राशि में उल्लेखनीय कमी आई है,जबकि होल्ड–रिफंड की राशि में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और व्हाट्सएप साइबर हेल्पलाइन नंबर 9256001930, 9257510100 की शुरुआत के साथ–साथ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जारी एडवाइजरी के चलते आमजन में साइबर जागरूकता बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि लोग या तो साइबर अपराधों का शिकार होने से बच पा रहे हैं या तुरंत रिपोर्टिंग के कारण त्वरित कार्रवाई संभव हो पा रही है।एसपी सिंह ने बताया कि इन आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 2024 और 2025 के पहले 6 महीनों की तुलना में साइबर अपराधों में शामिल कुल धनराशि में लगभग 26 करोड़ की कमी आई है। वहीं, बैंक/पेमेंट पोर्टल पर होल्ड/अकाउंट फ्रीज की गई राशि में लगभग 23 करोड़ की वृद्धि हुई है। यह दर्शाता है कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ठगी गई राशि को रोकने और वापस दिलाने में बड़ी सफलता मिल रही है।

- 6 महीनों की तुलना में साइबर अपराधों में शामिल कुल धनराशि में लगभग 26 करोड़ की कमी आई है

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर क्राइम घटना होने पर तुरंत इसकी सूचना दें। यह सफलता राजस्थान पुलिस की साइबर सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और प्रभावी कार्रवाई का परिणाम है।

# फिर आ रहा है फोटोग्राफी का महाकुंभ, 30 तक कर सकेंगे आवेदन

**जयपुर।** राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में एक बार फिर बहुप्रतीक्षित "फोटोग्राफी महाकुंभ" "नजर फोटो एग्जिबिशन" का आयोजन किया जा रहा है। जवाहर कला केन्द्र में एग्जिबिशन का चौथा सीज़न 24 से 26 अगस्त तक होगा। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन भारतवर्ष के फोटोग्राफी प्रेमियों और पेशेवरों के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह आयोजन अपनी विशालता और विविधता के लिए जाना जाता है, जिसमें 300 से अधिक प्रतिभागी और 600 से अधिक उत्कृष्ट तस्वीरें प्रदर्शित की जाती हैं। यह एकमात्र ऐसा फेस्टिवल है जहां प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर भारतवर्ष के फोटो पत्रकार, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, डॉक्टर, फोटोग्राफी के छात्र और पेशेवर फोटोग्राफर भी हिस्सा लेते हैं। यह राजस्थान की सबसे बड़ी एग्जिबिशन है।इसमें कई देशों और कई राज्यों के कलाकार अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवा चुके हैं। इस प्रदर्शनी में मोबाइल फोन से खींचे गए फोटो को भी प्रदर्शित किए जाते हैं।

# पौधारोपण कर स्वतंत्रता सेनानी को दी श्रद्धांजलि

- भाजपा नेता नारायण मीणा बोले- पेड़ लगाना समय की जरूरत

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा ने कहा है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना चाहिए, क्योंकि यही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। वे यह बात कस्तूरी देवी शैक्षिणक विकास एवं सामाजिक शोध संस्थान की ओर से स्वतंत्रता सेनानी मूलचंद चंदेल की स्मृति में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मीणा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के सच्चे सिपाही मूलचंद चंदेल ने देश की आज़ादी के लिए गुजरात में लगातार संघर्ष किया। उन्होंने अपने जीवन में देशहित को सर्वोपरि रखा और युवाओं को प्रेरणा दी कि वे भी देश और समाज के लिए योगदान दें। मीणा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में इस प्रकार के आयोजन करना हमारा कर्तव्य है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रचार प्रमुख और पूर्व पंचायत समिति सदस्य डॉ. धर्मवीर चंदेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

इस मौक़े पर उप प्रचार्य डॉ.शिवकुमार शर्मा,भारतीय किसान संघ के प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चन्देल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तहसील अध्यक्ष मूलचन्द् मीना, विकास कुमार जामडोली, भाजपा नेता किशन बेनीवाल आदि लोग मौजूद थे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सबने मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर वक्ताओं ने मूलचंद चंदेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी तरह निस्वार्थ सेवा ही देश की असली पूंजी है।

# सावन की रंगीन फिज़ाओं में लगा ग्लैमर का तड़का

**जयपुर।** सावन की फुहारों और मानसून की ठंडी फिज़ाओं के बीच होटल सफ़ारी ग्रुप के सहयोग से मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन की ओर से निर्माण नगर मानसरोवर स्थित होटल प्राइम सफारी में "इंडिया ग्लैम लहरिया उत्सव 2025" का आयोजन किया गया।

- इंडिया ग्लैम मॉडल्स ने फोटोशूट में लहरिया के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स की देखने को मिली झलक

इंडिया ग्लैम मॉडल्स ने मंदाकनी साडीज् एवं रेडियंस स्टुडियो वाय रितु अरोड़ा के स्पेशल आउटफ़िट लहरिया फैशन को सावन के रंग, लहरिया के अंदाज़ और ग्लैमर की बहार के साथ बड़ी ही खूबसूरती के साथ अपने ही अंदाज में पेश किया।

मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर की पारंपरिक लहरिया संस्कृति को आधुनिक फैशन के साथ जोड़कर नए अंदाज़ में प्रस्तुत करना था। सभी ने सावन में रंगों के संगम को सेलिब्रेट करते हुए फोटोशूट एक्टिविटी के साथ साथ भरपूर डांस और म्यूज़िक एवं मज़ेदार गेम्स का भी लुत्फ उठाया। बारिश की ठंडी फिज़ाओं और रंग–बिरंगे डिज़ाइनों के बीच मेहमानों ने सावन के इस जश्न को यादगार पलों में संजो लिया। इस दौरान मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम की विनर्स ओर अन्य सभी मॉडल्स ने भगवान शिव पार्वती और राधा कृष्ण के झूले पर झूलते हुए चित्र के समक्ष अपनी अपनी बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस से सावन के मदमस्त माहौल को ख़ुशनुमा बनाते हुए साकार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्रेडाई राजस्थान के नव निर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सिंह, समाजसेवी पवन गोयल, प्रमोद गोयल, जेडी माहेश्वरी, राजस्थान यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र यादव, नवीन मन्ड्डा , एसके ज्वेलर्स के चेयरमैन संजय जोशी, मंदाकनी साडीज् के डायरेक्टर किशन जोगानी प्रशांत पोद्दार, अजोर के डायरेक्टर समाजसेवी युवराज सिंह, जाट पोलो क्लब एवं जाट एवियंस के डायरेक्टर कुंवर विजय राज, बेराला ग्रुप के चेयरमैन भगवान निठारवाल, रेडियंस स्टूडियो की डायरेक्टर रितु अरोड़ा, विनिंग वेगा वेलनेस सेंटर की निदेशक शमिता शर्मा, इंडिया ग्लैम के मैनेजिंग डायरेक्टर श्याम लाल गुप्ता, सीईओ कीर्ति टांक एवं ज्योति टांक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



# पाली जिले में बरसात का दौर जारी, फैक्टरी की 40 वर्ष पुरानी दीवार गिरी

## दीवार गिरने से पास ही स्थित इच्छापूर्ति महादेव मंदिर को क्षति पहुंची, कोई हताहत नहीं हुआ





पाली जिले में बरसात का दौर जारी रहने से जवाई बांध का 27.75 गेज रहा। वहीं एक पुरानी फैक्टरी की दीवार अचानक ढह गई।

**पाली, (निसं)।** पाली शहर के मंडिया रोड स्थित कुमावत कॉलोनी में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे तेज बारिश के चलते एक पुरानी फैक्टरी की दीवार अचानक ढह गई। यह दीवार लगभग 40 वर्ष पुरानी बताई जा रही है। दीवार गिरने से पास ही स्थित इच्छापूर्ति महादेव मंदिर को क्षति पहुंची है। बारिश के कारण उस समय मंदिर में कोई पूजा-अर्चना नहीं हो रही थी, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी के किसी भी व्यक्ति को चोट या अन्य कोई नुकसान नहीं हुआ है। बिजली के खंभे के सहारे दीवार का एक हिस्सा अटका रहा, जिससे पूरी दीवार गिरने से बच गई।

जानकारी के अनुसार पाली जिले में बारिश का दौर जारी है। अभी पिछली बारिश का पानी नहीं उतरा। शनिवार

**■ पाली के जवाई बांध का गेज 27.75, हेमावास बांध का गेज 24 फीट पहुंचा**

सुबह दो बजे से दिन में बारह बजे तक लगातार बारिश का दौर चला, जिससे जिससे फिर कई कॉलोनियों में पानी घुस जाने से हालत खराब हो गए। पाली नगर निगम द्वारा कई कॉलोनियों में मंड पंप पानी निकालने के लिए लगाए गए थे, लेकिन आज की बारिश से फिर कई कॉलोनी में पानी भर गया।

शनिवार को तेज बारिश के बीच वीडी नगर, लोढ़ा स्कूल रोड, रामदेव रोड सिंधी कॉलोनी, पांच मौका पुलीया, नयागांव कॉलोनी, मांड्या रोड शहर के भीतरी क्षेत्र, बलिया स्कूल रोड, कई जगह दो-तीन फीट पानी भर गया, जिसे उतारने में तीन-चार घंटे लगे। बारिश बंद होने पर लोगों ने राह त की सांस ली। बारिश से पाली का हेमावास बांध 24 फीट पहुंच गयाा। जवाई बांध का 27.75 गेज रहा। जवाई बांध की भराव क्षमता 61.25 फीट है। वहीं देसूरी का सैनी नल बांध और फ्लो चल रहा है। पाली के निकट मान्यवास बांध दो दिन से ओवरफ्लो चल रहा है।

# पांचना बांध के चार गेट खोलकर पानी की निकासी



करौली जिले के सबसे बड़े पांचना बांध के चार गेट खोलकर 17496 क्यूसेक पानी निकाला गया।

**करौली, (निसं)।** करौली जिले में शुक्रवार को हुई तेज बारिश का प्रभाव शनिवार को भी देखा गया। क्षेत्र के कालीसिल बांध पर 3.50 फीट, नींदर बांध पर डेढ़ फीट और मामचारी बांध पर एक फीट की जल चादर बह रही है। जिले के सबसे बड़े पांचना बांध से दो गेट खोलकर 450 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही थी। आधी रात को पांचना बांध का एक साथ जलस्तर बढ़ने पर चार गेट खोलकर 17496 क्यूसेक पानी निकाला गया। बाद में पानी की आवक कम होने पर निकासी घटाई गई।

**■ कालीसिल बांध पर 3.50 फीट, नींदर बांध पर डेढ़ फीट और मामचारी बांध पर एक फीट की जल चादर चली**

जानकारी के अनुसार मंडरायल के निकट नींदर बांध से निकला पानी करौली-मंडरायल मार्ग पर झारीला गांव के पास बह रहा है। इससे यह मार्ग बंद हो गया। प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सड़क के दोनों ओर पुलिसकर्मी तैनात किए और लोगों को सावधानी बरतने और नदी में न उतरने की हिदायत दी। इधर करौली शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। होली खिड़किया मार्ग पर राधेश्याम फार्म हाउस के सामने और कलेक्ट्रेट मार्ग पर गौशाला के पास सड़क पर पानी बहता रहा इससे स्कूली बच्चों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पडा तो वही पांचना बांध से गंभीर नदी मे छोडा गया पानी कटकड पुलिया पर आने से हिंडौन, गंगापुर मार्ग प्रभावित हुआ गंभीर नदी का पानी लपावली पुलिया के ऊपर जाने से वह रास्ता भी बंद हो गया है। लोग वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर रहे हैं।

# खारी नदी में पानी की आवक से लोगों में खुशी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेड़ा क्षेत्र में खारी नदी में पानी की आवक से ज्ञानगढ़ चितांबा के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। झूमते-नाचते हुए लोगों ने खारी नदी का स्वागत किया। प्रदेश में अच्छी बारिश के बाद सूखी पड़ी फ़ाकोलिया के पास खारी नदी में पानी की आवक होने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। लगातार दूसरे साल खारी नदी में पानी की आवक से उत्साहित लोगों ने झूमते-नाचते खारी नदी का स्वागत किया। वहीं, लोगों ने

**■ नदी में पानी की आवक से किसानों में भी खुशी की लहर**



लोगों ने खारी नदी को चुनरी ओढ़ाकर गीत गए और स्वागत किया।

खारी नदी को चुनरी ओढ़ाकर मंगल गीत गए। खारी नदी में पानी की आवक के बाद स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से इसका स्वागत किया। सूखी पड़ी नदी में पानी आते ही स्थानीय महिलाओं और पुरुषों ने नाचते-गाते हुए खुशी का इजहार किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और चुनरी ओढ़ाकर नदी का स्वागत किया।

ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते हुए नजर आए, जिससे पूरे इलाके में उत्सव का माहौल बन गया। खारी नदी में पानी की आवक से किसानों में भी खुशी की लहर है। किसानों का कहना है कि नदी में पानी आने से आसपास के जल स्तर में वृद्धि होगी, जिससे कुओं में सिंचाई के लिए एक-दो साल तक पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा। इससे उनकी खेतीबाड़ी में सुधार होगा। यह नदी आसींद के खारी बांध में जाती है। इस मौके पर भानुप्रताप सिंह, राजू तेली ज्ञानगढ़, अजयसिंह, ताराचंद मांगी लाल सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बरसात से दो परिवारों के मकान धराशाई



मकान गिरने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**शाहपुरा, (निसं)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरणिया घोड़ा के गांव साकलिया में लगातार हो रही वर्षा से भील जाति के दो परिवारों के मकान धराशाई हो गए। ग्राम पंचायत अरणिया घोड़ा सरपंच प्रहलाद देवी दयाशंकर गुर्जर ने बताया कि भंवर पुत्र हिंदू भील व राजू पुत्र भंवर भील के मकान धराशाई हुए हैं। मकान गिरने से प्रिंस, उदी, मनोज भील के चोटें आने से सैटेलाइट हॉस्पिटल ले गए, जहां उपचार चल रहा है। सरपंच पति दयाशंकर गुर्जर ने बताया कि दोनों भील परिवारों के रहने के लिए कोई मकान भी नहीं है। शाहपुरा प्रशासन एवं विकास अधिकारी मौका देखकर दोनों भील परिवारों की रहने की व पीने की व्यवस्था करें। दोनों भील परिवार गरीब है।

**■ दोनों भील परिवारों के पास अन्य मकान भी नहीं है**

# दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा मामले में सुनवाई टली

**अजमेर, (कासं)।** ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन शिव मंदिर होने के दावे और पूजा को लेकर प्रकरण में शनिवार को सुनवाई टल गई। प्रकरण में अब कोर्ट में अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। सुनवाई को देखते हुए कोर्ट परिसर में सिविल लाइन थाना पुलिस के साथ ही अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा।

एडवोकेट योगेंद्र ओझा ने बताया कि हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली निवासी विष्णु गुप्ता ने ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह परिसर में संकट मोचन शिव मंदिर दावे को लेकर शनिवार को सुनवाई होनी थी। न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर होने और न्यायिक कर्मचारियों की सामूहिक अवकाश के के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। प्रकरण में अब सुनवाई आगामी 30 अगस्त को होगी। पूर्व में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दरगाह कमेटी और अल्पसंख्यक विभाग की ओर से पेश किए गए हैं। उन पर बहस होगी।

**■ प्रकरण में अब कोर्ट में अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी**

जानकारी के अनुसार याचिका को अजमेर सिविल कोर्ट ने 27 नवंबर 2024 को स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद दरगाह कमेटी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और एएसआई को नोटिस जारी किए गए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने अजमेर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कोर्ट परिसर के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है और पुलिस पूरे शहर में सतर्कता बरत रही है।

हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली निवासी विष्णु गुप्ता ने ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह परिसर में संकट मोचन शिव मंदिर की पूजा अर्चना करने में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं डाले जाने के संबंध में दरगाह कमेटी एवं केंद्रीय पुरातत्व मंत्रालय के विरुद्ध वाद पेश किया था। गुप्ता के वाद पर दरगाह कमेटी एवं केंद्रीय मंत्रालय के वकीलों ने अलग अलग प्रार्थना पत्र कोर्ट में पेश कर बताया था कि वादी ने प्रकरण प्रस्तुत करने से पहले की विधि प्रक्रिया नहीं अपनाई है। दूसरी ओर विष्णु गुप्ता का तर्क है कि यह अधिनियम दरगाह पर लागू नहीं होता, क्योंकि यह पूजा स्थल नहीं, बल्कि एक मजार है।

**दरगाह से जुड़े संगठनों ने जताया विरोध :-** मुस्लिम समुदाय और दरगाह से जुड़े संगठनों अंजुमन सैयद जादगान ने विष्णु गुप्ता के दरगाह में मंदिर होने के दावे का कड़ा विरोध किया है। इसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करार दिया है। दरगाह के खादिमों और समिति ने कोर्ट में दलील दी है कि 1991 का पूजा स्थल अधिनियम इस मामले में लागू होता है, जो 15 अगस्त 1947 के बाद किसी धार्मिक स्थल के स्वरूप में बदलाव पर रोक लगाता है।

# बरसात से पावटा तहसील परिसर में पानी भरा

**पावटा, (निसं)।** लगातार झमाझम बरसात से पावटा तहसील परिसर में पानी भर गया, जिसकी वजह से अधिवक्ताओं सहित तहसील में आने वाले वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश का आलम यह है कि पावटा तहसील परिसर में पानी भरा है और अधिकारी व फरियादियों को दफ्तर जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पावटा तहसील परिसर में भारी जल जमाव से परेशानी बढ़ गयी है। तहसील कार्यालय परिसर का पानी तो धीरे-धीरे कम हो गया लेकिन अधिवक्ता भवन के समीप एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों के आने-जाने वाले आवासीय रास्तों पर गंदा पानी जमा हो गया। गन्दे पानी से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। अधिवक्ताओ ने बताया कि पावटा तहसील परिसर की जलनिकासी की व्यवस्था सही नहीं है। सड़क का पानी बरसात में तहसील परिसर में आ जाने से भारी जल जमाव एवं गंदगी जमा हो जाती है।

# अधिशेष हुए शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू

**बीकानेर, (निसं)।** महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों से अधिशेष हुए शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पदस्थापन आदेश 22 जुलाई को जारी किए जाएंगे। हालांकि समायोजन के बाद शिक्षकों को आपत्ति होने पर उनकी परिवेदना का निस्तारण कमेटी करेगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने जिला स्तर और मंडल स्तर पर चार सदस्य कमेटी का गठन किया है। संबंधित कार्मिक को अपनी परिवेना 28 जुलाई तक ऑनलाइन अधिकृत ईमेल पर भेजनी होगी। हालांकि परिवेदना में संबंधित शिक्षक को इस बात का स्पष्ट उल्लेख करना होगा कि उसके समायोजन में 16 जुलाई के आदेश के किस बिंदु का उल्लंघन किया गया है। जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तथा मंडल स्तर पर संयुक्त निदेशक स्कूली शिक्षा विभाग संबंधित संभाग की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है।

शिक्षक नेता महेंद्र पांडे ने बताया कि अधिकांश शिक्षकों को डीईओ और जेडी कार्यालय की अधिकृत ईमेल आईडी की जानकारी नहीं है। ऐसे में अधिकारियों को अधिकृत ईमेल आईडी की जानकारी देनी चाहिए। जानकारी के अनुसार बीकानेर जिले में 150 अधिशेष शिक्षकों का अन्य स्कूलों में पदस्थापन किया जाएगा।

# तीन लाख रुपये की स्मैक व नगदी जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** करौली में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 13.95 ग्राम स्मैक और स्मैक बिक्री से कमाए 41 हजार 800 रुपए बरामद किए हैं। जब्त की गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 लाख रुपए से अधिक है।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा स्मैक आउट के चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया है कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने माथुर स्टेडियम के पीछे चैधरी की बगीची में गश्त के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी की पहचान इन्द्रा कॉलोनी करौली निवासी कुमेर माली 44 के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कस्बा करौली और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्मैक का परिवहन और बिक्री करता था। पुलिस अन्य तस्करों और नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करौली में नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी अध्यात्म गौतम की टीम और डीएसटी की टीम शामिल थी।

# श्रीगंगानगर में फिरौती और फायरिंग की साजिश नाकाम, चार बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तुर्की मेड छह जिगाना पिस्टल व 14 कारतूस बरामद किए

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सदर पुलिस और डीएसटी की टीम ने चार बदमाशों को पकड़ा है। चारों बदमाश अपने आकाओं की फोन कॉल में इंतजार में थे। इन सभी बदमाशों ने फायरिंग और अन्य किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था, लेकिन पुलिस के मुखबिर तंत्र की वजह से वारदात करने से पहले ही चारों बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस फिलहाल चारों बदमाशों से पूछताछ में जुटी हुई हैं। चारों बदमाशों के पास विदेशी प्रतिबंधित पिस्टल भी बरामद हुई है, जो विदेश में बैठे गैंगस्टर से आना सामने आया है।

जानकारी के अनुसार कारोबारी से फिरौती वसूली के लिए रैकी करने और फायरिंग करने को पीजी में छिपे चार युवकों को पकड़ा है। चारों चक पांच ई छोटी नाईयावाली के एक पीजी में शरण लिए हुए थे। पुलिस द्वारा शुक्रवार देर शाम को इनको पकड़ने को पीजी की घेराबंदी की गई। चारों बदमाशों ने पुलिस से घिरते देख पुलिस से बचने के लिए पीजी की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इससे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पकड़े गए युवाओं की पहचान रावला के चक 9 पीएसडी-बी निवासी दिलप्रीत सिंह (23) उर्फ डीके पुत्र राजदीप सिंह रायसिख, रावला के चक 7 केएनडी शिवाजी स्कूल के निकट निवासी अनिल लेघा (30) पुत्र कृष्णलाल बिश्नोई, चक 8 पीएसडी-बी निवासी विष्णु कुमार (25) उर्फ निंजा मेघवाल पुत्र महेंद्र कुमार तथा चक 4 केएलडी निवासी हीरालाल (23) उर्फ हीरा मेघवाल पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से तुर्की निर्मित मॉडर्न जिगाना पिस्टल व 14 कारतूस बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार अनुसार बीज कंपनी के मालिक की रैकी की गई। इस संबंध में बीज कम्पनी मालिक की ओर से सदर पुलिस को शिकायत दी गई। तब सदर एसएचओ सुभाषचंद्र और डीएसटी प्रथम प्रभारी रामविलास बिश्नोई,

**■ चारों बदमाशों ने पुलिस से घिरते देख पुलिस से बचने के लिए पीजी की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी**

एएसआई सुरेंद्र ज्याणी ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज जुटाए। इसमें बाइक सवार दो युवक दुकान के बाहर घूमते और फोटो लेते, वीडियो बनाते के फुटेज मिल गए। इन फुटेज में दिखाई दे रहे संदिग्धों के रूट का सीसीटीवी फुटेज देखते-देखते पीछा किया। तब वृद्ध आश्रम रोड के पास जाकर आरोपियों के फुटेज गायब हो गए। इससे आरोपियों का इसी एरिया में छिपे होने को लेकर पुलिस का संदेह गहरा गया।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि सदर थाने से कॉन्स्टेबल कैलाश जाखड़, राधेश्याम, रघुवीर, मोहम्मद सलीम व डीएसटी से अभीब खान, अश्वनी, प्रमोद कुमार को सादा वर्दी में इसी एरिया में तैनात किया गया। इस टीम ने तीन दिन तक एरिया में डिलीवरी बॉय और सब्जी फेरी लगाने वाले बनकर रैकी की। तब जाकर चक 5 ई छोटी नाइयांवाली का आनंद बॉयज पीजी में संदिग्धों के छिपे होने के इनपुट मिले। एसपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों को उनके सरगना का आदेश था कि टारगेट पर फायरिंग की जाए। पुलिस के पास आरोपियों के शहर में छिपे होने का पक्का इनपुट था। पुलिस लगातार तीन दिन से नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस कारण आरोपियों को फायरिंग करने का मौका नहीं मिला। सदर एसएचओ सुभाषचंद्र, एसआई सुनील कुमार और एएसआई सतवीर राठौड़ ने डीएसटी टीम के साथ मिलकर आरोपियों को पकड़ा है। जिगाना पिस्टल को तुर्की में बनाया जाता है। इनकी कीमत 4 से 7 लाख रुपए के बीच पड़ती है। ज्यादातर जिगाना पिस्टल को बॉर्डर पार से तस्करी करके लाई जाती हैं। बीते 2 माह में श्रीगंगानगर में 6 जिगाना पिस्टल जब्त हो चुकी है। पुलिस का मानना है कि ये पिस्टल विदेश में बैठे गैंगस्टर और उनके साथियों द्वारा चारों बदमाशों को उपलब्ध करवाई गई थी। इन्होंने इसी पिस्टल और कारतूसों से वारदात को अंजाम देकर फरार होना था।

बताया गया है कि 14 फरवरी 2022 इसी ग्रुप ने एक अस्पताल में फायरिंग की। फिरौती की मांग दोहराई। सचिन थापन को पंजाब पुलिस अजरबेजान से लेकर आई थी। जवाहर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ की। 13 सितंबर 2024 को किन्नू कारोबारी के घर पर फायरिंग की गई। रोहित गोदारा गैंग ने जिम्मेदारी ली। रोहित गोदारा को छोड़कर कई गिरफ्तारियां हुई। 25 मई 2025 को चौक पर प्रोपर्टी कारोबारी के घर फायरिंग हुई। अनमोल बिश्नोई ने फायरिंग करवाई। मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पिछले माह भी फायरिंग का प्रयास किया जाना सामने आया था।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** किशोरी का अपहरण कर ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला मटीली राठान थाने में 17 जून को दर्ज हुआ था। एसएचओ सुभाष बिश्नोई ने बताया कि आरोपी रवि बावरी पुत्र मोतीराम को गिरफ्तार किया है। पीड़ित 16 वर्षीय किशोरी के पिता की ओर से अज्ञात पर किशोरी का अपहरण करके ले जाने के आरोप लगाए गए थे। पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर किशोरी को बरामद किया। किशोरी ने पुलिस तथा मजिस्ट्रेट बयानों में आरोपी पर दुष्कर्म के आरोप लगाए। पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। रिपोर्ट मिलने पर आरोप प्रमाणित पाए गए। इस पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भिजवा दिया गया है।

किशोरी ने बयानों में बताया कि वह पिछले सीजन में अपने परिवार के साथ बागों में किन्नू की तुड़वाई करने जाती थी। वहीं पर आरोपी भी मजदूरी करने आता था। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती कर ली और फिर मोबाइल फोन पर बात करने लगा। आरोपी शादी का झांसा देकर पीड़िता को 16 जून की रात को अपहरण करके ले गया था। अब इस अपहरण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड-II बीकानेर**

क्रमांक-436 **ई-बोली सूचना संख्या-02/2025-2026** दिनांक-11.07.2025

Bid for Annual Rate Contract For Road Maintenance Work Under PWD Sub Dn Sridungargarh Sec-I and Sec-II Lunkaranar Sec-I to IV are invited from interested bidders from 14.07.2025 to 28.07.2025 6.00 PM. and to be opened 29.07.2025 02.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD Department website. The approximate value of the procurement is Rs. 292.76 Lac UBN is: PWD2526WSRC06846, UBN is: PWD2526WSRC06847, UBN is: PWD2526WSRC06848, UBN is: PWD2526WSRC06849, UBN is: PWD2526WSRC06850, UBN is: PWD2526WSRC06852

(महेन्द्रपाल सिंह चालिया)
अधिशाषी अभियन्ता,
सानिवि जिला खंड-II, बीकानेर

DIPR/C/9894/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECTRICAL DIVISION BARAN**

S.No. 312 Date: 10.07.2025

**Notice Inviting Bid (NIT NO. 07/2025-26)**

Bids for 01 Electrical work at Baran are invited from interested bidders up to 06.00PM of 23.07.2025 (Wedenesday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs. 105.24 Lac

1. PWD2526WSOB06728

(Rachit Sharma)
Executive Engineer
PWD Elect. DN Baran

DIPR/C/9850/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांक-अअ/सांचोर/2024-25/1138 दिनांक-09.07.2025

**निविदा सूचना संख्या- 07/2025-26**

**NIB NO. PWD2526A1843**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर CD Work हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 48.00 लाख है।

निविदा आवेदन | 14 जुलाई 2025, 9.30 बजे से 24 जुलाई 2025, सायं 6.00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

UBN NO.
1. UBNPWD2526WSOB06589, 2. UBNPWD2526WSOB06590

(प्रदीप पंवार)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/9766/2025

## सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राजस्थान प्रदेश प्रभारी सुभाष चंद्र यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश (ओपी) राजभर से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाक़ात राजस्थान में होने वाले नगर निकाय चुनावों और संगठन विस्तार को लेकर अहम मानी जा रही है।

प्रभारी सुभाष चंद्र यादव ने इस अवसर पर चुनावी रणनीति, संभावित उम्मीदवारों के चयन, संगठन के विस्तार और आगामी गठबंधनों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने राजस्थान में पार्टी के कार्य को मजबूत करने की दिशा में हो रहे प्रयासों की जानकारी दी।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश राठौड़ की संगठन के प्रति निष्ठा और मेहनत की भी विशेष रूप से सराहना की गई। प्रभारी यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया कि राठौड़ पार्टी के विस्तार और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से जुड़ने के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

इस शिष्टाचार भेंट में यह स्पष्ट किया गया कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी राजस्थान में आगामी नगर निकाय चुनावों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। चुनावी तैयारी को लेकर रणनीतिक स्तर पर विशेष चर्चा की गई।

# जालूपुरा पुलिस ने एटीएम कार्ड व अवैध सिम का पार्सल जब्त किया

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर जयपुर के जालूपुरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक कोरियर पार्सल जब्त किया है, जिसमें बड़ी संख्या में अवैध मोबाइल सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और बैंक पासबुक जैसी संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। यह पार्सल महाराष्ट्र भेजा जा रहा था और माना जा रहा है कि इसका इस्तेमाल अपराधिक गतिविधियों में किया जाना था।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ) दिनेश एमएन के निर्देशन और उप पुलिस महानिरीक्षक योगेश यादव व सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत ने किया।

एडीजी एमएन ने बताया कि एजीटीएफ से मिली विशेष सूचना के आधार पर जालूपुरा थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि पोलोविक्ट्री स्थित जैन पार्श्वनाथ ट्रेवल्स से एक संदिग्ध पार्सल नागपुर भेजा जा रहा है। जिसमें अवैध सिम और एटीएम कार्ड हो सकते हैं।



**पुलिस ने कोरियर पार्सल में अवैध मोबाइल सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और बैंक पासबुक जब्त किए।**

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत ट्रेवल्स पर दबिश दी। ट्रेवल्स कर्मचारी बलवंत सिंह बैढ़ा ने बताया कि पार्सल ''विजय सण्डे नागपुर'' के नाम से बुक किया गया था और बस खराब होने के कारण अभी वहीं रखा है। भेजने वाले ने इसे मकान की रजिस्ट्री के कागजात बताया था।

- **मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस जुटी जांच मेंमहाराष्ट्र में सप्लाई होना था पार्सल**

स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में जब पार्सल खोला गया तो पुलिस टीम हैरान रह गई। पार्सल के अंदर एक कैरी बैग में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की तीन असली सेविंग बैंक पासबुक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के तीन रुपये डेबिट कार्ड और इंडियन ओवरसीज बैंक के छह क्लासिक डेबिट प्रीपेड कार्ड रूपये मिले।

इसके अलावा चार मोबाइल सिम के खाली रैपर कार्ड और विभिन्न बैंकों की निर्देशिका पुस्तिका वाले लिफाफे भी जब्त किए गए। पुलिस को संदेह है कि गरीब और सीधे-सादे लोगों के नाम पर फर्जी बैंक खाते, सिम डेबिट कार्ड जारी कराये गये है।

जिनका इस्तेमाल अपराधिक गतिविधियों और साइबर ठगी में किया जा रहा था। यह एक बड़े क्राइम सिंडिकेट का हिस्सा हो सकता है।

इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने सभी जब्त दस्तावेजों और ट्रेवल्स की मूल बिल्टी को जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है।

इस रैकेट के पीछे कौन है और यह कितने बड़े पैमाने पर फैला हुआ है, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस अब इस रैकेट के मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल और मोबाइल नंबरों के आधार पर गहन जांच में जुटी है।

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा (जिनकी सूचना पर यह कार्रवाई की गई), उपनिरीक्षक प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, महावीर, देवेंद्र, कांस्टेबल गंगाराम, गोपाल धाबाई, विजय सिंह और जितेंद्र कुमार के साथ थाना जालूपुरा की उपनिरीक्षक माया मीणा और उनकी टीम का भी विशेष योगदान रहा।

## नीट पीजी डेंटल सीट विवाद मामले में एमबीसी अभ्यर्थी को राहत

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट पीजी-2025 की डेंटल सीट विवाद मामले में एमबीसी अभ्यर्थी को राहत देकर उसके अधिकार संरक्षित रखने के लिए कहा है। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख चिकित्सा शिक्षा सचिव, चेयरमैन नीट पीजी बोर्ड सहित एक अन्य से 21 जुलाई तक जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सियाराम गुर्जर की याचिका पर दिया।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि 2 जुलाई की नोटिफिकेशन के अनुसार, राज्य के सरकारी डेंटल कॉलेजों में 14 सीटें हैं। इनमें से तीन सीट ओबीसी व एक सीट एमबीसी वर्ग के लिए है, लेकिन 11 जुलाई को जारी पहली काउंसलिंग में चार सीटें ओबीसी वर्ग को दे दी गई, एमबीसी वर्ग को कोई सीट नहीं दी। याचिकाकर्ता की एमबीसी वर्ग में दूसरी रैंक थी।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने चेयरमैन नीट पीजी बोर्ड सहित एक अन्य से 21 जुलाई तक जवाब देने के लिए कहा है**

उसे पता चला कि पहले रैंक वाले रमेश कुमार ने पहली काउंसलिंग में पंजीकरण नहीं कराया है और वह ऑल इंडिया कोटे में सीट ले चुका है। ऐसे में एमबीसी वर्ग में याचिकाकर्ता की पहली रैंक होती है। इसके बावजूद 16 जुलाई को हुई दूसरे राउंड की काउंसलिंग में भी एमबीसी वर्ग में कोई सीट नहीं दिखाई। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि 11 जुलाई को जारी की गई अस्थाई सूची में संशोधन कर दूसरी काउंसलिंग में एमबीसी वर्ग को सीट दी जाए।

जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के हित संरक्षित रखते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## मोबाइल लूटकर भागे बदमाशों की फायरिंग में एक युवक को लगी गोली

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि को मोबाइल लूटकर भागे बदमाशों की फायरिंग में एक युवक को गोली लग गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया। वही पुलिस ने वारदात स्थल पर मिली कार को जब्त कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि फायरिंग में बजाज नगर के बरकत नगर निवासी फिरोज के पेट में गोली लगी है। वह टोंक पुलिया स्थित गट्टे वाले बाबा की दरगाह के पास प्रसाद की दुकान लगाता है। गौरतलब है कि शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर एक युवती खड़ी थी। कार में आए चार बदमाशों ने युवती से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात की। मोबाइल छीनकर भागने पर युवती ने अपने साथी के साथ कार सवार बदमाशों का पीछा किया।गांधी नगर रेलवे स्टेशन से स्विफ्ट कार में बैठ चारों बदमाश भागते हुए टोंक पुलिया के नीचे वाली रोड पर जा पहुंचे।

# जिला कलक्टर ने की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**जयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सर्वप्रथम स्कूल हैल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत 10-19 वर्ष आयुवर्ग के विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक व शैक्षिणक उन्नयन पर आधारित है। कार्यक्रम तृतीय चरण में जयपुर जिले को शामिल किया है। यह कार्यक्रम चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त समन्वय से संचालित किया जाएगा। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

- **जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन**

नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने आगामी 14 अगस्त तक आयोजित होने वाले विशेष टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आगामी 24 जुलाई, गुरुवार को जिले में टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। इस हेतु आगामी 22 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय जन-जागरूकता रैली आयोजित करने के निर्देश दिए।

इसके बाद टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत चर्चा हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने अभियान में उत्तरोत्तर प्रगति किए जाने के निर्देश दिए। गैर संचारी रोग कार्यक्रम पर चर्चा के दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए।

वय- वंदन योजना की प्रगति में असंतोष जाहिर करते हुए अध्यक्ष महोदय ने योजना में लाभार्थियों का अधिकाधिक पंजीकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में आभा आईडी, मौसमी बीमारियाँ, एमएनडीवाई / एमएनजेवाई, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, यूडीआईडी कार्ड प्रगति, एएनसी रजिस्ट्रेशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. रवि शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. मनीष मित्तल सहित ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएचसी व पीएचसी अधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एस.डी.आर.एफ. का दावा: बारिश में फंसे 176 नागरिकों को बचाया

**जयपुर।** मूसलाधार बारिश ने जहाँ अजमेर शहर को पानी-पानी कर दिया, वहीं राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) ने देवदूत बनकर 176 नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाकर एक मिसाल कायम की। यह बचाव अभियान एसडीआरएफ के जवानों की अदम्य भावना और त्वरित कार्रवाई का प्रमाण है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि 18 जुलाई की शाम अजमेर पुलिस नियंत्रण कक्ष से एसडीआरएफ नियंत्रण कक्ष जयपुर को भारी बारिश के कारण शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नागरिकों के फंसे होने की सूचना मिली।

इस पर उनके निर्देश पर, एसडीआरएफ ई कंपनी अजमेर की रेस्क्यू टीम ई-01 और ई-02 हेड कांस्टेबल बग्गी मीणा और बजरंग लाल के नेतृत्व में बिना किसी देरी के घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं। रात 8 बजे तक 19 जवानों की टीम आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुँच गई। टीम कमांडरों ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और बताया कि भारी बरसात के कारण शहर के सभी तालाब और झीलें ओवरफ्लो हो गई हैं। सुभाष नगर कॉलोनी, सागर विहार, वन विहार कॉलोनी, ईदगाह कॉलोनी, वैशाली नगर, आम तालाब, गुलाब बाड़ी जैसे इलाकों में 03 से 04 फीट पानी भर गया था, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक फंसे हुए थे।

रात भर चला अथक अभियान:

टीम कमांडरों के निर्देशों पर जवानों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। शिवराज, रामचरण, कैलाश, राजूराम, रतन सिंह, गोवर्धन, पवन कुमार, चम्पा, हनुमानराम, रामनिवास, धर्मेन्द्र, रामदेव, हंसराज, सुखराम, सुनिता, रामलाल और अर्जुन राम जैसे जांबाज जवानों ने बिना रुके, बिना थके 18 जुलाई की रात से लेकर 19 जुलाई की शाम तक अजमेर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में फंसे कुल 176 नागरिकों को सकुशल बचाया।

आदर्श नगर थाने के अंतर्गत सुभाष नगर कॉलोनी से एक महिला और एक पुरुष को, क्रिश्चियनगंज थाने के अंतर्गत वैशाली नगर से 17 नागरिकों जिसमे 07 पुरुष, 08 महिला और 02 बच्चे शामिल है, को बचाया गया।

अलवर गेट थाने के अंतर्गत आम का तालाब और गुलाब बाड़ी से कुल 38 नागरिकों जिनमे 06 पुरुष, 21 महिला और 11 बच्चे, जबकि क्रिश्चियनगंज थाने के अंतर्गत सागर विहार, वन विहार और ईदगाह कॉलोनी से कुल 119 नागरिकों जिनमे 36 पुरुष, 66 महिला और 17 बच्चे थे, को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने के प्रकरण में एक युवक गिरफ्तार

**जयपुर।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के प्रकरण में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। सीआई दिलीपसिंह ने बताया कि दो जुलाई को रतनगढ़ तहसील के एक गांव के रहने वाले 38 वर्षीय व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि एक जुलाई की सुबह उसकी दो नाबालिग बेटियां घर पर थी। एक बेटी पड़ोस में छाछ लेने के लिए गई थी तथा दूसरी बेटी घर पर थी। इसी दौरान तारानगर के ब्रह्मनगर निवासी 30 वर्षीय राजकुमार उर्फ राजू सांसी एवं खंडवा निवासी रोहित उसके घर पर आए तथा 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गए। इस दौरान उसकी पुत्री घर पर रखे एक लाख 60 हजार रुपए नकद, करीब 45 हजार रुपए के चांदी के तथा डेढ़ लाख रुपए के सोने के आभूषण भी अपने साथ ले गई।

## माहेश्वरी समाज के 27 जुलाई को होने वाले चुनाव को चुनौती, कोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर।** महानगर प्रथम के अपर सिविल न्यायालय ने माहेश्वरी समाज के 27 जुलाई को होने वाले चुनाव को लेकर अध्यक्ष, कार्यवाहक महामंत्री बृजमोहन बाहेती और चुनाव अधिकारी से 21 जुलाई तक जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि क्यों ना अस्थाई निषेधाज्ञा जारी कर इस चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी जाए। अदालत ने यह आदेश कार्यकारिणी के मौजूदा सदस्य आलोक झंवर के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर दिया। प्रार्थना पत्र में कहा कि 27 जुलाई को माहेश्वरी समाज, जयपुर के त्रिवार्षिक चुनाव 2025-28 हो रहे हैं। यह चुनाव पूर्व विधान के अनुसार नहीं हो रहे और 23 फरवरी 2020 के संशोधित विधान के अनुसार हो रहे हैं। पूर्व विधान में सदस्यों की संख्या 72 थी जिसे अब बढा दिया है। ऐसे में यह चुनाव संविधान के विपरीत और अवैध तौर पर हो रहे हैं। उसने चुनाव से पहले 22 अप्रेल 2025 को समाज के अध्यक्ष को अभ्यावेदन देकर इस संबंध में आपत्ति जताई थी, लेकिन उसके बावजूद भी उसके अभ्यावेदन को तय नहीं किया गया है। इसलिए 27 जुलाई को नए विधान के अनुसार होने वाले चुनाव और इसकी चुनाव प्रक्रिया को अस्थाई निषेधाज्ञा जारी कर स्थगित किया जाए। वहीं वादी को जोन-4 से चुनाव लडने की मंजूरी दी जाए। इसके अलावा मुख्य चुनाव अधिकारी को पाबंद किया जाए कि वह चुनाव का परिणाम घोषित नहीं करें। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने संबंधित पदाधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# भोलेनाथ का सहस्त्रघटाभिषेक, गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने की भावभरी प्रार्थना की

**जयपुर।** आदिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ की आराधना के पवित्र सावन माह में छोटीकाशी के शिवालयों में रुद्राभिषेक और सहस्त्रघटाभिषेक के आयोजनों की धूम है। एक ओर जहां लोग अपनी व्यक्तिगत और पारिवारिक मनोकामना पूर्ति के लिए अनुष्ठान कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर संपूर्ण मानवता और विश्व शांति के लिए भी भोलेनाथ से अरदास की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला के ग्वालेश्वर महादेव मंदिर में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए जताया आभार जताने, गाय को राज्य माता का दर्जा देने और राजस्थान को जैविक राज्य घोषित करने की प्रार्थना के साथ भगवान शिव का सहस्त्र घटाभिषेक किया गया। पांच विद्वानों द्वारा किए जा रहे सस्वर मंत्रोच्चार के साथ डॉ. अतुल-मोनिका गुप्ता एवं अन्य ने प्रारंभ में प्रथम पूज्य गणपति,



**भगवान शिव का सहस्त्र घटाभिषेक किया।**

मां गौरी, नवग्रह, सोडश मातृका, वास्तु देवता का विधिवत पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, बूरा, विजया से अभिषेक कर सहस्त्रधारा की। बड़ी संख्या में देसी नस्ल की गायों की उपस्थिति में हुए आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगों ने भागीदारी की। पिंजरापोल गौशाला में संचालित वेद विद्यालय के वेदपाठी बटुकों ने सस्वर मंत्रोच्चार कर प्रतिभा का परिचय दिया। अभिषेक के बाद भगवान की फूलों से सुंदर झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। गौऋषि संत प्रकाश दास जी महाराज ने देश भक्ति और गौ भक्ति से जुड़े गीतों की कर्णप्रिय प्रस्तुतियां देकर माहौल का और भी सरस बना दिया।

- **पिंजरापोल गौशाला के ग्वालेश्वर महादेव मंदिर में हुआ पंचामृत-पंचगव्य से अभिषेक**

संध्या वेला में सैंकड़ों दीपकों से महाआरती के बाद प्रसादी हुई। कार्यक्रम के दौरान जैविक जड़ी-बूटियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। गौ सेवा में विशेष योगदान देने वाले गौ सेवकों का सम्मान किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में गाय को राज्य माता का दर्जा देने, देश भर में बूचडख़ानों पर रोक लगाने और राजस्थान को जैविक प्रदेश घोषित करने की मांग का पूरजोर समर्थन दिया।

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल-मोनिका गुप्ता की अगुवाई में जैविक किसानों ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को केन्द्र सरकार की मंजूरी मिलने पर सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गुप्ता ने कहा कि यह योजना खेती और पशुपालन दोनों को नई दिशा देगी। गौशालाओं के माध्यम से प्राकृतिक खाद, जैविक खेती और देशी नस्लों के संरक्षण को भी बल मिलेगा।

## प्रमुख शिक्षा सचिव व निदेशक माध्यमिक शिक्षा को अवमानना नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश का पालन नहीं करने से जुडे मामले में प्रमुख शिक्षा सचिव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा और संयुक्त निदेशक ट्रेनिंग सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश देवेन्द्र कुमार की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता करौली जिले के राजकीय सीनियर स्कूल, सूरौठ में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। उसने विभाग की अनुमति लेकर प्री-बीएड परीक्षा दी, लेकिन उसे कोर्स करने के लिए स्टडी लीव का लाभ नहीं दिया। वहीं बाद में हाईकोर्ट ने विभाग को उसे बीएड कोर्स करने के लिए स्टडी लीव देने के लिए दो सप्ताह में निर्णय करने का निर्देश दिया।

## सार-समाचार

### गुरु हरक्रिशन साहिब जी का प्रकाश पुरब सेवा दिवस के रूप में मनाया



**जयपुर।** सिक्खों के 8वें गुरु, गुरु हरक्रिशन साहिब जी का प्रकाश पुरब शनिवार को सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क के सदस्यों द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सोसायटी के सदस्य सरदार जगमोहन सिंह आनंद और सूर्य उदय सिंह के सहयोग से चांदपोल मोक्ष धाम में पौधारोपण व पानी की टंकी लगवाई गई। इसके अतिरिक्त, सोसायटी द्वारा गुरूद्वारा झालाना डूंगरी में सहाय हास्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 150 लोगों ने जांच करवाई। सोसायटी की प्रेसिडेंट, पिंकी सिंह ने बताया कि सोसायटी की ओर से जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क नजर के चश्मे वितरित किए गए व ऑपरेशन का खर्च भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि गुरू हरक्रिशन जी का जन्म सन् 1656 ई. में कीरतपुर साहिब में हुआ। उन्हें बाल गुरू कहा गया, क्योंकि उनके पिता हरि राय जी ने ज्योति-जोत समाते समय मात्र पांच वर्ष की आयु में गुरू हरक्रिशन जी को गुरू गद्दी दी थी। कम उम्र में ही गुरूजी के अंदर दीन दु:खियों व बीमारों के प्रति अपार संवेदना थी। दिल्ली में जब चेचक की महामारी फैली तो वह बीमारों की सेवा में लग गए और उसी बीमारी से ग्रस्त होकर आठ वर्ष की आयु में ही ज्योति जोत समा गए।

### बर्थ डे पार्टी के बहाने से होटल में बुलाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में एक शातिर युवक ने अपनी गर्ल फ्रेंड को बर्थ डे पार्टी मनाना का झांसा देकर होटल में बुलाया और नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता का वीड़ियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी उसकी आबरु लूटता रहा। रोज -रोज की धमकी से परेशान होकर पीड़िता थाने पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी राजेश मीना ने बताया कि चांदपोल की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके दोस्तों ने कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपी से करवाई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर मिलना-जुलना शुरू कर दिया। आरोप है कि मार्च 2025 में खुद का बर्थ-डे की पार्टी राजा पार्क स्थित होटल में रखना बताकर बुलाया। होटल में बर्थडे पार्टी में शामिल होने जाने पर आरोपी ने कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो मोबाइल में बना ली। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर आरोपी ने उसके साथ देहशोषण किया। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने रेप और आईटी एक्ट के मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### स्केच देख रोमांचित हुए स्कूली बच्चे, भाटिया के प्रयास को बताया प्रेरक

**जयपुर।** 77 वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया रचनात्मकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। भाटिया की ओर से जवाहर कला केन्द्र में आयोजित तीन दिवसीय स्केच प्रदर्शनी में शनिवार को जयपेरीवाल स्कूल के 60 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। यहां 100 से अधिक स्कैच प्रदर्शित किए गए हैं जिन्होंने बच्चों को काफी प्रभावित किया। भगवान गणेश, राधा-कृष्ण व श्रीनाथजी, ह्यूमन मूड, पुरातात्विक स्मारक, विश्व की मशहूर हस्तियों के जीवंत स्केच देख सभी रोमांचित हो उठे। भाटिया के प्रयास को बच्चों ने प्रेरक बताया और उनके आर्ट वर्क की काफी सराहना की। गौरतलब है कि पेशे से इंजीनियर और वर्तमान में बतौर सर्वेअर लॉस असेसर काम कर रहे प्रताप कुमार भाटिया ने कोरोना काल में बिना किसी ट्रेनिंग के स्केच बनाना शुरू किया। इस प्रदर्शनी में उनका दूसरा संग्रह प्रदर्शित किया गया है। रविवार को प्रदर्शनी का आखिरी दिन है।

### कौस्तुभ एम.कुंज का शास्त्रीय गायन आज

**जयपुर।** ऑल इंडिया सर्विस पेंशनर एसोसिएशन की ओर से जवाहर कला केंद्र और भारतीय स्टेट बैंक की सहभागिता में रविवार, 20 जुलाई को एक विशेष शास्त्रीय एवं सुगम संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह मनमोहक संगीत कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से रंगायन सभागार में शुरू होगा, जिसमें प्रख्यात गायक कलाकार कौस्तुभ एम. कुंज अपनी मधुर गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कौस्तुभ ने शास्त्रीय गायन और तबला वादन में विशारद की डिग्री हासिल की है। वे पं.आनंद वैद्य, मशहूर गायक सुरेश वाड़ेकर और भजन सम्राट अनूप जलोटा से गायन की शिक्षा हासिल कर रहे हैं। शास्त्रीय गायन की अद्वितीय प्रतिभा कौस्तुभ को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की ओर से पिछले 8 साल से स्कॉलरशिप प्रदान की जाती रही है। इस अवसर पर संगत कलाकार के रूप में तबले पर प्रशांत, हारमोनियम पर हार्दिक, वायलिन पर राजीव अग्रवाल और संतूर पर अनवर हुसैन अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### पिस्टल और कारतूस लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार लेकर घूमते बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पिस्टल व कारतूस को जब्त कर लिए हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके में प्रतिष्ठा अपार्टमेंट के पास ब्रेजा कार सवार संदिग्ध किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है, जिसके पास अवैध हथियार हो सकता है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित अभिषेक चौधरी (23) निवासी मालाखेड़ा जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए है। पुलिस आरोपी ने अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### दुपहिया वाहन चुराने वाला चोर गिरफ्तार



**जयपुर।** माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। जयपुर उत्तर की पुलिस उपायुक्त राशि डोगरा डूडी ने माणक चौक थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर चोर मोहम्मद इरफान उर्फ पप्पू निवासी नाहरगढ़ जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित नशे का आदी है और चोरी के वाहनों के पाट्र्स खोलकर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेच देता है।



## National Moon Day

Every once in a while, the human race achieves something truly remarkable, and National Moon Day celebrates the occasion when we first left footsteps upon our nearest neighbour. It's probably best to gloss quietly over how long it is since the last visitors landed there, but that's no reason to skimp on the celebrations. After all, there'll never be a better excuse to launch firework rockets over your neighbourhood and dress up in a tin foil suit with a fishbowl on your head. Alternatively, you might prefer to drag a telescope out into the garden, or maybe, sit in a circle howling like wolves as the moon rises.

#CULTURE

# Who Are the Kurds?

The Kurds trace their origins to ancient Indo-European tribes, who settled in the region, thousands of years ago.





The Kurds are an ethnic group native to a mountainous region known as Kurdistan, which spans parts of southeastern Turkey, northern Syria, northern Iraq, and western Iran. With an estimated population of 25 to 35 million people, they are one of the largest ethnic groups in the Middle East without a sovereign state of their own. The Kurdish people have a distinct language, culture, and history that have shaped their identity over millennia.

### Origins and History

The Kurds trace their origins to ancient Indo-European tribes, who settled in the region, thousands of years ago. Throughout history, they have lived under the rule of various empires, including the Persian, Ottoman, and Arab Caliphates, often maintaining a degree of autonomy due to the difficult terrain of their homeland. Despite these influences, the Kurds have preserved their own language, customs, and social structures. The modern Kurdish identity began to solidify in the 19th and 20th centuries, particularly as the Ottoman Empire declined and new nation-states emerged in the Middle East. After World War I, the Treaty of Sèvres (1920) proposed an independent Kurdistan, but this was never realized. Instead, Kurdish populations found themselves divided among Turkey, Iraq, Iran, and Syria, where they often faced political marginalization and repression.

### Language and Culture

The Kurdish language belongs to the Iranian branch of the Indo-European language family. It has several dialects, with Kurmanji and Sorani being the most widely spoken. Kurdish culture is rich and diverse, featuring traditional music, dance, clothing, and storytelling. Festivals like Newroz, the Kurdish New Year celebrated around March 21, are significant cultural events symbolizing renewal and resistance.

Kurdish society traditionally values tribal and clan structures, with strong family ties and community cohesion. Hospitality and honour hold important places in Kurdish social customs.

### Political Struggles and Aspirations

Throughout the 20th and 21st centuries, the Kurds have pursued greater autonomy and rights within the countries they inhabit. In Iraq, the Kurds established the autonomous Kurdistan Regional Government (KRG) after the Gulf War in 1991, gaining significant self-governance. Kurdish forces played a crucial role in combating ISIS in Iraq and Syria, earning international recognition.


However, Kurdish populations in Turkey, Iran, and Syria continue to face various levels of cultural suppression, political restrictions, and military conflict. Kurdish political movements vary widely, from peaceful advocacy for cultural rights to armed struggle.

### The Kurdish Diaspora

Due to conflicts and persecution, millions of Kurds have migrated worldwide, forming diasporas in Europe, North America, and beyond. These communities work to preserve Kurdish culture and advocate for Kurdish rights on the global stage. The Kurds are a resilient and vibrant ethnic group with a rich cultural heritage and a long history marked by both struggle and survival. Their ongoing quest for recognition and autonomy remains a central issue in Middle Eastern politics today.



The candidates' position on architecture, not their tastes, really, so much as their opinion on whether design mandates should flow from the White House, will guide decisions about billions of dollars in spending. Trump posted on *Truth Social* in December, for example, that he opposes the effort to move the Federal Bureau of Investigation from its Brutalist headquarters in downtown Washington, DC, to Greenbelt, Maryland. This particular relocation plan has drawn opposition from Republicans and even some Democrats for reasons that have little to do with design. But Trump has posted specifically that he wants to keep the agency in Washington, in a 'new and spectacular building.'







# Donald Trump Wants A Bit Of History For America

● Kshema Jatuhkarna

Days after his second presidential inauguration, Donald Trump issued an order that mandated all new federal public buildings be built in the neoclassical style. The President argues that Neoclassical architecture, with its roots in ancient Greek and Roman styles, is inherently beautiful and embodies democratic ideals. The push for Neoclassical design is seen as a continuation of the Trump administration's broader effort to promote traditional American values and aesthetics.

This meant that new government buildings, whatever their function or location, should have classical Greek and Roman styling, symmetry, proportion and architectural elements.

In a memorandum issued on January 20, 2025, titled 'Promoting Beautiful Federal Civic Architecture,' the POTUS specified 'that Federal public buildings should be visually identifiable as civic buildings and respect regional, traditional and classical architectural heritage in order to uplift and beautify public spaces and ennoble the United States and our system of self-government.'

This is not the first time Trump has expressed his disaffection with contemporary expressions of architecture. Late in his first term, he was even more trenchant.


In an 'Executive Order on Promoting Beautiful Federal Civic Architecture,' (issued on December 21, 2020) the US president specified that 'classical architecture shall be the preferred and default architecture for federal public buildings, absent exceptional factors necessitating another kind of architecture.'

The order even foregrounded brutalist or deconstructivist architecture as one that 'subverts the traditional values of architecture.' Within three months of being issued, it was revoked by incoming president Joe Biden. Soon after taking office, President Joe Biden also purged Trumps' appointees from the US Commission of Fine Arts. Gone, too, was Trump's proposal for a park of classical statues, the National Garden of American Heroes. Yet, a handful of federal buildings were commissioned during this brief window when the General Services Administration required architects to submit traditional designs, including a by-the-book neoclassical federal courthouse opening in October in Huntsville, Alabama, and a federal courthouse to be built in Fort Lauderdale, Florida.



The western front of the United States Capitol, a neoclassical structure.

#CITYSCAPES



The Marriner S. Eccles Federal Reserve Board Building, designed by Paul Cret in 1937 in Washington, DC, is a modern version of a classical building.

> Back in 2023, Nevada Representative, Dina Titus, who is the ranking member on the House subcommittee that handles public buildings, introduced the Democracy in Design Act to prevent future design mandates. Titus introduced another bill, HR 6317, to require the GSA to seek public comment before issuing any orders on design.

This time, the new order is likely to be implemented, however, considering that Trump is in full throttle as POTUS for the second time. "We will get rid of bad and ugly buildings and return to the magnificent classical style of Western civilization," Trump told the Conservative Political Action Conference in 2023.

This is no longer exclusively Trump's fixation, either. Indiana Rep. Jim Banks introduced legislation to require traditional federal architecture in 2023, surfacing the cause in Congress. A companion bill in the Senate was sponsored by none other than Ohio Senator and vice presidential nominee JD Vance, who has registered his admiration for beautiful public buildings over the years.

One can imagine a plethora of new civic buildings in Washington DC and other state capitals, all displaying giant orders (columns extending beyond two storeys), grand stairways, pediments and neorealist sculptures or murals on their façades. Current star architects such as Frank Gehry, Norman Foster, Bjarke Ingels or even the late Zaha Hadid, lauded all over the world, shall presumably become persona non grata. Very likely, a bunch of new, state-approved architects shall fill the vacuum, with the American equivalent of our public works department carrying out orders from above.

Vance is a true champion of neoclassical design, according to Justin Shubow, president of the nonprofit National Civic Art Society and CFA chair under Trump.

"Like Daniel Patrick Moynihan before him, JD Vance is a public intellectual," says Shubow, referring to the senator who wrote the guiding principles for federal architecture in 1962. "It would not be surprising if Vance grasps the public value of a classical architecture mandate."

Design makes an appearance in the 2024 GOP Platform. Under a section about restoring American civilization, Republicans promise to 'promote beauty in Public Architecture and preserve our Natural Treasures.' Architecture doesn't merit a mention in Project 2025, the presidential transition planning document from the Heritage Foundation. But Paul Dans, the Project 2025 director, who stepped down in July, was tapped by Trump in January 2021 to serve as the chair of the National Capital Planning Commission, where he would have overseen federal planning and construction projects. (The appointment was rescinded by Biden.)

One member of Congress is trying to thwart this neoclassical agenda. Back in 2023, Nevada Representative, Dina Titus, who is the ranking member on the House subcommittee that handles public buildings, introduced the Democracy in Design Act to prevent future design mandates. Titus introduced another bill, HR 6317, to require the GSA to seek public comment before issuing any orders on design, but House Republicans were able to block it in May. "She believes that our federal buildings should reflect our diversity as a nation and the richness of our culture," said a spokesperson for Titus.

Is federal architecture actually an issue for voters in 2024? So far, both campaigns are talking more about pocketbooks than Palladianism. Design is exceedingly unlikely to emerge as a heated issue in JD Vance-Tim Walz debate.

But the candidates' position on architecture, not their tastes, really, so much as their opinion on whether design mandates should flow from the White House, will guide decisions about billions of dollars in spending.

Trump posted on *Truth Social* in December, for example, that he opposes the effort to move the Federal Bureau of Investigation from its Brutalist headquarters in downtown Washington, DC, to Greenbelt, Maryland. This particular relocation plan has drawn opposition from Republicans and even some Democrats for reasons that have little to do with design.

But Trump has posted specifically that he wants to keep the agency in Washington, in a 'new and spectacular building.'

The order has faced criticism from architects and preservationists, who argue that it limits design freedom and imposes a single, potentially outdated style.

Retrograde positions are not new in architectural history. The late 19th and early 20th centuries were steeped in revivalism. Choosing a 600- or 2,000-year-old building style to cloak a contemporary building was the norm in Europe and the colonies. From the Renaissance onwards, this normalised the idea of 'formalism' and 'appropriateness' in civic architecture. Architects continued to promote revivalism down to the early 20th century, ignoring structural changes (in a Marxian sense) that were happening all around, particularly as a result of the Industrial Revolution.

During this time, engineers became the new innovators while architects remained stragglers. It required several modernist forays, especially between the two world wars, to overcome this stranglehold.

There are no apparent benefits in applying 'historical wallpaper' (to use Charles Correa's phrase) to a new building of our times. The only thing pandered to is sentimentality and a pompous sense of self.

Mussolini's buildings in Rome and Milan as well as Albert Speer's visions of a new Berlin for Hitler also displayed such 'stripped classicism' on different scales. There is a sense of regimentation associated with the kind of neoclassical buildings that Trump is propagating. Such monumental buildings would be uniform, orderly, symmetrical, with ceremonial features highlighted by architectural ornament, sculptures and murals.

rajeshsharma1049@gmail.com



Fentress Architects designed the $103 million Neoclassical Federal Courthouse in Huntsville, Alabama.

#TRIED AND TASTED

# Rainy Day Treats

These cheesy paneer bites are soft, mildly spiced, and absolutely delicious. Kids go crazy for them, and they're so simple to make!



A rainy day wonder moment for your children, likely to give them reasons to pray for more rains, special snack treats. Stay indoors, help prepare and then savor them.

### Cheesy Paneer Bites



These cheesy paneer bites are soft, mildly spiced, and absolutely delicious. Kids go crazy for them, and they're so simple to make!

**Ingredients**

- 200g paneer, cut into cubes
- 1/2 cup yogurt
- 1 tsp ginger-garlic paste
- 1/2 tsp turmeric powder
- 1/2 tsp cumin powder
- 1/2 tsp garam masala
- Salt to taste
- 1 tbsp oil

**Method**

1. Mix the yogurt with ginger-garlic paste, spices, and salt in a bowl.
2. Add the paneer cubes and let them soak up the flavors for 15 minutes.
3. Heat oil in a pan and cook the paneer until it's golden all over.
4. Serve hot with a side of mint chutney.

These bites are protein-packed and a guaranteed crowd-pleaser!

### Sweet Potato Sticks



Sweet potato sticks are a healthier take on fries, and their natural sweetness makes them a kid favourite. You'll love how easy they are!

**Ingredients**


- 2 medium sweet potatoes, peeled and cut into sticks
- 1 tbsp olive oil
- 1/2 tsp paprika
- Salt to taste

**Method**

1. Preheat your oven to 200°C.
2. Toss the sweet potato sticks with olive oil, paprika, and salt.
3. Spread them out on a baking tray and bake for 20-25 minutes, flipping halfway.
4. Serve with a fun dip.

Crispy, sweet, and good for you, these sticks are a rainy day must-have!

### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर में अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष देवनानी

## देवनानी ने कलेक्टर सहित सभी संबंधित विभागों के साथ वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**अजमेर, (कासं)।** शहर में अति भारी वर्षा के तुरंत बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को स्वयं फील्ड में उतरे। उन्होंने जिला कलैक्टर सहित सभी संबंधित विभागों के साथ भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया, स्वयं पानी में उतरे, लोगों से मिले और उनकी समस्याएं जानकर प्रशासन को राहत के निर्देश दिए। देवनानी ने जलभराव वाले क्षेत्रों से आमजन को निकाल कर रेस्क्यू सेन्टर तक पहुंचाने, उन्हें दूध, पेयजल व फूड पैकेट देने के निर्देश दिए। नालों व सड़कों पर पानी निकासी में बाधाओं को समाप्त करने तथा 24 घंटे मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। देवनानी ने प्रशासन से कहा कि जब तक बारिश का अलर्ट है, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें तैनात रहें।

जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को जिला कलैक्टर लोक बन्धु, निगम व एडीए के अफसरों के साथ शहर का दौरा किया। वे स्वयं जल भराव वाले क्षेत्रों में गए और जलभराव से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। देवनानी ने आनासागर एस्केप चैनल से जल निकासी का मौका मुआयना किया। इसके आसपास की कॉलोनी में जलभराव से बचाव के लिए निवासियों को रेस्क्यू केंद्र पर शिफ्ट करने एवं मिट्टी के कट्टे लगाकर पानी के प्रवाह को दिशा देकर नालों से होकर खानपुरा तालाब पहुंचने के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने इसके बाद सागर विहार, बधिर विद्यालय के पीछे आनासागर चौपाटी के समीप स्थित रिहायशी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। जल निकासी के लिए पंप द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था देखी। बस्ती में रह रहे लोगों को अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट करने के दिए निर्देश। स्थानीय निवासियों से बात कर समस्याएं सुनी। उन्होंने इसके बाद चौधरी कॉलोनी जलभराव के समाधान के लिए नाले की सफाई के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। चौरसियावास, वरुण सागर से इनफ्लो कम हुआ है। आनासागर से लगातार अतिरिक्त जल की निकासी की जा रही है। इससे आनासागर के समीप रिहायशी क्षेत्रों में पानी नहीं भरेगा।

- **देवनानी ने जलभराव वाले क्षेत्रों से आमजन को निकाल कर रेस्क्यू सेंटर तक पहुंचाने, उन्हें दूध, पेयजल व फूड पैकेट देने के निर्देश दिए**
- **देवनानी ने बोराज ग्राम पहुंचकर वहां स्थित तालाब की पाल की स्थिति का जायजा लिया और पाल की मरम्मत एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

उन्होंने वरूण सागर पहुंचकर झील में जल आवक की वस्तुस्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में वरुण सागर झील की जलधारण क्षमता 27 फीट है। इससे अधिक पानी की आवक हुई है। इस कारण जल की चादर चल रही है। इस पर देवनानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि झील का कैचमेंट एरिया बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष झील में वर्षा पूर्व नियमित सिल्टिंग की जाए। इससे भविष्य में अधिक जलभराव की स्थिति से बचा जा सकेगा।

देवनानी ने बोराज ग्राम पहुंचकर वहां स्थित तालाब की पाल की स्थिति का जायजा लिया और पाल की मरम्मत एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम की दीर्घकालिक समस्या के समाधान के लिए एक विस्तृत कार्य योजना सरकार को भेजी गई है। सरकार से वित्तीय स्वीकृति मिलने के पश्चात कार्य चरणबद्ध ढंग से प्रारंभ किया जाएगा।

# बच्चों की जान जोखिम में डालना महंगा पड़ा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के फुलियाकला थाना क्षेत्र स्थित खामोर गांव के एक बाइक पर आठ बच्चों को बैठाकर स्कूली छात्रों की जान जोखिम में डालना एक युवक के लिए तब भारी पड़ गया जब उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और उसके बाद उसके घर तक पुलिस आ धमकी। वायरल वीडियो मीडिया पर चलने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली।

- **एक बाइक पर आठ बच्चों सहित नौ जने सवार थे**
- **वीडियो वायरल होने के बाद युवक को गिरफ्तार किया**



पुलिस ने बाइक जब्त कर युवक को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में खामोर कालबेलिया बस्ती निवासी गोवर्धन पुत्र अमरनाथ कालबेलिया नजर आ रहा था, जो कि स्कूल की छुट्टी के बाद अपने परिवार व भाइयों के 8 बच्चों को बाइक पर बैठाकर स्कूल से राज्यास रोड स्थित कालबेलिया बस्ती अपने घर की और जा रहा था। बाइक पर 8 बच्चों को जबरदस्ती से ठूस-ठूस कर बैठा रखा था। इसी बीच किसी ने उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में एक बच्चे को तो चलती बाइक पर कंधे पर बैठा रखा था। वहीं एक बच्चा पीछे डंडे पर लटका हुआ था। परिवहन नियमों की धज्जियां उड़ाता यह वीडियो सामने आने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जिसके बाद फुलिया कलां थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने युवक को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली।

# 198 किलोग्राम डोडा-चूरा पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में बौंली व सवाई माधोपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी करने के विरुद्ध अभियान के तहत हरशौता चौराहे से 198 किलोग्राम मादक पदार्थ डोडा-चूरा व कार एवं 11 फर्जी नंबर प्लेटों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नेपाल सिंह राजपूत निवासी चंदेलाव थाना कापहेडा जिला जोधपुर, रूपेंद्र सिंह राजपूत निवासी सीनली थाना लूणी जिला जोधपुर व ललित कुमार धाकड़ उम्र 35 वर्ष निवासी सामिया थाना भवानी मंडी को गिरफ्तार किया है।



बौंली व सवाई माधोपुर थाना पुलिस ने तस्करों को गिपफ्तार किया।

बौंली थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता ने बताया कि 18 जुलाई को मुखबिर तंत्र व सायबर सेल सवाई माधोपुर से सूचना मिली कि सवाई माधोपुर के तरफ से एक संदिग्ध टाटा हैरियर कार भाडौती की तरफ आ रही है। इस पर जिलेभर में नाकाबंदी कराई गई। थोड़ी देर बाद फिर सूचना मिली कि उक्त कार टाटा हैरियर नहीं होकर क्रेटा है जो भाडौती होते हुए बौंली थाना क्षेत्र की तरफ गई है। सूचना के बाद बौंली थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सवाई माधोपुर मानटाउन थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता, सायबर सेल सहायक उप निरीक्षक अजीत मोगा, बौंली थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, हैड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल मुकेश कुमार, शीशराम, जितेंद्र सिंह, धर्मवीर, नंदकिशोर एवं रणवीर सिंह थाना बौंली एवं कांस्टेबल महेंद्र सिंह थाना सूरवाल की दो टीमों ने डिडवाड़ी की तरफ से बस स्टैंड हरशौता चौराहे पर कच्चे, पक्के रास्तों से होकर एक काले रंग की हुंडई क्रेटा कार बहुत तेज गति से आई जिसे टीम ने गाड़ी आगे लगाकर रोकना का प्रयास किया, लेकिन आरोपी तस्करों ने कार को बचाकर निकलने का प्रयास किया तो कार पानी के गड्ढे में चली गई एवं बिजली के पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।

- **विभिन्न राज्यों की 11 फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट जब्त की**

पुलिस द्वारा मौके पर ही कार को दबोच कर 198 किलोग्राम डोडा-चूरा व विभिन्न राज्यों की 11 फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा कार की पहचान छुपाने के लिए इंजन व चेसिस नंबरों को भी ग्लाइडर से घिस गया था एवं तस्करी में अन्य शामिल साथियों के बारे में अनुसंधान जारी है।

# राजीविका महिलाओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मिलेट उत्पाद भेंट किए

**जयपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को यहां दादिया में आयोजित सहकार एवं रोज़गार उत्सव सम्मेलन के अवसर पर राजीविका की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया।

इस दौरान करौली ज़िले के बरखेड़ा गांव की केडी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मिलेट उत्पाद भेंट किए। राजीविका की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को इन महिलाओं की सफलता से अवगत कराते हुए बताया कि इन्होंने मई 2023 में केवल 11 सदस्यों के साथ मिलेट उत्पाद बनाने का कार्य शुरू किया था, जो आज अपनी मेहनत और समर्पण से देशभर में अपनी पहचान बना रही हैं।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहकार एवं रोज़गार उत्सव सम्मेलन के अवसर पर राजीविका की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि इनके द्वारा तैयार किए गए मिलेट उत्पाद न केवल स्वाद और स्वास्थ्य से भरपूर हैं, बल्कि महिला सशक्तीकरण की मजबूत मिसाल भी पेश करते हैं।

# सायबर ठगी गिरोह का मुख्य अभियुक्त और 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** सायबर थाना पुलिस ने 10 प्रतिशत कमीशन पर बैंकों में खाता खुलवा सायबर ठगी के करोड़ों रुपए ट्रांजेक्शन करने के मुख्य अभियुक्त और 10 हजार रुपए के इनामी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त छह माह से फरार चल रहा था।

- **10 प्रतिशत कमीशन पर लोगों का बैंकों में खाता खुलवाकर करोड़ों रुपए ट्रांजेक्शन किया था**
- **अभियुक्त शातिर है जो मोबाइल में सिम इस्तेमाल नहीं करता, नेपाल, मुंबई, यूपी, चंडीगढ़ व अन्य राज्यों में फरारी काटी**

सायबर पुलिस थाने के एसएचओ एएसपी खान मोहम्मद ने बताया कि आम लोगों को 10 प्रतिशत कमीशन देकर बैंकों में खाते खुलवाने और उनमें सायबर ठगी के रुपयों का ट्रांजेक्शन करने का गिरोह पकड़ा था। गिरोह का सरगना नोखा में रासीसर निवासी प्रमोद गोदारा छह माह से फरार चल रहा था। पुलिस को उसके रासीसर में गांव के आसपास होने की जानकारी मिली।

टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त शातिर है जो मोबाइल में सिम इस्तेमाल नहीं करता। वाई-फाई से इंटरनेट लेकर सोशल मीडिया ऐप से लोगों से संपर्क कर रहा था। उसने नेपाल, मुंबई, यूपी, चंडीगढ़ व अन्य राज्यों में फरारी काटी। अभियुक्त नोखा थाने में सायबर ठगी और मुंबई कफ परेड थाने में डिजिटल अरेस्ट के मामले में वांछित है। प्रमोद लॉ कॉलेज में तृतीय वर्ष का छात्र है। उसने अलग-अलग राज्यों के लोगों से सायबर ठगी की और करीब एक करोड़ रुपए खातों में डलवाकर चेक व एटीएम से निकलवा लिए।

पूर्व में गिरोह के नोखा निवासी श्यामसुन्दर बिश्नोई, महाराणा प्रताप कॉलोनी निवासी लक्ष्मणसिंह और खेतेश्वर बस्ती निवासी एमएस कॉलेज की छात्रा गणपति राजपुरोहित को गिरफ्तार किया जा चुका है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में रमेश सर्वटा, हेड कांस्टेबल खेताराम, कांस्टेबल रामधन, सुभाष शामिल थे।

## नाबालिग ने फांसी लगाई

**कोटा, (निसं)।** बोरखेड़ा थाना इलाके में 12वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने घर में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र को परिजनों ने जब पंखे पर लटका देखा तो नीचे उतारकर उपचार के लिये अस्पताल लेकर गये, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि मृतक नाबालिग छात्र बूंदी निवासी था जो परिजनों के साथ बोरखेड़ा इलाके के प्रताप नगर में किराये से रहता था। जिसने पंखे से फंदा लगाकर सुसाईड कर लिया।

## निराश्रित गौवंश से हादसों का अंदेशा

**पावटा, (निसं)।** सड़क पर घूम रहे निराश्रित गौवंश हादसों का कारण बन रहे हैं। आए दिन इनसे लोग घायल हो रहे हैं। मवेशी भी वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही से निराश्रित गौवंश बाजार, वार्डों, सड़कों पर घूम रहे हैं। पशुओं के आपस में लड़ने तथा भीड़ भरे इलाके में अचानक दौड़ने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मुख्य मार्ग सहित बाजार में मवेशियों के खुलेआम घूमने से सड़क पर वाहन चलना मुश्किल होता जा रहा है। झुंड में घूमते हुए इन पशुओं पर न तो नगरपालिका का ध्यान है और न ही पंचायती राज विभाग ही कोई ठोस कदम उठा रहा है। हालांकि तहसील क्षेत्र की बड़ी गौशालाओं में इनको भेजा जा सकता है। मुख्य बाजार की सड़कों व गली मोहल्लों में इनका जमावड़ा लगा होने से लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे की शायद ही कोई ऐसी सड़क होगी, जिस पर बेसहारा घूमते पशु न दिखाई देते हों। गोवंश के कहीं-कहीं पर तो भारी जमावड़े से वाहन चालकों को परेशानी तो होती ही है, साथ ही कोई न कोई पशु सड़क पर बीच में ही बैठा नजर आता है।

# चोरों ने तीन अलग-अलग जगहों से लाखों का सामान चुराया



चोरी की वारदात के बाद घर में सामान बिखरा पड़ा है।

**पावटा, (निसं)।** क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने तीन अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। इन मामलों में शिकायतों के आधार पर भाबरू थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **शिकायतों के आधार पर भाबरू थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

भाबरू थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम भाबरु में किशनलाल के घर से चोर सीढ़ी लगाकर घर में घुसे और विवाहिता के कमरे की कुंडी लगाकर ताला तोड़ा। यहां से तीन सोने के मंगलसूत्र, तीन जोड़ी कड़ी, नथ, टीका, कंगन और अंगूठी समेत करीब चार लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। वही दूसरी वारदात में चोरों ने रवि कुम्हार के घर से करीब ढाई लाख रुपए के जेवरात चोरी किए। चोरों ने यहां बाहर की कुंडी लगाकर चोरी को अंजाम दिया। तीसरी वारदात में एक पत्रकार पंकज कौशिक के घर का ताला तोड़कर उनकी बाइक चुरा ली। भाबरू थाना अधिकारी अंकित समरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही क्षेत्र में चारों तरफ नाकाबंदी कर दी गई है। पुलिस मौके का मुआयना कर मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## दुष्कर्मी को बीस साल का कारावास

**जालोर, (नि.सं.)।** पॉक्सो न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने दुष्कर्म करने के आरोपी दिलीपसिंह को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई।

विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित के अनुसार पीड़िता के भाई ने 16 अगस्त 2023 को रिपोर्ट पेश कर बताया थाा कि वह तथा उसकी नाबलिग बहन पीड़िता दोनों ही पिछले दस दिन से अपने ननिहाल आई थी। 9 अगस्त को सुबह करीब चार बजे पता चला कि उसकी बहन पीड़िता अपने बिस्तर पर नहीं है। तब उन्होंने पीड़िता की सभी जगह तलाश की लेकिन पीड़िता का कोई पता नहीं चला। दो माह पहले दीपू उर्फ दिलीपसिंह पुत्र किशनसिंह मिला। दीपू आदतन बदमाश प्रवृति का है, जो उसकी बहन के साथ कोई संगीन वारदात कर सकता है। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी दीपू को गिरफ्तार किया और पीड़िता को दस्तयाब किया। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से तेरह गवाह के बयान लिये गये। पॉक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने दोनों पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद आरोपी दिलीपसिंह को नाबलिग के साथ दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुए बीस साल के कारावास का सजा सुनाई।

# चाकूबाजी के तीन आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** रामपुरा कोतवाली पुलिस टीम ने मोहर्रम जुलूस के दौरान हुई चाकूबाजी के मामले में पूर्व में पकड़े गये आरोपी से पूछताछ के बाद मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि सात जुलाई को फरियादी रेहान हुसैन ने पर्चा बयान दिया था कि दोस्तों के साथ मोहर्रम का जुलूस देखने लाडपुरा कर्बला आया था। बयान में कहा कि किसी बात को लेकर इरशाद से कहासुनी हो गई, जिस पर इरशाद व उसके साथ दो अन्य ने मारपीट कर चाकू से हमला किया। उसके साथ आये दोस्तों ने बीच-बचाव किया। इस दौरान चाकू के हमले में उसके दोनों हाथ में चोट लगी, हमलावर भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी के बयान पर मामला दर्ज किया गया। हमलावरों की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक राजेश टेलर के निर्देशन में रामपुरा कोतवाली के उपनिरीक्षक थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आरोपियों की तलाश के लिये संभावित स्थानों पर दबिशें दी।

शहर एसपी ने बताया कि टीम को मुखबिर से आरोपी संजय नगर निवासी इरशाद खान (19) के कोटा में होने की सूचना मिली। जिस पर टीम ने आरोपी इरशाद को 17 जुलाई को नयापुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी ने चाकूबाजी अनुसंधान में पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी साहिल उर्फ बच्चा, मेहफुज और फरद्वीन का शामिल होना बताया जिस पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर साहिल उर्फ बच्चा, मेहफुज और फरद्वीन को बापर्दा गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

## प्लॉट पर अवैध कब्जा किया

**पाटन, (निसं)।** पाटन थाने से महज पांच सौ मीटर दूर पाटन-कोटपुतली रोड पर स्थित एक प्लाट में शुक्रवार दोपहर को जबरन ताला तोड़कर अवैध कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित अनिल कुमार पुत्र रतनलाल अग्रवाल निवासी नीमकाथाना ने इस बाबत पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी पहले भी इसी प्रकार की आपराधिक घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। घटना 18 जुलाई को दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है, जब दिपेन्द्र यादव पुत्र उमराव यादव, उमराव यादव पुत्र देवी सहाय यादव, भूप सिंह गुर्जर पुत्र रामशरण गुर्जर अपने 4-5 साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित के प्लाट (खसरा संख्या 1000 एवं 1003/1, रकबा 0.25 हेक्टेयर) का ताला तोड़ा और जबरन अपना ताला लगाकर कब्जा कर लिया। पीड़ित का कहना है कि वर्ष 2021 में भी इन्हीं आरोपियों ने उनके प्लाट में इसी प्रकार की डकैती की थी, जिसकी एफआईआर दर्ज हुई थी।

# वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा : वन मंत्री संजय शर्मा

**अजमेर, (कासं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचे। उन्होंने हरियालो राजस्थान के तहत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और विधायक अनीता भदेल की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की। दोनों ही कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व वन मंत्री शर्मा ने विभागों की समीक्षा बैठक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सभागार में ली।

पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों से अतिक्रमण को हटाया जाएगा। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को वन विभाग की संभाग में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने वन भूमि का संयुक्त सर्वे कराया जाने की आवश्यकता बताई। हरियालो राजस्थान अभियान के अन्तर्गत अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर तथा टोंक जिलों में किए गए पौधारोपण से अवगत कराया गया। उन्होंने अभियान के लिए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कहा। विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने वन भूमि का संयुक्त सर्वे कराया जाने की आवश्यकता बताई। उन्होने कहा कि अजमेर पुष्कर शहर के आसपास की पहाड़ियों पर अलग-अलग ऋतुओं में फलने वाले फूलों के पेड़ पौधे लगाने चाहिए। इससे यहां आने वाले पर्यटकों तथा तीर्थ यात्रियों के लिए नया आकर्षण का केन्द्र होंगे। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

- **वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने हरियालो राजस्थान कार्यक्रम में शिकरत की**

समीक्षा बैठक में विधायक अनिता भदेल ने प्रदूषण करने वाली राजकीय संस्थानों पर कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई। उपमहापौर नीरज जैन ने नौसर घाटी में वन विभाग के नाके के पास पक्के अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। अध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने ग्राम विकास समितियों के कार्य में पारदर्शिता के साथ स्थानीय समुदाय की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। अध्यक्ष रमेश सोनी के द्वारा वन भूमि को अतिक्रमण युक्त रखने की बात कही गई। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक ख्याति माथुर, उप वन संरक्षक विरेन्द्र सिंह जोरा, अर्जुन नलिया सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मातृ वन उद्यान में विधायक अनिता भदेल के नेतृत्व में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शिरकत की।

# महिला से जेवर लूट मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** सुनसान जगह पर अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने व छेड़छाड़ करने के सनसनीखेज मामले में सिद्धमुख थाना पुलिस ने दो शातिर बदमाश लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों को शनिवार को बापर्दा शिनाख्त परेड कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया।

आईपीएस अधिकारी निश्चय प्रसाद एवं तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व बाइक पर सवार दो बदमाशों ने सिद्धमुख थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रही एक महिला को पिस्तौल की नोंक पर डरा-धमका कर कानों में पहनी सोने की बालियां और गले में पहना सोने का मंगलसूत्र लूट ले गए थे। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय उच्च पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह तथा अनुसंधान अधिकारी प्रमोद कुमार हैड कास्टेबल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया, जिसमें टीम ने लगातार प्रयास कर 150 किलोमीटर के दायरे में हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के अनेक गांवों में लगभग 15-20 दिन तक सीसीटीवी फुटेज और साइबर विश्लेषण के जरिए संदिग्धों की पहचान की। तकनीकी सहायता से कडी नजर रखी तथा शातिर बदमाश राजकुमार पुत्र राधेराम निवासी करंडी पुलिस थाना सर्दूलगढ़ जिला मानसा पंजाब व पवन कुमार पुत्र देवीलाल जाट निवासी राजराणा पुलिस थाना सर्दूलगढ़ जिला मानसा पंजाब को गिरफ्तार किया।

बदमाशों से पूछताछ करने पर और प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार बदमाश आपराधिक प्रवृत्ति के साथ-साथ चिट्टे के नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए सुनसान रास्तों और खेतों में अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देते हैं।

# संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आव्हान



राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की बैठक आयोजित हुई।

**टोंक।** कांग्रेस राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन शाखा टोडारायसिंह की कार्यकारिणी और पंचायत अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को भासू स्थित लोट के बालाजी मंदिर प्रांगण में संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार मीणा के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने हेतु पंचायत एवं गांव स्तर पर विस्तार करने और जनसमस्याओं के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीणा ने कांग्रेस की विचारधारा, रीति नीति को जन जन तक पहुंचने के लिए पदाधिकारियों से आव्हान किया वही संगठन की प्रतिमाह बैठक करने व पदाधिकारियों को सर्वोदय संकल्प शिविर में प्रशिक्षण लेने पर जोर देते हुए आगामी पंचायती राज और स्थानीय निकाय चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करने पर बल दिया।

# पुलिस थाने की तीसरी मंजिल की छत से पुलिसकर्मी की गिरने मौत

**किशनगढ़ बास।** राजस्थान के नवगठित खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़ बास थाना परिसर में शनिवार सुबह एक बेहद दुखद और दर्दनाक हादसा हो गया। थाने की तीसरी मंजिल की छत से गिरने के कारण पुलिसकर्मी वीरेंद्र यादव की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई और थाना परिसर में गमगीन माहौल बन गया।

■ **पुलिस थाने की छत पर कपड़े सुखाने गया था पुलिसकर्मी वीरेंद्र यादव, पैर फिसलने पर हुआ हादसा। अलवर इलाज के दौरान मृत्यु हुई**



खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़ बास थाना परिसर की तीसरी मंजिल से गिरने से एक पुलिस कर्मी की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मी वीरेंद्र यादव शनिवार सुबह करीब 11:15 बजे थाना भवन की तीसरी मंजिल पर स्थित छत पर कपड़े सुखाने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने से वे नीचे गिर पड़े। गिरने की आवाज सुनकर थाना परिसर में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी मौके पर दौड़े और उन्हें तुरंत किशनगढ़ बास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अलवर रेफर कर दिया, लेकिन अलवर में इलाज के दौरान ही वीरेंद्र यादव ने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी स्तब्ध रह गए। हर कोई इस असमय हुई दुर्घटना पर शोकाकुल नजर आया।

वीरेंद्र यादव, गांव ईसरोदा थाना शेखपुर, निवासी थे। वे वर्षों से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे थे और वर्तमान में किशनगढ़ बास थाने में तैनात थे। वीरेंद्र यादव के परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। वे अपने व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा और सौम्य स्वभाव के लिए सहकर्मियों में काफी लोकप्रिय थे। इस हादसे के बाद पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया गया। सहकर्मी पुलिसकर्मियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की। थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बताया कि वीरेंद्र यादव नियमित रूप से अपने कपड़े खुद धोते और छत पर सुखाने ले जाते थे। शनिवार सुबह भी वे रोज की तरह गए थे, लेकिन यह सुबह किसी को नहीं पता था कि इतना अकाल दुख लेकर आएगी। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भी इस दुर्घटना पर गहरी संवेदना जताई है और सरकार से वीरेंद्र यादव के परिवार को आर्थिक सहायता और बच्चों के लिए भविष्य की सुरक्षा की मांग की है।

# बांधों के निर्माण के लिए 95 करोड़ रुपए मंजूर

**झुंझुनूं,।** झुंझुनूं समेत शेखावाटी क्षेत्र को पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दृढ़ नेतृत्व में यमुना जल समझौते के अंतर्गत प्रतिबद्धता से मिशन मोड पर कार्य किए जा रहे हैं। शर्मा के इस ऐतिहासिक निर्णय से शेखावाटी अंचल में जल संकट का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने यमुना बेसिन के ऊपरी भाग में स्थित रेणुकाजी (हिमाचल प्रदेश) एवं लखवार बांध (उत्तराखण्ड) के निर्माण कार्यों के लिए राज्य की हिस्सा राशि में से 95 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इससे निर्माण कार्यों को गति मिलेगी और तय समय सीमा में प्रदेश में जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। बांधों के निर्माण से राज्य के हिस्से का जल वर्ष पर्यन्त उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जल संसाधनों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से राज्य में जल परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यमुना जल परियोजना चूरू, सीकर, झुंझुनूं सहित अन्य क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगी। इससे पेयजल और सिंचाई की स्थायी सुविधा सुनिश्चित होगी।

उल्लेखनीय है कि यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तीन प्रमुख बांधों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से वर्तमान में लखवार और रेणुकाजी बांधों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यमुना रिवर बोर्ड द्वारा इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,320.46 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें राजस्थान की हिस्सेदारी 215.66 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री शर्मा ने बोर्ड की मांग को ध्यान में रखते हुए 95 करोड रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान कर राज्य की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की है। हथिनीकुंड बैराज से राज्य में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गठित टास्क फोर्स की तीसरी बैठक 30 जून 2025 को पंचकूला में हुई थी। इसमें राजस्थान और हरियाणा के अधिकारियों के बीच विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री शर्मा के कुशल नेतृत्व में यह निर्णय प्रदेश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सरकार के गठन के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शर्मा ने शेखावाटी क्षेत्र में यमुना जल को लाने के लिए हरियाणा सरकार से एमओयू किया था।

# स्कूल परिसर में इक्यावन पौधे लगाए

**सीकर।** लायंस क्लब सीकर प्राइड द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाजोर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में 51 पौधे लगाए गए।

क्लब अध्यक्ष लायन मोहनीश चुग ने बताया कि हरियाली बढ़ाने और आने वाली पीढ़ि यों को स्वच्छ पर्यावरण देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन रीना त्यागी, लायन तापह त्यागी जी, लायन उमेश मोदी जी, तरुण शर्मा, दीपिका शर्मा आदि क्लब सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों ने भी इस पहल की सराहना की और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। क्लब ने आगे भी लगातार ऐसे सेवा कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता जताई।

# कार्यकारिणी भंग

**झुंझुनूं।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार एक्शन मोड में आ गए है। अपनी नियुक्ति के 25वें दिन ही एमडी चोपदार ने शनिवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश से लेकर गांव स्तर की कार्यसमितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। इस निर्णय की सूचना कांग्रेस के राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व को भी दी गई है।

अपने आदेश में एमडी चोपदार ने कहा है कि अब कार्यकर्ताओं को दुबारा से नई जिम्मेदारियां दी जाएगी। इसके लिए पहले चरण में हर जिले में कॉर्डिनेटर बनाने का काम हाथ में लिया गया है।

इसके लिए तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा की जा रही है। आपको बता दें कि मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार को 26 जून को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजस्थान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद एमडी चोपदार ने साफ कर दिया था कि प्रदेश में अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं की जानदार और शानदार टीम खड़ी की जाएगी। बात चाहे प्रदेश कार्यकारिणी की हो या फिर जिला कार्यकारिणी की या फिर गांव स्तर की कार्यकारिणी की। वरिष्ठों का अनुभव और युवाओं के जोश को मिलाकर टीम खड़ी की जाएगी।

# चंद्रपुरा प्रीमियर लीग का खिताब जीता सीकर ने

**झुंझुनूं,** 19जुलाई। निकटवर्ती गांव चंद्रपुरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सीकर और झुंझुनूं के बीच खेला गया। बारिश के कारण फाइनल मैच 5-5 ओवरों का खेला गया। जिसमें झुंझुनूं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 39 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीकर ने चार गेंदे शेष रहते सात विकेट से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू और पुरोहितों की ढाणी सरपंच सरोज सरोज सोहू ने विजेता टीम सीकर को 51 हजार रूपए तथा ट्रॉफी प्रदान की। जबकि उप विजेता टीम झुंझुनूं को श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन कृष्ण गावड़िया तथा दोरासर सरपंच दिलीप मीणा ने 31 हजार रुपए तथा ट्रॉफी प्रदान की। पूर्व सरपंच मूलचंद थोरी ने मैन ऑफ द सीरीज राहुल सैनी को 3100 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित और नितेश सोहू ने फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच अजीत कड़वासरा को ट्रॉफी प्रदान की। मुख्य अतिथि राजेंद्र भांबू अपने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही कहा खेलों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। टूर्नामेंट के प्रायोजक श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन कृष्ण गावड़िया ने आयोजन समिति के द्वारा की गई व्यवस्थाओं के लिए आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की व्यवस्थाएं करना बहुत बड़ी बात है तथा भविष्य में भी इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए किसी तरह की आर्थिक परेशान नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पुरोहितों की ढ ाणी सरपंच सरोज सोहू ने सबको धन्यवाद देते हुए टूर्नामेंट के समापन की घोषणा की।

■ **बारिश के कारण फाइनल मैच 5-5 ओवरों का खेला गया। जिसमें झुंझुनूं ने पहले बल्लेबाजी कीं**

# स्वस्थ लंच बॉक्स प्रतियोगिता

**सादुलपुर।** आईडियल पब्लिक स्कूल राजगढ में शनिवार को विशेष थीम आधारित गतिविधियों को आयोजन उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इस अवसर पर तीन वर्गो में गतिविधिया आयोजित की गई। नर्सरी से कक्षा ०2 तक वर्षा दिवस समारोह, कक्षा ०3 से ०5 तक स्वस्थ लंच बॉक्स प्रतियोगिता, कक्षा ०6 से 12 तक बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वस्थ लंच बॉक्स प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वास्थ्यवर्धक और संतुलीत आहार की शानदार प्रस्तुतियां दी, जिसमें कक्षा ०5 के निलेश ने प्रथम स्थान तथा कक्षा ०4 के कार्तिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं से उपयोगी और आकर्षक वस्तुएं तैयार की, जिसमें प्रथम स्थान भगत हाउस को मिला, जिसमें कक्षा 11 के भूमि समूह की प्रस्तुती उत्कृष्ट रही। तथा द्वितीय स्थान शास्त्री हाउस के नाम रहा, जिसमें कक्षा ०6 के निलेश समूह ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ अनिल सांगवान एवं निदेशक रविन्द्र श्योराण ने विद्यार्थियों की सराहना की।

# शिक्षाविद् पवन गोठवाल की मां की 17वीं पुण्यतिथि पर पौधारोपण

**सादुलपुर,।** शिक्षाविद एवं समाजसेवी श्री पवन गोठवाल ने अपनी मां स्व. श्रीमति संतरो देवी की सत्रहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रिद्धि सिद्धि हस्पताल राजगढ में रक्तदान देहदान और राउप्रावि लुटाना मगनी मे पौधारोपण किया और विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को एक पौधा वितरित किया गया एवं रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्तदान हुआ।

■ **लुटाना मगनी में विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को एक पौधा वितरित किया गया एवं रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्तदान हुआ।**

सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने सबसे पहले स्व. श्रीमति संतरो देवी की सत्रहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल ने बताया माता-पिता के दिए संस्कारों से ही हमें भी यह प्रेरणा मिली है कि हम भी सामाजिक सरोकारों के कार्य करें। पूर्व प्रधान निर्मला सिंघल ने कहा की सामाजिक सरोकार के कार्य निरंतर होते रहने चाहिए। डॉ. रामकुमार घोटड ने कहा की ऐसे कार्य समाज के लिए अनुकरणीय हैं एंव प्रेरणा देने वाले हैं। कृष्ण कुमार भाकर ने देहदान पर प्रकाश डाला। रिद्धि सिद्धि हॉस्पिटल के निदेशक दलीप जांगिड ने पवन गोठवाल द्वारा किए जा रहे सामाजिक एंव जनहित के कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ताराचंद गोठवाल द्वारा स्वर्गीय संतरो देवी के जीवन पर प्रकाश डाला। जागेराम सुड्डा, इंदु, अमीर सिंह सांगवान व बसंती देवी सांगवान ने देहदान का संकल्प लिया। पीसीसी सचिव अमरसिंह सांगवान, डॉ. हरिराम रोहिला कांग्रेस ब्लॉक देहात अध्यक्ष अशोक पूनिया ने भी संबोधित किया। पवन गोठवाल ने कहा कि माँ को सतत, नित्य, निरंतर, अनवरत स्मरण कर प्रणाम करता हूँ, हमारे व्यवहार व संस्कार में माँ का ही अंश है। माता-पिता द्वारा परिवार के लिए किये गए तप, त्याग और समर्पण को बार-बार प्रणाम करता हूँ। इस अवसर पर सिद्धमुख तहसीलदार कालूराम, भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया, डॉ विनोद अग्रवाल, डॉ. हिमांशु बेडवाल, मनोज डूडी, कृष्ण जांगिड, अनिल शास्त्री, सुरेश घोटड, रतन सोलडा, सहीराम मेहरा, नरेंद्र सांगवान, प्रेम शर्मा, जयप्रकाश मेहरा, मकसूद चिश्ती, महावीर सिंघल, इस्ताक, गजेंद्र बौद्ध, अमर शर्मा, पंकज निराणियाँ, विजय बेरवाल, प्रकाश बैरासर, राहुल चांवरिया, सदानंद, विजेंद्र, नरेंद्र गोठवाल, सुनील भालोठिया, नरेश गोठवाल, मानसिंह मेहरा, अजय बौद्ध, विनोद मेहरा, रामकिशन सुड्डा, कमल गोठवाल, नवीन चौधरी, विकाश गोठवाल, अमित चांवरिया, जगदीश निराणियाँ, सुनील गोठवाल, कलम मैंन मोहसिन शेख, मनोज भालोठिया, शशि मेहरा, विनोद प्रजापत, रणजीत गोठवाल एंव मित्रगण आदि उपस्थित थे। वहीं रिद्धि सिद्धि हॉस्पिटल के आनंद जांगिड ने सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।


## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम गुरूदीप कौर से बदलकर गुरूदीप कौर विर्क रख लिया है। भविष्य में मुझे गुरूदीप कौर विर्क पत्नी श्री इन्द्रा सिंह विर्क के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी 1192, अचरोल हाउस, चाणक्य मार्ग, चौकडी रामचन्द्रजी की, सुभाष चौक, जयपुर

मैंने अपना नाम चंद्रकला से परिवर्तित कर चंद्रकला जगदीशा पटगार धर्मपत्नी जगदीशा पटगार कर लिया है। निवासी ऐगालकुर्वे, पोस्ट-कोडकणी, तहसील-कुमटा, जिला-उत्तर कन्नड़, राज्य-कर्नाटक-581440 यह शपथ पत्र दिनांक 03.07.2025 को शपथ पत्र क्रमांक INUK0368593578720OX के माध्यम से, नोटरी पब्लिक, उत्तराखंड (पिथौरागढ़) के समक्ष किया गया है।

मैं आर्मी नं. 16029886N राइफलमैन अमर कुमार यूनिट 17 राजरिफ (सवाईमान) है मेरे सेना के दस्तावेजों में मेरे पिताजी का नाम तेजबिर सिंह (Tajbir Singh) है जो कि गलत है मेरे पिताजी का नाम तेजवीर (Tejveer) है। जो की सही एवं सत्य है।


# चोरी का माल खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** नरेना पुलिस चोरी के आभूषण खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिघलाया गया 19 ग्राम सोना भी बरामद कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनिल सोनी पुत्र कैलाश चन्द सोनी जाति सुनार उम्र 37 साल निवासी गणेश कालोनी, फुलेरा, जिला जयपुर का रहने वाला है। परिवादी श्योजीराम पुत्र रामनारायण जाट उम्र 38 साल निवासी मालेडा ने रिपोर्ट कहा था कि 8 जुलाई की मध्य रात्रि के समय अज्ञात चोरो द्वारा मेरे मकान के पीछे वाली जाली को तोडकर कमरे के अन्दर रखे बक्शे में से सोने चांदी के आभूषण व 10 हजार रूपये नगद कोई अज्ञात चोरी करके ले गया है।

■ **आरोपी से चोरी का पिघलाया गया 19 ग्राम सोना बरामद किया**

अग्रिम कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी नरैना धर्म सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आसूचना संकलन के आधार पर चोरी का माल खरीदने वाले उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ की गई तो चोरी किए गए सोने के आभूषणों को गलाकर पैंसिलनुमा आकृति बना देना बताया जिसके कब्जे से कुल 19 ग्राम सोना बरामद किया गया है। प्रकरण में पूर्व गिरफ्तार आरोपी मुकेश बावरिया के कब्जे से चोरी हुए रुपयों में से 2000 रुपये तथा चांदी की दो पायजेब बरामद करने में सफलता प्राप्त की है तथा चोरी की घटना में उपयोग में ली गयी मोटरसाईकल को भी जप्त किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी हैं।

# खिरोड में भगवान शिव का जलाभिषेक

**खिरोड।** श्रावण मास की पावन बेला में राजस्थान महिला कांवड संघ की श्रद्धालु महिलाओं ने एकजुट होकर लोहार्गल धाम से कांवड यात्रा प्रारंभ की और प्राचीन शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित कर सच्ची भक्ति और नारी शक्ति का अनुपम संगम प्रस्तुत किया।

सुबह पांच बजे यात्रा की शुरुआत भजन, मंत्रोच्चारण और हर हर महादेव के जयघोष के साथ हुई। श्रद्धा और समर्पण से ओतप्रोत महिलाओं ने पूरे मार्ग को शिवमय बना दिया। रंग-बिरंगी स्काई ब्लू पोशाक में सजी महिलाओं के चेहरों पर भक्ति की दिव्यता स्पष्ट झलक रही थी। इस पवित्र यात्रा में नीलम मिश्रा, उषा छींपा, किरण तिवाड़ी, सीमा पांडे, कमला कृष्णियां, सरिता डोकवाल, अंजू इंदौरिया, हेमा जोशी, सुनिता सैनी, अनामिका मिश्रा, अंजू शर्मा, मीनू शेखावत सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएं सम्मिलित रहीं। जिन्होंने अनुशासन, समर्पण और भक्ति भाव के साथ कांवड उठाकर शिवधाम तक यात्रा पूर्ण की। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, शिव तांडव स्तोत्र और नृत्य के साथ भक्ति रस की गंगा बहती रही। वातावरण बोल बम के नारों से गूंज उठा, मानो धरती और आकाश भी शिवमय हो गए हो। नीलम मिश्रा ने कहा राजस्थान में महिला कांवड यात्रा यात्रा प्रारंभ करने में संकोच हो रहा था। इसी परिप्रेक्ष्य में कुछ वर्ष पूर्व हमने कुछ महिलाओं के साथ इस यात्रा की शुरुआत की और अब देखते ही देखते महिलाओं का कारवां बढ़ ता जा रहा है। यह कावड यात्रा केवल जल अर्पण नहीं, बल्कि नारी शक्ति की आस्था, संगठन और समर्पण का प्रतीक है। यात्रा का समापन प्राचीन शिव मंदिर में सामूहिक जलाभिषेक और महाआरती के साथ हुआ। जहां सभी महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ से परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की।


## खोया पाया

शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति द्वारा प्लॉट नंबर 36 योजना चित्रकूट नगर ग्राम जगतपुरा जयपुर को श्री नारायण शर्मा के पक्ष में दिनांक 30.04.1990 को जारी किया गया जिसकी की ओरिजिनल पेमेंट रसीद कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें प्रेमलता शर्मा 7014544273

**आम सूचना** सर्व साधारण सूचित हो मेरे वृद्ध अभिभाष्यगण श्री उमेश कुमार जैन पुत्र स्व. श्री द्वारका दास जी जैन व श्रीमती अंजू जैन पत्नी श्री उमेश कुमार जैन, दोनों निवासीयान-438 आदर्श नगर, जयपुर का पुत्र अंकित जैन व पुत्रवधू श्रीमति रूचि जैन, दोनों निवासीयान-438 आदर्श नगर, जयपुर कतई कहने में नहीं है तथा आये दिन परेशान करते है तथा दोनों से समस्त पारिवारिक संबंध पूर्णतया समाप्त हो गये है एवं आपस में कोई आन-जान व बातचीत नहीं है मेरे अभिभाष्यगण से इन दोनों का दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन विवाह के बाद से ही पूर्णतया स्वतंत्र है, भविष्य में अंकित जैन व श्रीमति रूचि जैन का मेरे अभिभाष्यगण की चल-अचल संपत्ति से कोई संबंध नहीं रहेगा।
फोन-9799323400 (केदार नाथ शर्मा) एडवोकेट मो.9829049832


# अवकाश पर बैठे न्यायिक कर्मचारी


**तारानगर।** पूनर्गठन आदेश लागू कराने की मांग को लेकर तारानगर के राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ न्यायालय परिसर में शनिवार को अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर बैठे। कर्मचारियों का कहना हैं कि ज़ब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती हैं तब तक हमारा अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश जारी रहेगा। इस दौरान कर्मचारियों ने कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाये। इस मोके पर रीडर सुरेश कुमार चेजारा, धर्मेन्द्र सिँह, सतपाल सिँह करणावत, गोपीराम, मुकेश कुमार, विजयपाल, सिँह, सुरेन्द्र, इंद्राज पूनियाँ, अशोक कुमार, घनश्याम, प्रदीप भाटी आदि सामूहिक अवकाश पर बैठे।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# उपकारागृह के निरीक्षण में नहीं मिली आपत्तिजनक वस्तु



पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कोटपूतली उपकारागृह का निरीक्षण किया।

**कोटपूतली।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा व एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन एवं एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन में शनिवार को तहसीलदार रामधन गुर्जर की मौजूदगी में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में कोटपूतली थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा, पनियाला थानाधिकारी मोहर सिंह, महिला थानाधिकारी प्रदीप यादव मय जाप्ता एवं रिजर्व पुलिस लाईन के जाप्ते के साथ समुचित पुलिस बल की तीनो टीमों द्वारा एक साथ उपकारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल में निरुद्ध चले रहे विचाराधीन बंदियों के रहने के लिये बनी बैरिक्स व जेल परिसर की गहनता से तलाशी व चैकिंग की गई तथा जेल में बंद विचाराधीन कुल 123 बंदियों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की। चैकिंग के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली व ना ही कोई आपत्तिजनक वस्तु मिली। भविष्य में भी समय-समय पर नियमित रुप से जेल चैकिंग की जाती रहेगी।

■ **उप कारागृह की सघन चैकिंग, नहीं मिली कोई प्रतिबंधित सामग्री**

# स्कूल में हुआ पौधारोपण

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में स्कूल के डायरेक्टर एए गहलोत के 44वें जन्मदिवस के उपलक्ष में स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शीशराम डूडी, डॉ. निशांत पुरोहित, समाजसेवी अनिल जांगिड़ पधारे व उनकी उपस्थिति में पौधारोपण कर छात्र-छात्राओं ने भाषण, गीत, नृत्य और नाटक जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा। विद्यालय में उपस्थित अतिथियों, छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं व सहायक स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम के दौरान स्कूल डायरेक्टर एए गहलोत को बधाई पत्र, स्मृति चिह्न व गुलदस्ता भेंट किया तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। डायरेक्टर एए गहलोत ने अपने विद्यालय परिवार के साथ अपने जीवन और कॅरिअर के अनुभवों को साझा किया व विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर गहलोत ने अपने विद्यालय परिवार के अथाह प्रेम को देखकर भाव -विभोर हो उठे तथा परिवार के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने डायरेक्टर एए गहलोत को जन्म दिवस की बधाइयां देते हुए कहा कि आपके निर्देशन में काम करने में सभी स्टाफ सदस्य गर्व महसूस करते हैं।


## अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

**(आदेश 41 के नियम 14)**
**न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी सवाई माधोपुर**
**गुड्डी वगै. विरूद्ध राजेश वगै.**
**अपील संख्या 54/24**

राकेश, दिनेश पुत्रान शिवचरण अनिता पुत्री शिवचरण समस्त जातियान मीना निवासी ग्राम गावड़ी तहसील नादौती जिला करौली आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपखण्ड अधिकारी नादौती की डिक्री की अपील अपीलान्ट अधिवक्ता द्वारा पेश की गयी इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर कर ली है और इस अपील की सुनवायी के लिये इस न्यायालय द्वारा तारीख 22.07.2025 नियत की गयी है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके कार्य करने के लिये विधि प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो आपकी अनुपस्थिति में अपील सुनी जाकर निर्णित कर दी जायेगी।
आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

मोहर अदालत
**राजस्व अपील प्राधिकारी सवाई माधोपुर**

## अपील की सुनवाई के लिये नियम दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

**(आदेश 41 के नियम 14)**
**नाम न्यायालय समक्ष अपीलीय किराया अधिकरण, स्थान जयपुर महानगर प्रथम**
**श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद विरूद्ध मुरलीधर बंसल**
**अपील....**
**अपील नं. 44/25**

....के न्यायालय की तारीख.... को.... की अपील
नाम मुरलीधर बंसल पुत्र नामालूम जाति....स्थान कमरा नं. 19 लक्ष्मी भवन से उत्तर पूर्वी दिशा में लक्ष्मी भवन दूसरा चौराहा, मोती सिंह भोमियों का रास्ता जौहरी बाजार, जयपुर
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में....की डिक्री की अपील....द्वारा उपस्थित की गई इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 23 माह 07 सन् 2025 नियम की गई है।
यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जावेगी।
यह आज तारीख 07 माह 07 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई। नकल संलग्न है।

**आज्ञा से-रीडर**
मोहर अदालत
**अपील किराया अधिकरण जयपुर महानगर प्रथम**

## संक्षिप्त

### स्कूल में बच्चों को कॉपी पेन बांटे

**किशनगढ़ बास।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बासड़ा में अरस्तु शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने विद्यालय में पढने वाले निर्धन गरीब बच्चों के लिए कापी पेन भेजें जिनका वितरण पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सूरत सिंह खैरिया ने बताया शुक्रवार को बासड़ा गांव के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 110 छात्र-छात्राओं को कापी व पेन का वितरण किया गया। बच्चों के लिए यह सामठाी अरस्तु संगठन प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल की ओर से विद्यालय को भेजी गई है। पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव व पूर्व बैंक मैनेजर जयराम चौहान ने बच्चों को सामग्री का वितरण किया और भामाशाह अरस्तु संगठन प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अठावाल का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सूरत सिंह खैरिया ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए 11 हजार रुपए रूपए की घोषणा की गई है। इसमें 1100 रूपए की राशि का सहयोग पूर्व बैंक मैनेजर जयराम चौहान ने देने की घोषणा।

### लहरिया महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष आरती गुप्ता के निर्देशन में जिला एवं ब्लॉक की महिला पदाधिकारीयो द्वारा मुख्यालय स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में लहरिया महोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अंजली शेखावाटीयां ने बताया कि कार्यकारिणी गठन के बाद प्रथम कार्यक्रम के रूप में महिलाओं ने सावन के पवित्र माह में लहरिया महोत्सव मनाया तथा नवनियुक्त महिला प्रदेश मंत्री अंजली गुप्ता का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त महिला पदाधिकारीयों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा हरियालो राजस्थान का संदेश देते हुए महिलाओं द्वारा भूतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री मंजू गर्ग, ब्लॉक महामंत्री ममता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शोभा अग्रवाल इत्यादि अनेक सदस्य महिलाएं उपस्थित रही।

### चोरी के गेंहू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** पचेवर थाना क्षेत्र में मन्दिर मे हुयी चोरी की वारदात को गम्भीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल व पुलिस उपअधीक्षक आशीष प्रजापत के नेतृत्व में पचेवर थानाधिकारी मुकेश चौधरी द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र के गांव पारली मे रात्री के दोरान रामदेवजी के मन्दिर में हुयी अनाज चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मुकेश पुत्र रामसहाय बागरिया उम्र 25 साल निवासी नन्दा की ढाणी सेवा थाना दूदू को गिरफ्तार कर चोरी किये गये 5 क्विटंल गेहु व मोटरसाईकिल बरामद किये है।

### कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर

**सादुलपुर ।** राज. न्यायिक कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारणी के आ ान एवं जिला मुख्यालय चूरू की कार्यकारीणी के निर्देशन में राजगढ मुख्यालय पर स्थित समस्त न्यायालयों के समस्त मंत्रालयिक लिपिकीय संवर्ग कर्मचारीगण आज दिनांक 19 जुलाई 2025 शनिवार से अधीनस्थ न्यायालयों में मंत्रालयिक संवर्ग का मान. राज. उच्च न्यायालय के प्रस्ताव के अनुरूप कैडर पुनर्गठन नहीं किये जाने से मुख्यालय के समस्त कर्मचारीगण अनिश्चितकालीन सामुहिक अवकाश पर है।

# छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए द्वार खोलेगा इन्क्यूबेशन सेंटर : प्रो. राय

**■ शेखावाटी विश्वविद्यालय में एक और नवाचार, इन्क्यूबेशन सेंटर को लेकर हुई अहम बैठक**

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ ावा देने के उद्देश्य से इन्क्यूबेशन सेंटर के संबंध में अहम बैठक हुई। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में हुई इस बैठक में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारियों और फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

पीडीयूएस फाउंडेशन द्वारा शुरू किए जा रहे इन्क्यूबेशन सेंटर के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.(डॉ.) अनिल कुमार राय ने की। कुलगुरु प्रो. अनिल राय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह इन्क्यूबेशन सेंटर सीकर क्षेत्र में नवाचार और उद्यिमता को बढ़ ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेंटर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में प्रेरित करेगा और रोजगार सृजन के नए द्वार खोलेगा।

इस अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के पूर्व कुलपति प्रोफेसर अनिल अग्रवाल, विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्वेता यादव, वित्त नियंत्रक महेश चंद शर्मा, उप कुलसचिव (सम्बद्वता) डॉ. रविंद्र कटेवा और पीडीयूएस फाउंडेशन के समन्वयक डॉ. डीपी सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सुनील जायसवाल ने प्रजेंटेशन के माध्यम से इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप्स का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि यह इन्क्यूबेशन सेंटर नवोदित उद्यिमयों और छात्रों को उनके अभिनव विचारों को वास्तविकता में बदलने के लिए सहायता और संसाधन प्रदान करेगा।

प्रो. अनिल अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्टार्टअप इकोसिस्टम के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय ऐसे केंद्रों के माध्यम से अनुसंधान और विकास को बढ़ ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

यह इन्क्यूबेशन सेंटर पीडीयूएस फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय के बीच उद्यिमता की भावना को बढ़ ावा देना और उन्हें सफल स्टार्टअप्स स्थापित करने में मदद करना है। निकट भविष्य में यह केंद्र न केवल तकनीकी नवाचारों का केंद्र बनेगा, बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के सपनों को उड़ान देने वाला प्लेटफॉर्म भी सिद्ध होगा।

### मनीष गगरानी का स्वागत

**फुलेरा ।** भाजपा मण्डल की नवगठित कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष मनीष गगरानी का इन्द्रा बाजार और हलवाई बाजार के व्यापारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उपाध्यक्ष मनीष गगरानी को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही ढोल, डीजे के साथ जमकर आतिशबाजी की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा उपाध्यक्ष मनीष गगरानी ने कहा कि वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे सदैव पूर्ण करने का प्रयास करूँगा और आप और हम सभी मिलकर हर समस्या का समाधान करूगा। वहीं आगे कहा कि मैं बीजेपी अध्यक्ष प्रणव कयाल का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। इस स्वागत समारोह के दौरान जनसंघ के संस्थापक कैलाश नारायण साहू, यादराम जोशी, नटवर लाल शर्मा सहित अन्य कई कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### लहरिया महोत्सव मनाया



**बौंली- बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिला अग्रवाल महिला मंडल एवं बौंली तहसील महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में जगत शिरोमणि की सेवा संस्थान निवाई रोड बौंली नगर में शनिवार को लहरिया महोत्सव आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने की, विशिष्ट अतिथियों में महामंत्री सरोज खिरनी, महिला अध्यक्ष राधा गर्ग एवं जिला उपाध्यक्ष मंजू गोयल, पुष्पा गोयल, रजनी बजाज, तहसील अध्यक्ष मंजू सिंहल, ममता गर्ग, महामंत्री राधा गुप्ता आदि थी । वक्ता महिलाओं ने इतना लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में, झूंटन नहीं छोड़ने सहित अन्य सामाजिक मुहिम के लिए प्रेरित करते हुए महिलाओं को शपथ दिलाई।

### छात्रों को शैक्षणिक सामग्री बांटी

**झुंझुनूं।** राजकीय विद्यालय कालीपहाड़ी में भामाशाह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तथा भामाशाह अजय जोशी शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा बग, रविंद्र सैनी बैंक अधिकारी बगड, राजेंद्र सैनी बैंक ऑफ बडौदा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बगड़ द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 10 हजार रुपए की खेल और शैक्षणिक सामग्री विद्यालय को प्रदान की गई। मुख्य अतिथि एव भामाशाह अजय जोशी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी हमें किसी सामाजिक संस्था में सहयोग करना था। इसके लिए नौनिहाल को सहयोग से अच्छा कोई विकल्प नहीं था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य रामावतार सैनी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया। योगदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर प्यारेलाल सूनिया, प्रदीपकुमार, निसार, चंद्रप्रकाश, अजय काला, विमला कस्वां, चेतना, मंजू, मुरारी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों तथा स्टाफ के लिए भोजन की व्यवस्था स्थानीय विद्यालय के कार्मिक रवि कुमार सैनी बगड निवासी द्वारा की गई।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन

**पावटा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में तीन दिवसीय संभागीय स्तर हैंडबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि खेल स्वस्थ्य जीवन के लिए अनिवार्य गतिविधि है तथा शिक्षा और खेल का सकारात्मक सम्बन्ध है। प्राचार्य संजू जोशी ने सभी खिलाड़ियों और मार्ग रक्षकों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि के द्वारा सभी विजेताओं को ट्राफी प्रदान की गई। जिसमें चैम्पियनशिप जयपुर संकुल ने हासिल की। आयु वर्ग छात्र 14,17,19 में जयपुर संकुल प्रथम स्थान पर रहा। लडकियों के आयु वर्ग 14,17 में जयपुर संकुल प्रथम स्थान पर तथा आयु वर्ग 19 में करनाल संकुल प्रथम स्थान पर रहा है। छात्रों में दूसरे स्थान पर उदयपुर (14) करनाल (17) उदयपुर (19) तथा तीसरे स्थान पर करनाल (14)उदयपुर (17) करनाल (19) रहे। इसी के साथ छात्राओं में दूसरे स्थान पर करनाल (14) उदयपुर (17) उदयपुर (19) और तीसरे स्थान पर उदयपुर (14) करनाल (17) जयपुर (19) रहे । विजेता खिलाड़ियों की टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय नालन्दा, बिहार के लिए 19 अगस्त 2025 को प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे उप प्राचार्य सुभाष चंद, केशव देव मीणा, मोहम्द आरिफ़ खान, प्रेम चंद सैनी, राजकुमार मीणा, पवन कुमार सोनी, दुष्यंत यादव, भगवान दास, सुनिता यादव, विनोद कुमारी, मोनिका यादव, ममता, मनोज कुमार शर्मा, बलवान सिंह, कृष्ण सिंधु पीयूष गुप्ता आदि की विशेष भूमिका रही।

### स्वास्थ्य जांच शिविर सोमवार को

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोलाहेड़ा स्थित ग्राम पंचायत भवन में आगामी 21 जुलाई सोमवार को प्रातः 09 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा, परामर्श व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व शिविर संयोजक महेन्द्र गुर्जर ने बताया कि समाजसेवी स्व.दीनाराम जांगल की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित किये जा रहे शिविर में आंख, कान, ब्लड प्रेशर व शुगर की निःशुल्क जांच कर दवाईयां दी जायेगी। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. संतोष पटेल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय रावत व ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शुभम गौड अपनी सेवायें प्रदान करेगें।

### युवक की गुमशुदगी का मामला दर्ज

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड से एक 20 वर्षिय युवक की गुमशुदगी का मामला सामने आया हैं। इस सम्बंध में प्रदीप मांडैया ने रिपोर्ट में बताया है कि सरूण्ड माता मंदिर की सीढ़ियों के पास रहने वाला मोहित वर्मा (20) पुत्र हरिश मिस्त्री विगत 16 जुलाई की सुबह 07.30 बजे से अपने घर से लापता हैं। उसने काली पेंट व मटमैली शर्ट पहन रखी हैं एवं रंग गोरा हैं। परिजनों ने युवक की आसपास के ईलाकों, दोस्तों व रिशतेदारी में तलाश के बाद सरूण्ड थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### चांदसिंहपुरा रपटे में दो युवक बहे

**टोंक ।** घाड़ थाना क्षेत्र के दूनी-नगरफोर्ट स्टेट हाइवे पर शुक्रवार देर रात ग्राम चांदसिंहपुरा के पास खाल (बड़ा नाला) की रपटे को पार करते समय बहे दो बाइक सवार में से एक युवक का शव शनिवार दोपहर को मिला तथा दूसरा बाइक सवार का साथी दूनी अस्पताल में भर्ती है। जिसने बहते समय कुछ दूरी पर पेड पर चढ़कर जान बचाई थी, जो पेड़ से कूदते समय चोटिल हो गया था। घटना में दोनो युवक घाड़ निवासी है, जिसमें से जिदां युवक भगवान पुत्र छीतर लाल जांगिड़ उम्र 45 साल तथा दूसरा मृतक युवक किशन लाल पुत्र जगदीश जांगिड़ उम्र 42 बताये जा रहे है। घटना की सूचना पर दूनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। शनिवार सुबह से दूनी तहसीलदार नरेंद्र बापडिया, देवली पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह जाट, दूनी थानाधिकारी हेमंत जनागल मौके पर मौजूद रहे। शनिवार को एसडीआरएफ की टीम द्वारा एक घंटे तक चले रेस्क्यू कार्य के बाद मृतक किशन लाल के शव को करीब एक किलोमीटर दूर बरामद किया ।

## राव रत्ना जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाएगी

**■ भोनावास में राव रत्ना जयंती समारोह को लेकर गांव इकाइयों में बैठक का आयोजन कर आमंत्रित किया**

**पावटा ।** ग्राम भोनावास में 27 जुलाई श्रावण सुदी तीज को राव रत्ना जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक को लेकर गांव में समाज के गणमान्यजनों की एक बैठक का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए सत्ताईसा कार्यकारिणी से हरी सिंह खेलना संरक्षक, दशरथ सिंह भोनावास अध्यक्ष, रामावतार सिंह बड़नगर पूर्व अध्यक्ष, करण सिंह भोनावास कार्यकारी सदस्य ने बताया कि समारोह मे शिरकत करने के लिए आमंत्रण हेतु सत्ताईसा कार्यकारिणी ने ललाना, पंडितपुरा, भोनावास, खेलना एवं बागावस गाँवों मे संपर्क कर इकाईयों मे राजपूत सरदारों की बैठक का आयोजन कर समारोह मे आने के लिए आमंत्रण दिया गया। वही रत्ना जी के शेखावतों मे थामा संसोधन के विषय मे विचार विमर्श हुआ। राव रत्ना जी भवन मे जिन अंशदाताओं ने अंशदान किया उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ललाना इकाई की बैठक प्रमुख रूप से कल्याण सिंह पूर्व अध्यक्ष सत्ताईसा, दिनेश सिंह इकाई अध्यक्ष , रतिपाल सिंह, अजीत सिंह, घनश्याम सिंह भगत, गौरव सिंह, अशोक सिंह, घनश्याम सिंह, ओम सिंह आदि उपस्थित रहे। पंडितपुरा की बैठक मे प्रमुख रूप से शिवनारायण सिंह इकाई अध्यक्ष पंडितपुरा, पूरण सिंह ,महावीर सिंह,कप्तान पूरण सिंह, आदि उपस्थित रहे। भोनावास बैठक मे प्रमुख रूप से हंसराज सिंह इकाई अध्यक्ष, राजपाल सिंह पूर्व सरपंच, राजेंद्र सिंह आदाली, धर्मपाल सिंह , हरवीर सिंह , बिशन सिंह , महेंद्र सिंह , मुंशी सिंह , महेंद्र सिंह ढाणी, गोपाल सिंह, बजरंग सिंह , आदि उपस्थित रहे । खेलना बैठक मे प्रमुख रूप से विनोद सिंह इकाई अध्यक्ष, लीलू सिंह, निरंजन सिंह, हनुमान सिंह, रतन सिंह, सुगन सिंह, भवानी सिंह, अजीत सिंह, मोहन सिंह, धर्मपाल सिंह, अमर सिंह, महेंद्रसिंह, नरपत सिंह, भीम सिंह, सुरेश सिंह, बहादुर सिंह एवं शक्ति सिंह उपस्थित रहे। बागावास बैठक मे प्रमुख रूप से मामन सिंह इकाई अध्यक्ष, दातार सिंह, अमर सिंह, मोहन सिंह, विजेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह, गजराज सिंह उपस्थित रहे।

# पावटा में विशाल शिव कांवड शिविर का शुभारंभ

**■ कांवड लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शक्ति कावड सेवा संघ करेगा स्वागत**

**पावटा।** शक्ति कांवड़ सेवा संघ पावटा की ओर से शिवरात्रि के उपलक्ष्य में 25वें विशाल कांवड सेवा शिविर का आयोजन 19 जुलाई से 23 जुलाई तक पुराना रोड पावटा भोनावास फ्लाई ओवर के पास में श्री श्री 108 श्री मंगलदास महाराज टोरडा धाम, श्री श्री 108 मोहनदास महाराज गोपाल भैया मंदिर पावटा, श्री श्री 108 जयरामदास महाराज बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर के करकमलों व पंडित मनोज शास्त्री द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसमें झंडा एवं भट्टी पूजन गुरुवार को सुबह विधि-विधान से हुआ।

शिविर के शुभारंभ पर शक्ति कांवड़ सेवा संघ पावटा अध्यक्ष सुनील शर्मा दिल्ली के नेतृत्व में शिविर आयोजक तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष व भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा समिति सदस्यों व क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा साधु संतो का माला व साल ओढाकर सम्मान किया गया। शक्ति सेवा संघ आयोजक राजेश शर्मा द्वारा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा द्वारा शक्ति कांवड़ सेवा संघ पावटा अध्यक्ष सुनील शर्मा दिल्लीव प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह का भव्य स्वागत किया गया। शक्ति सेवा संघ आयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में बडी संख्या में शिव के भक्त भोले को जल चढाने के लिए दूर-दूर से कावड लाते है। शिव भक्तों को रास्ते में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इस हेतु कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए सात दिवसीय कावड सेवा शिविर लगाया गया है। यह पावटा का सबसे प्रमुख एवं विख्यात शिविर है। शक्ति कांवड़ सेवा संघ समिति पावटा द्वारा पिछले 25 वर्षों से लगातार कांवड़ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा भोनावास फ्लाई ओवर के पास सर्विस रोड पुराना रोड पावटा के पास लगाए गए शिविर में कांवडियों के विश्राम करने सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कावड़िये विश्राम करने के बाद वह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जाते हैं। राजेश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में पावटा कस्बा सहित आस पास के क्षेत्र के ठाामीणों का भी पूरा सहयोग रहता है। इस मौके पर अनेक प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक चेहरे उपस्थित रहे और वातावरण शिवमय हो गया। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड, रवि शर्मा, अशोक शर्मा, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह, शिक्षाविद दुर्गादत्त भारद्वाज, शिवपाल राठी, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक सैनी, नरपत सिंह, जुगल किशोर यादव, बनवारी लाल, हरद्वारी लाल, विष्णु शर्मा, पूर्व वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुरेश शर्मा, हरि सैनी, सुनील कुमावत, राहुल शर्मा, गजानंद टीलावत, किशन शर्मा, विकास शर्मा, दीपक पटेल, ललित शर्मा, अशोक सैनी, टिंकू प्रजापत, रामकरण वर्मा, हरी सैनी, भुनेश शर्मा, अमित शर्मा, विपिन शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, योगेश शर्मा, केशव गर्ग, मोहनलाल सैनी सहित बडी संख्या में शिव भक्त एवं कमेटी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और वातावरण शिवमय हो गया।

# न्यायिक कर्मचारियों के कैडर पुर्नगठन की मांग, न्यायिक कार्य रहे बाधित



राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला कोटपूतली-बहरोड की नव गठित कार्यकारिणी का स्वागत किया।

**कोटपूतली।** अधीनस्थ न्यायालयों व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मंत्रालयिक संवर्ग (सामान्य) व आशु लिपिक संवर्ग का राजस्थान हाईकोर्ट के प्रस्ताव के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा कैडर पुर्नगठन नहीं किये जाने के विरोध में राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेश भर में 18 जुलाई से अधीनस्थ न्यायालयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक कर्मचारियों की अनिशिचतकालीन सामूहिक हड़ताल के क्रम में शनिवार को स्थानीय जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर के कोटपूतली मुख्यालय के न्यायिक कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये।

इस दौरान कर्मचारियों में राज्य सरकार के प्रति गंभीर रोष नजर आया। न्यायिक कर्मचारियों का कहना था कि राजस्थान हाईकोर्ट की अवहेलना करना राज्य सरकार की गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता हैं। शनिवार को धरने के प्रथम दिन न्यायिक कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर के नेतृत्व में अधिवक्तागणों ने अपना समर्थन पत्र दिया। तंवर ने कहा कि न्यायिक कर्मचारी अदालतों की रीढ़ की हड्डी हैं, इनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाशत नहीं किया जायेगा। तंवर ने न्यायिक कर्मचारियों के कैडर रिव्यू को राज्य सरकार द्वारा जल्द से जल्द पुरा किये जाने की मांग करते हुये कहा कि सरकार ने ऐसा नहीं किया तो अधिवक्ता समुदाय कंधे से कंधा मिलाकर न्यायिक कर्मचारियों के आन्दोलन में शामिल होगा।

धरना स्थल पर राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला कोटपूतली-बहरोड़ की कार्यकारिणी का भी सर्वसम्मति से गठन करते हुये सभी तालुकाओं को शामिल किया गया। कार्यकारिणी में फकीर चंद शर्मा को अध्यक्ष, हेमंत शर्मा को उपाध्यक्ष, लालचंद को सचिव, अशोक कुमार यादव को संयुक्त सचिव, सौरभ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। जबकि संघर्ष समिति में सुभाष चंद वशिष्ठ व भगवत दयाल धनवाल को शामिल किया गया हैं। जबकि दिनेश कुमार शर्मा को बहरोड़ तालुका, महेन्द्र कुमार को बानसूर, सुरेन्द्र धानिया को नीमराणा, रणजीत को विराटनगर व सुबोध को पावटा तालुका प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में अनुराग शर्मा, विक्रम मीणा व नवीन शर्मा को शामिल किया गया हैं। जिलाध्यक्ष फकीर चंद शर्मा ने बताया कि कैडर पुर्नगठन की मांग को लेकर राज्य न्यायिक कर्मचारी संघ के समर्थन में न्यायिक कर्मचारियों की कोटपूतली मुख्यालय पर अनिशिचतकालीन हड़ताल सोमवार को भी बदस्तुर जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि अधीनस्थ न्यायालयों व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदस्थापित सामान्य व आशुलिपिक संवर्ग के न्यायिक कर्मचारियों का कैडर पुर्नगठन राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमशः 25 मई 2022 व 04 अक्टुबर 2022 के परिप्रेक्ष्य में किया जाना है। इस सम्बंध में राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा भी राज्य सरकार को जिला न्यायालय लिपिक वर्गीय संस्थापन नियम 1986 में संशोधन करने के फुल बैंच द्वारा पारित आदेश राज्य सरकार को 06 मई 2023 को ही भेजे जा चुके हैं।

## अभियान के तहत पौधों का वितरण किया

**सादुलपुर ।** वन विभाग राजगढ के परिसर में भाजपा नेता वेदप्रकाश पूनिया के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों को पौधों का वितरण किया गया। राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय राजगढ चूरू में विद्यार्थियों को शनिवार को एक नई पहल करते हुए पौधे वितरित किए गए। राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के अभियान हरियालो राजस्थान 2.0 में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को समझाने एवं वृक्षारोपण के महत्व को जानने के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत डीएफओ सुरत सिंह पूनिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पौधे लगाने हेतु की जानें वाली आवश्यक गतिविधियों की जानकारी दी। वेदप्रकाश पुनिया ने प्रत्येक बच्चे को 'एक पेड माँ के नाम' थीम के तहत पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। प्रत्येक विद्यार्थी एवं उपस्थित आम जन एवम शिक्षकों को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा की शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए राउमावि राजगढ में जो नवाचार किया गया है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी ने अपनी पसंद के पौधे का चयन अपनी इच्छानुसार कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लिया है।

# शिविर लगाकर पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण की जानकारी दी




पीएलवी सूरजभान ने विद्यालय में बालिकाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जानकारी दी।

**किशनगढ़ बास।** राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार पीएलवी सूरज भान कछवाहा ( तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढ़ बास) द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ बास में विधिक जागरूकता शिविर के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण वृक्षारोपण अभियान की जानकारी उपस्थित बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को प्रदान की गई।

पीएलवी सूरज कछवाहा नें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और अनियंत्रित विकास के कारण हमारे पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इसी संदर्भ में, लोगों को जागरूक करने हेतु "पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण जागरूकता शिविर" का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा आज हम लोगों के लिए और आधुनिकरण को देखते हुए तथा जनसंख्या वृद्धि होने के कारण वनों की कटाई अधिक हो रही है तथा वृक्षारोपण बहुत काम किया जा रहा है जिसका को प्रभाव मानव जाति पर सीधा पड़ रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण आपकी सहायता एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

वहीं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वन व बालिका 2025 "सृजन की सुरक्षा"योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सृजन की सुरक्षा योजना के तहत वर्ष 2025 में किसी भी बालिका का जन्म होता है तो प्रत्येक जन्म लेने वाली बालिका के परिवार द्वारा 11 पौधे लगाये जाएंगे। इन पौधों की प्रारम्भिक देखभाल और पोषण की जिम्मेदारी सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से प्रोत्साहित व सुनिश्चित की जाएगी।

इसमें नवजात बालिका के परिवार और स्थानीय महिला समुहों को शामिल किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर योजना अन्तर्गत लगवाये जाने वाले पौधों की उपलब्धता वन विभाग द्वारा की जाएगी। वन विभाग रोपे गए पौधो/वृक्षो के रख रखाव के लिए सहायता प्रदान करेगा। उक्त जन्म लेने वाली प्रत्येक हरित बालिका को एक विशिष्ट पहचान पत्र जारी किया जाएगा, जो वृक्षारोपण पहल के माध्यम से जुडी है।

## गुरु के सानिध्य में होता है व्यक्तित्व का विकास : दिनेश शर्मा

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय शाकंभर महाविद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की स्थानीय इकाई के तत्वावधान में गुरु-वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शुभारम्भ मां सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्रों के समक्ष दीप-प्रज्वलन एवं गुरु वन्दना से हुआ।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सांभर जिला संघ चालक दिनेश चंद शर्मा रहे। उन्होंने शैक्षिक महासंघ द्वारा गुरुवंदन कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित करने की परंपरा को श्रेष्ठ बताते हुए इसे एबीआरएसए की अनूठी और प्रेरक पहल कहा। अपने उद्बोधन में गुरु के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु न केवल विद्यार्थी के व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि उसके सर्वांगीण विकास की चिंता और प्रयास करता है। गुरु केवल वेतन भोगी शिक्षक नहीं, वह कैपेसिटी बिल्डिंग करने वाला व्यक्तित्व है। गुरु इंद्रिय अनुभूतियों से ऊपर उठ कर प्रकृति में व्याप्त अनहद नाद तक सुन पाने की शक्ति जाठात करा सकने वाली दिव्य शक्ति है। हम जो भी बन पाते हैं, उसमें गुरु के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का बड़ा योगदान होता है। डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, जयपुर जिला उपाध्यक्ष एबीआरएसए ने विषय प्रवर्तन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु शब्द भारतभूमि से उपजा शब्द है, जो यहा की मूल गुरु परंपरा और गुरुतत् की लंबी साधना से सिंचित है। हमारे अज्ञान को दूर करने वाले गुरु को तभी तो भारतीय परंपरा में ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया गया है। गुरु वंदन कार्यक्रम शिक्षकों को अपनी भूमिका को पुनर्स्मर एवं परिमार्जन का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने संगठन द्वारा वर्ष पर्यन्त आयोजित किए जाने वाले स्थायी कार्यक्रमों यथा कर्तव्य बोध दिवस, नव संवत्सर, जीव सृष्टि कल्याण, एक शिक्षक एक वृक्ष आदि पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मोहम्मद अनवर कुरैशी ने की। प्रो. कुरैशी ने भगवद्पुरण और भगवद गीता जैसे जीवन का दर्शन और बोध कराने से हमें आत्मिक ज्ञान प्राप्त होता है। गुरु का कर्तव्य है कि वह अपने विद्यार्थियों को अज्ञान के अंधकार से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश में अवगाहन कराये। साथ ही, विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे गुरु पर श्रद्धा रखते हुए गुरु द्वारा प्रदर्शित सन्मार्ग पर अठासर हो। कार्यक्रम के अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापित डॉ. नंदा राम ने किया।



क्रिकेट में विराट कोहली की विरासत को उनके भाई के बेटे आर्यवीर कोहली आगे बढ़ाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। आर्यवीर कोहली क्रिकेट में करियर बनाने के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं। – सरनदीप सिंह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आर्यवीर के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **मोहम्मद शमी**



तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी घरेलू सीजन के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की विस्तारित सूची में शामिल किया गया है। 28 अगस्त से शुरु होने वाली दलीप ट्रॉफी वे पूर्व जोन की ओर से खेल सकते हैं। यह शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का मंच बन सकता है। शमी ने भारत के लिए 64 टेस्ट, 108 एकदिवसीय और 25 टी-20 मैच खेले हैं। एक लंबे अंतराल के बाद टखने की सर्जरी से उबरकर उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इस टूर्नामेंट में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने नौ टेस्ट मैनचेस्टर में खेले उनमें से चार हारे और पांच ड्रॉ हुए हैं, उसने इस मैदान पर पहला मुकाबला 1936 में इंग्लैंड से खेला था।

## संकट में एशिया कप! ढाका की बैठक का बहिष्कार करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली, 19 जुलाई। बीसीसीआई ने 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। बांग्लादेश में भू-



राजनीतिक तनाव और मैदान पर बिगड़ती स्थिति के बीच, भारतीय बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर बैठक का स्थान नहीं बदला गया तो वह बैठक में पारित किसी भी प्रस्ताव का बहिष्कार करेगा। इस साल टी20 प्रारूप में होने वाला एशिया कप अभी भी अधर में लटका हुआ है। भारत को मेज़बान देश घोषित किए जाने के बावजूद, टूर्नामेंट का न तो आधिकारिक तौर पर कार्यक्रम तय किया गया है और न ही एसीसी ने इसके लिए कोई निश्चित स्थल तय किया है। हालाँकि अटकलें सितंबर में होने की ओर इशारा कर रही हैं, लेकिन स्पष्टता की कमी ने असमंजस को और बढ़ा दिया है। 24 जुलाई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के स्थान को लेकर बीसीसीआई की कड़ी आपत्ति ने इस अफरा-तफरी को और बढ़ा दिया है। इस घटनाक्रम से वाकिफ एक सूत्र ने एएनआई को बताया कि भारत ढाका में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजेगा और उसने पहले ही आयोजन स्थल बदलने का अनुरोध कर दिया है। लेकिन एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। एशिया कप तभी हो सकता है जब बैठक का स्थान ढाका से बदला जाए। उन्होंने कहा कि एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नक़वी बैठक के लिए भारत पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हमने उनसे बैठक स्थल बदलने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अगर मोहसिन नक़वी ढाका में बैठक करते हैं, तो बीसीसीआई किसी भी प्रस्ताव का बहिष्कार करेगा। गौरतलब है कि नक़वी वर्तमान में पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री दोनों हैं, और इस दोहरी भूमिका ने एशिया कप की तैयारियों के राजनीतिक पहलुओं को और जटिल बना दिया है।

## पवन ने वर्ल्ड स्ट्रैंथ लिफ्टिंग थाईलैंड में जीता कांस्य पदक


जयपुर, 19 जुलाई। पवन कुमावत ने एक बार फिर प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। राजस्थान



स्ट्रेंथ लिफ्टिंग संघ के सचिव चन्द्रेश सोनी ने बताया कि पवन कुमावत ने थाईलैंड में 16 से 19 जुलाई तक चल रही 12 वि वल्ड स्ट्रैथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप सिनियर 76 किलो भार वर्ग मे इन्कलाईन बेन्च पर्स मे 125 किलो वजन उठाकर भारत के लिए ब्रोन्च मेडल जीता, पवन इससे पूर्व भी देश को कई अंतरराष्ट्रीय पदक दिला चुके हैं। पवन कुमावत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता जगदीश प्रसाद व नान्छी देवी तथा अपने मार्गदर्शक कोच पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ को दिया है।

## राजस्थान की बेटी गौरी का दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में चयन

जयपुर, 19 जुलाई। राजस्थान की गौरी शर्मा ने प्रदेश का नाम रोशन करते हुए दिल्ली स्पोर्ट्स



यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में बॉक्सिंग के लिए चयनित होकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह पहली बार है जब राजस्थान से किसी छात्रा का इस प्रतिष्ठित खेल संस्थान में चयन हुआ है। गौरी की इस सफलता से न केवल उसके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि यह प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है। गौरी अब राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेनिंग के साथ देश के लिए पदक जीतने की दिशा में अग्रसर है।

## भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम ने कजाकिस्तान को हराया

शेनझेन (चीन), 19 जुलाई। भारतीय बास्केटबॉल टीम ने शनिवार को फीबा महिला एशिया कप 2025 डिवीजन बी टूर्नामेंट में कजाकिस्तान को 103-77 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। श्रीकला रानी ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल में सर्वाधिक 30 अंक बनाए, जबकि कजाकिस्तान की ओर से डारिया कोरोलेवा 15 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। टूर्नामेंट में उच्च रैंकिंग वाली कजकिस्तान पर भारत की यह दूसरी जीत है, इससे पहले उसने ग्रुप ए के अपने पहले मैच में उन्हें 85-68 से हराया था। भारत ने अनीशा क्लीटस के थ्री-पॉइंटर के साथ शानदार शुरुआत की और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। इसके तुरंत बाद श्रीकला रानी ने भी आक्रामक खेल दिखाया और भारत ने शुरुआत में ही 5-0 की बढ़त बना ली। विश्व में 14वें नंबर की टीम कजाकिस्तान ने फिर वापसी की और 7-5 की बढ़त बना ली।

# गार्ड्स पोलो क्लब में रोमांचक मुकाबले में जयपुर टीम ने जीती जयपुर ट्रॉफी

## बारिश में खेले गए ऐतिहासिक मैच में जयपुर ने किया निर्णायक गोल

विंडसर, 19 जुलाई। इंडियन पोलो डे के तहत खेले गए प्रतिष्ठित जयपुर ट्रॉफी मुकाबले में जयपुर पोलो टीम ने रोमांचक अंदाज़ में जीत दर्ज की। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह के नेतृत्व में जयपुर टीम ने गार्ड्स पोलो क्लब को 8-7 से हराया। यह ऐतिहासिक ट्रॉफी 10 वर्षों के अंतराल के बाद फिर से पुनः प्रारंभ हुई और बारिश के बावजूद क्वीन स ग्राउंड में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह मैच न केवल जयपुर ट्रॉफी के लिए था बल्कि यह इंडियन पोलो शील्ड (18 गोल) टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला भी था।

सवाई पद्मनाभ सिंह ने 4 गोल किए, जिसमें फाइनल मिनटों में खेला गया विजयी गोल भी शामिल रहा। टीम जयपुर ने नए और अनजान घोड़ों के बावजूद बेहतरीन तालमेल और साहस का प्रदर्शन किया और पूरे खेल में दबदबा बनाए रखा। गार्ड्स पोलो क्लब ने भी कड़ी टक्कर दी। विलियम एमर्सन ने आक्रामक खेल दिखाया। एक समय पर गार्डस को जीत के लिए सिर्फ दो गोल की जरूरत थी, लेकिन




जयपुर की टीम ने आखिरी तक अपनी पकड़ बनाए रखी। बारिश के कारण आखिरी चक्कर लगभग पूरी तरह बारिश में खेला गया, जिसने मैच को और भी रोमांचक बना दिया। सवाई पद्मनाभ सिंह ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और आख़िरी क्षणों तक मोर्चा संभाले रखा उनकी कप्तानी और जज़्बे ने टीम को जीत तक पहुँचाया। इस खास मौके पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे, जिनमें ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त श्री विक्रम दोराईस्वामी, भारतीय डायस्पोरा के प्रमुख सदस्य और अंतरराष्ट्रीय कारोबारी समुदाय शामिल थे। यूनाइटेड स्टेट्स पोलो एसोसिएशन के ग्लोबल सीईओ भी एचएच जयपुर के आमंत्रण पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की सांस्कृतिक झलक भारतीय और ब्रिटिश दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही, जहां नाट्यश्री डांस ग्रुप की प्रमुख गीता के नेतृत्व में बच्चों द्वारा प्रस्तुत भारतीय फ्यूज़न नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। 2014 के बाद पहली बार खेली गई जयपुर ट्रॉफी, अब सवाई पद्मनाभ सिंह के प्रयासों से पुनः स्थापित हुई है। इसकी शुरुआत 1968 में हुई थी और यह मुकाबला एक बार फिर भारत-ब्रिटेन पोलो संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक बना।

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को तीन माह की राहत दी

सिंगापुर, 19 जुलाई। संकटग्रस्त यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी ) को तीन महीने की राहत दी गई है, जबकि चयन का एक हाइब्रिड मॉडल 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेलने वाली टीमों का निर्धारण करेगा। शनिवार 19 जुलाई को सिंगापुर में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में यूएसएसी को और समय देने का फैसला किया गया, जो प्रशासन संबंधी मुद्दों को लेकर आलोचनाओं का शिकार रहा है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि अमेरिकी क्रिकेट संस्था, देश की सर्वोच्च ओलंपिक संस्था, अमेरिकी ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) के साथ टकराव में आ गई है।

आईसीसी द्वारा लगभग एक साल से नोटिस दिए जाने के बाद – जुलाई 2024 में आईसीसी के पिछले वार्षिक सम्मेलन में इसे नोटिस दिया गया था – यूएसएसी को अपनी व्यवस्था दुरुस्त करनी थी। हालांकि, पिछले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करने वाली सामान्यीकरण समिति, इस प्रगति से बहुत प्रभावित नहीं हुई।

किसी अन्य स्थिति में, आईसीसी सदस्य को निलंबित करने का अगला तार्किक कदम उठा सकता था। हालांकि, यूएसएसी को आगामी ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने वाले देश की असाधारण स्थिति का लाभ मिलता दिख रहा है। स्थिति की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, जय शाह के नेतृत्व वाली आईसीसी ने इस संस्था को तीन महीने की मोहलत दी है – सिंगापुर में वर्तमान में चल रहे वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने वालों के अनुसार, यह निर्णय आईसीसी बोर्ड ने शनिवार को लिया।

हालांकि, यहां स्थिति की विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है। अमेरिकी पुरुष और महिला टीमों के ओलंपिक खेलों के लिए स्वतः योग्यता प्राप्त करने की उम्मीद है, लेकिन उन टीमों का चयन कौन करेगा, यह विश्व और स्थानीय क्रिकेट प्रशासकों के सामने एक बड़ी दुविधा बनी हुई है। क्या यूएसएसी को – अगर वह अगले तीन महीनों के भीतर प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा कर लेता है – यूएसओपीसी द्वारा टीमों का चयन करने की अनुमति दी जाएगी।

## जुरेल को मैनचेस्टर टेस्ट में मिल सकती है प्लेइंग-11 में जगह

मैनचेस्टर, 19 जुलाई। गुरुवार की सुबह भारतीय अभ्यास सत्र के दौरान बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड से गेंद नेट्स के बाहर आ रही थी। बल्ले से गेंद टकराने के बाद टुक, टुक, टुक की एक मधुर आवाज भी आ रही थी जो खाली पड़े मैदान में गूंज रही थी। शॉट्स इतने ताकतवर थे कि गेंद सीधे प्लास्टिक की सीटों पर जाकर गिर रही थी, लॉन्ग ऑन से लेकर पेड़ों के बीच होते हुए ध्रुव जुरेल के लॉफ्टेड शॉट्स काऊ कॉर्नर तक पहुंच रहे थे। जुरेल सफेद टी-शर्ट में बेहद सहज अंदाज में आक्रामक शॉट्स खेल रहे थे।

जुरेल के सामने अब थे पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल, जो 20 यार्ड से गेंदबाजी कर रहे थे। मॉर्कल उनके स्टंप्स और ऑफ स्टंप के बाहर बल्ले के किनारे को निशाना बना रहे थे। जुरेल उनके सामने तकनीकी तौर पर बिल्कुल सहज थे और अच्छे फुटवर्क के साथ डिफेंस कर रहे थे। जुरेल का डिफेंस इसलिए भी अच्छा हो रहा था क्योंकि यही उनकी खासियत है, जब से उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू किया है तब से ही उनकी तकनीक डिफेंस और आक्रामक खेल दोनों में ही शानदार है। जिस वजह से उनकी बल्लेबाजी बेहद सहज नजर आती है।

भारतीय सैनिक के पुत्र जुरेल की शारीरिक भाषा भी एक सैनिक की ही तरह है, वह सीना चौड़ा कर चलते हैं और हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज नजर आते हैं। जिस समर्पण और दिमागी तौर से बिल्कुल स्पष्ट अंदाज में वह खेलते हैं उसी की बदौलत कम समय में ही उन्होंने भारत के लिए मैच जिताऊ पारियां खेल ली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में धीमी और कम उछाल वाली पिच पर भी उन्होंने बेहतरीन 90 रन की पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया था।


## टेस्ट में इतिहास बनाने से 31 रन दूर जो रूट

मैनचेस्टर, 19 जुलाई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट टेस्ट क्रिकेट में एक ताकत रहे हैं। कप्तानी छोड़ने के बाद से, 34 वर्षीय रूट टेस्ट क्रिकेट में बेहद प्रभावशाली रहे हैं और अब जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ के शानदार टेस्ट रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर हैं। गौरतलब है कि रूट को टेस्ट क्रिकेट इतिहास में तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए केवल 31 रनों की ज़रूरत है। सचिन तेंदुलकर 15921 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं, उनके बाद रिकी पोंटिंग 13378 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ क्रमशः 13289 और 13288 रनों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रूट, जिनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 13259 रन हैं, मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट में कैलिस और द्रविड़ को आसानी से पीछे छोड़ सकते हैं। वह चौथे टेस्ट में पोंटिंग को पीछे छोड़कर टेस्ट इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। शेफ़ील्ड में जन्मे रूट को केवल 119 रनों की ज़रूरत है।

## शास्त्री ने केएल राहुल की तकनीकी कुशलता का खुलासा किया

लंदन, 19 जुलाई। पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री को उम्मीद है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल लंबे प्रारूप में और शतक लगाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में भारत के लिए बल्ले से अहम योगदान देने वालों में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शामिल हैं। तीन टेस्ट मैचों में 375 रन, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है, के साथ राहुल अब तक श्रृंखला में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। राहुल के हालिया प्रदर्शनों ने उन्हें भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री की सराहना दिलाई है।

आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में बात करते हुए, शास्त्री ने इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का समर्थन किया। शास्त्री ने कहा, ''मुझे लगता



है कि दुनिया में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं था जिसने उनकी क्षमता को नकारा हो और कहा हो कि वह (राहुल) प्रतिभाशाली नहीं हैं।'' उन्होंने कहा, ''लोगों को इस बात से चिढ़ थी कि इतनी प्रतिभा के बावजूद, वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। और इस सीरीज में, आप राहुल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देख रहे हैं।'' शास्त्री ने आगे बताया कि राहुल ने इस फॉर्म को पाने के लिए एक तकनीकी बदलाव किया है। उन्होंने कहा, ''मैं देख रहा हूं कि उन्होंने अपने अगले पैर, अपनी मुद्रा और डिफेंस करते समय थोड़ा सा बदलाव किया है।''

शास्त्री ने कहा, ''यह थोड़ा खुल गया है, जिससे उनकी पीठ आसानी से बाहर आ जाती है। यहां तक कि जब वह मिड-विकेट की ओर मार रहे होते हैं, तब भी ब्लेड का पूरा मुंह सामने होता है।'' शास्त्री ने कहा, ''उन्हें ब्लेड का सामने वाला हिस्सा बंद करने और गिरकर मुसीबत में पड़ने की जरूरत नहीं है, जैसा कि वह पहले करते थे। वह पगबाधा आउट हो जाते थे, बोल्ड हो जाते थे, वह बहुत दूर निकल जाते थे और फिर पगबाधा आउट भी हो जाते थे।''

## रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है : डेविड

जमैका, 19 जुलाई। कैरेबियाई मैदान पर अधिक टी-20 मैच खेलने का अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड का मानना है कि होबार्ट हरिकेंस के साथी मिच ओवेन की शैली वेस्टइंडीज में खेलने के लिए उपयुक्त है। आप अच्छी पिच पर निर्भर नहीं रह सकते है, कई बार रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है। रविवार से शुरु हो रही टी-20 श्रृंखला से पहले डेविड ने कहा, वह अपने करियर की शुरुआत में है, इसलिए मुझे यकीन है कि उसे दुनिया के इस हिस्से में खेलने का काफी अनुभव होगा। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे कैरिबियन में टी-20 क्रिकेट खेलने का थोड़ा अनुभव है और मिच का खेल यहां खेले जाने वाले क्रिकेट की इस शैली के लिए काफी उपयुक्त है। आप केवल अच्छी पिचों पर निर्भर नहीं रह सकते। कई बार रन बनाने के लिए आपको पावर की जरूरत होती है, और आपको खुद पर भरोसा करना होता है। डेविड ने 31 मैच खेले हैं, जिनमें से 24 कैरिबियाई प्रीमियर लीग में और सात पिछले साल के टी-20 विश्व कप के दौरान खेले थे। यह उन्हें मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम में कैरिबियाई परिस्थितियों में खेलने का सबसे अनुभवी खिलाड़ी बनाता है।

## हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

हैदराबाद, 19 जुलाई। बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ द्वारा भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है। बिहार ने 2012 में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप के पहले संस्करण की भी मेजबानी की थी।

## अभिनव बिंद्रा ने साय से की मुलाकात

रायपुर, 19 जुलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की और साय ने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। साय ने बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं।

## गोल्ड जीतने के बाद नहीं मिले कई पुरस्कार, अरशद नदीम ने खोली पाकिस्तान की पोल



नई दिल्ली, 19 जुलाई। पाकिस्तान के ओलंपिक हीरो अरशद नदीम ने 2024 के पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद अपने देश की सरकार और अधिकारियों द्वारा किए गए अधूरे वादों पर सवाल उठाए हैं। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत के नीरज चोपड़ा को हराकर पाकिस्तान के लिए पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले नदीम ने खुलासा किया कि उनकी उपलब्धि के लिए इनाम के तौर पर घोषित ज़मीन के टुकड़े कभी नहीं दिए गए। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर की छलांग लगाकर इतिहास रच दिया और डेनमार्क के एंड्रियास थोरकिल्डसन द्वारा 2008 में बनाए गए ओलंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रजत पदक जीतने वाले गत विजेता नीरज चोपड़ा पर उनकी जीत पाकिस्तान के लिए बेहद गर्व की बात थी। सरकार, राज्य के अधिकारियों और सार्वजनिक संस्थाओं ने नदीम को नकद पुरस्कार, ज़मीन के प्लॉट और विभिन्न सम्मानों सहित ढेरों इनाम देने का वादा किया। हालांकि, एक साल बाद, नदीम ने जियो टीवी से बात करते हुए खुलासा किया, ''मेरे लिए जितने भी इनामों की घोषणाएँ की गईं, उनमें से सभी प्लॉट की घोषणाएँ फ़र्ज़ी थीं, जो मुझे नहीं मिलीं। इसके अलावा, मुझे घोषित सभी नकद पुरस्कार मिल चुके हैं।''

## राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन की साधारण सभा की वार्षिक बैठक आज

जयपुर, 19 जुलाई। राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन की साधारण सभा की वार्षिक बैठक रविवार 20 जुलाई 2025 को सायं 6 बजे रेडिसन होटल सिटी सेंटर पर आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन नीरज के पवन होंगे तथा सचिव राजेंद्र सिंह विशेष आमंत्रित के रूप में भाग लेंगे। बैठक का आयोजन राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में विशेष सहयोग के लिए अनुज गोयल और अमित गोयल, निदेशक, गुस्तूरा फूड प्राइवेट लिमिटेड, दीपेंद्र सिंह प्रेसिडेंट राजस्थान तीरंदाजी संघ, संजीव गौड ओरिएंटल एडुमेड प्राइवेट लिमिटेड कोसम्मानित किया जाएगा। इसके बैठक में भाग लेने वाले सभी सदस्यों से आवश्यक विवरण प्राप्त कर उनको एक्रेडिटेशन कार्ड जारी किए जा चुके हैं। बैठक के दौरान उन्हीं लोगों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी जिनको एक्रेडिटेशन कार्ड जारी किए गए हैं।

### आरसीए एडहॉक कमेटी ने नाथद्वारा पहुंच मिराज स्टेडियम का किया निरीक्षण

# मिराज स्टेडियम पर बीसीसीआई - आरसीए के मैच आयोजित होने पर हुई चर्चा : डी.डी. कुमावत

जयपुर, 19 जुलाई। राजस्थान क्रिकेट संघ की नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत , सदस्य पिंकेश पोरवाल व मोहित यादव ने नाथद्वारा पहुंच आराध्य देव श्रीनाथ जी के दर्शन कर मिराज स्टेडियम का अवलोकन किया।संयोजक डी डी कुमावत ने बताया कि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की विभिन्न राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं, आरसीए की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण शिविरों के नाथद्वारा के मिराज क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित करने का प्रस्ताव आरसीए को मिराज क्रिकेट स्टेडियम संचालकों द्वारा प्राप्त हुआ था।पिछले दिनों आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग में इस सबंधमें चर्चा के बाद आज हमारी 3 सदस्य कमेटी ने नाथद्वारा पहुंचकर



मिराज क्रिकेट स्टेडियम का व्यापकनिरिक्षण किया इसमें विशेष रूप से क्रिकेट मैदान, पिच, पवेलियन, मीडिया बॉक्स, मैच ऑफिशल्ससुविधाएं सहितवीवीआईपी जोन, दर्शक दीर्घा की जानकारी प्राप्त की। हमारी कमेटी मिराज स्टेडियम के खेल मैदान सहित सभी सुविधाओं से संतुष्ट है। संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी ने इस दौरान मिराज क्रिकेट स्टेडियम के संचालकों से मिराज स्टेडियम के आरसीए से एमओयू पर विस्तृत चर्चा की व सभी परिस्थितियों को आरसीए की आवश्यकता के अनुसार समझा।संयोजक के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी का उद्देश्य राज्य में क्रिकेट के विकास के साथ युवा खिलाडियों को उच्च स्तरीय खेल मैदान व तकनिकप्राप्त हो के अनुसार ही हमने आज नाथद्वारा के मिराज क्रिकेट स्टेडियम का निरिक्षणकर उसके आरसीए से एमओयू को जल्द से जल्द करने पर चर्चा की जिससे राज्य के युवा खिलाडियों को एक उच्च स्तरीय क्रिकेट स्टेडयम में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

## दिलीप सिंह शेखावत बने हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के मेंबर सेक्रेटरी



जयपुर, 19 जुलाई। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत को अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने एक बड़ी और अहम जिम्मेदारी देते हुए उन्हें हरियाणा फुटबॉल संघ के कामकाज और चुनाव कराने हेतु एडहॉक कमेटी में मेंबर सेक्रेटरी मनोनीत किया है। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के अनुसार उन्हें डिस्टिक रजिस्टार गुरुग्राम ने हरियाणा फुटबॉल संघ के विभिन्न कार्यकलापों और चुनाव को सुचारू रूप से करने हेतु एक एडॉक कमेटी बनाने को कहा है।

यह एडहॉक कमेटी हरियाणा ओलंपिक संघ की देखरेख में काम करेगी। दिलीप सिंह शेखावत को स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर के तौर पर काफी लंबा अनुभव रहा है और वर्तमान में वह राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव होने के साथ राजस्थान ओलंपिक संघ के सह सचिव और अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ की बीच सॉकर कमेटी के सदस्य भी हैं।

जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि विगत कुछ वर्षों में दिलीप सिंह शेखावत ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ की विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का राजस्थान में सफलतापूर्वक संचालन किया है जिससे कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें इस भूमिका के लिए चुना है। इस अवसर पर जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार, मनोज शर्मा, हितेश शर्मा, डॉ दिलीप सिंह चुंडावत और सेबी फिलिप्स ने दिलीप सिंह शेखावत को शुभकामनाएं दी है।

# अपहरण-वसूली के आरोपी चारों कांस्टेबल सेवा से बर्खास्त

■ इन पुलिस कर्मियों पर जोधपुर में दो युवकों का अपहरण कर पैसे वसूलने का आरोप है।

जोधपुर, 19 जुलाई (कासं)। पुलिस को शर्मसार करने वाले, जोधपुर कमिश्नरेट के माता का थान पुलिस थाना के निलंबित चारों पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर दो दोस्तों का अपहरण कर वसूली करने का आरोप है।

डीसीपी ईस्ट आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस सेवा आचरण नियमों के तहत दोषी मानते हुए, कांस्टेबल जगमाल राम जाट, नृसिंह जाट, राकेश पूनिया और लादूराम मेघवाल को बर्खास्त किया गया है। इस मामले में थानाधिकारी की भूमिका को लेकर पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है।

डीसीपी श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित दिलीप गौड़ व उसके दोस्त रमेश शर्मा का माता का थान थाने के पुलिसकर्मी जगमाल राम जाट, नृसिंहलाल जाट, राकेश पूनिया, लादूराम मेघवाल व सरदारपुरा थाने के कांस्टेबल ऋषभ और एक अन्य ने साथ मिलकर महामंदिर थाना क्षेत्र से 14 जुलाई को अपहरण किया। उसके बाद वे उन्हें माता का थान थाने लेकर गए, जहां सीसीटीवी बंद कर, दोनों से 2 लाख नकद और करीब 9 लाख की क्रिप्टो करेंसी हड़पी। इस मामले को लेकर पीड़ित डीसीपी आलोक श्रीवास्तव के पास पेश हुए। इसके बाद डीसीपी ने एसीपी हेमंत कलाल को निर्देश देकर पड़ताल की। महामंदिर थाने में मामला दर्ज कराया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन्हें कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया। पहले चारों आरोपी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया और शनिवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

दो दिन की रिमांड पर पता चला कि दिलीप गौड़ के साथ ही रमेश शर्मा की पत्नी के अकाउंट से एक लाख रुपए निकालने के लिए एक आरोपी रमेश शर्मा को केनरा बैंक के एटीएम ले गया। यहां दस हजार के दस ट्रांज़ैक्शन किए। इसके फुटेज पुलिस के हाथ लगे हैं। जिस जगह से दोनों को अगुवा किया, वहां के फुटेज भी मिल गए। चारों पुलिस कांस्टेबल अभी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं व किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

## 'अडानी के विरोध ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है और वे इसका विरोध करते रहेंगे। उन्होंने कहा,"भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया।"

## 'भाजपा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सकते हैं, लेकिन उनके बाहर निकलने का मतलब यह नहीं है कि इंडिया गठबंधन कमज़ोर हो गया है।"

# सोजती गेट के पास बैंक की छत भरभरा कर गिरी, कोई हताहत नहीं

## जोधपुर का ड्रेनेज सिस्टम हर तरफ से फेल नज़र आया, शहर में हर जगह पानी इकट्ठा

■ शहर की सड़कों पर पानी दरिया की तरह बहा। रेलवे स्टेशन के पास की कॉलोनियों में 2 से 3 फीट पानी भरा।

जोधपुर, 19 जुलाई (कासं)। चौबीस घंटे भी नहीं गुजरे थे कि बरसात के पानी में डूबने से एक युवक की आज फिर मौत हो गई। कल, करना झरना में डूबने से एक युवक की मौत हुई थी।

दक्षिण पश्चिम मानसून की प्रदेश में सक्रियता से कई जिलों में हालात विकट होने लगे हैं। पिछले चार -पांच दिनों से मारवाड़ में बारिश का दौर बना हुआ है। जोधपुर शहर में भी लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मूसलाधार बारिश से शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गई हैं। साथ ही, पर्यटन स्थलों पर झरने बहने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, शहर के राव जोधा मार्ग घोड़ाघाटी में सुबह पानी में एक युवक डूब गया, जिसे दोपहर तक रेस्क्यू किया जा सका। पाली रोड मोगड़ा के समीप एक बस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। शहर के सोजती गेट के समीप एक बैंक की छत भरभरा कर गिर गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। खेत- खलिहान पानी से लबालब भरे हैं।

जोधपुर शहर में आज ड्रेनेज सिस्टम हर तरफ से फेल नजर आया। शहर में शायद ही कोई ऐसी जगह बची हो, जहां पर पानी इकट्ठा ना हुआ हो। सड़कों और निचले इलाकों में पानी भर गया। सुबह नौ बजे शहर में बरसात का दौर शुरू हुआ, जो दोपहर में तेज बारिश में तब्दील हो गया। सड़कों पर पानी के दरिया बहने लगे। शहर के भीतरी क्षेत्र की सड़कें भी दरिया बन गईं। मणाई गांव में भी जोरदार बारिश हुई है और खेतों में पानी भर गया है। बावड़ी इलाके में चटालिया गांव के खेतों में भी पानी भर गया है। रेलवे स्टेशन के नजदीक वाली कॉलोनियों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। लूणी विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बानियावास के रास्ते में करीब एक से डेढ़ फीट पानी भर गया। जोधपुर शहर के पाली रोड मोगड़ा के पास सुबह एक सड़क हादसा हो गया। बारिश के चलते एक युवक बस की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर, बाद में विवेक विहार पुलिस मौका स्थल पर पहुंची।

# पुष्कर के फीडर के किनारे बने होटलों को खाली करने के आदेश

## ग्यारह करोड़ की लागत से बना नाला भी मूसलाधार बारिश में काम नहीं आया

■ पुष्कर के पीछे बने फीडरों में 8 से 10 फीट पानी चला। कई खेत जलमग्न हो गए। सिविल डिफेन्स टीम ने लोगों को और जानवरों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

पुष्कर,19 जुलाई (निसं)। अलसुबह से हुई तेज मूसलाधार बरसात से तीर्थ नगरी तरबतर हो गई, साथ ही पवित्र सरोवर एक बार फिर लबालब होने के कगार पर है सरोवर में 13 फीट पानी आया है और अभी भी लगातार पानी की आवक जारी है। अलसुबह से ही रुक रुक कर हो रही तेज मूसलाधार बरसात से निचली बस्तियों में पानी भर गया।

पुष्कर सरोवर के पीछे बने फीडरो में 8 से 10 फीट पानी चला, जिसकी वजह से कई खेत जलमग्न हो गए। पुष्कर की सिविल डिफेंस टीम ने रेस्क्यू करके वहां से लोगों तथा जानवरों को निकाला। छोटी पुलिया के बाइस गुब्बारों से सरोवर में पानी आ रहा है।

बड़ी पुलिया पर पानी देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ लग गई, जिन्हें बाद में हटाया गया। कृष्ण गोपाल जाट के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम डूबे हुये क्षेत्र में मुस्तैदी से काम कर रही है तथा लोगों को बाहर निकाल रही है।

पुष्कर में 11 करोड़ की लागत से बनाए गए नाले भी मूसलाधार बरसात में जवाब दे गए तथा पानी का एक तरफ बहाव होने के कारण पहली बार बड़े गणेश जी मंदिर तक पानी भर गया वहां दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सावित्री मार्ग ब्रह्मा मंदिर रोड आदि, सब जलमग्न है।

पुष्कर का विख्यात भट बाय गणेश मंदिर पूर्ण रूप से डूब गया। लोगों ने 1975 और 1983 के बाद पहली बार भट बाय गणेश जी का मंदिर पूर्ण रूप से पानी में डूबा देखा है।

बुड्ढा पुष्कर तीर्थ में भी पानी भर गया। अजमेर जिला कलेक्टर ने पुष्कर का दौरा किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा फीडर के किनारे बने होटलों को खाली करने के आदेश दिए गए।।



*पुष्कर में सुबह से हो रही तेज बरसात से पुष्कर सरोवर लबालब हो गया तथा निचली बस्तियों में बारिश का पानी भर गया।*

## सरवाड़ उपखंड क्षेत्र में भारी बारिश, डाई नदी उफान पर

■ सरवाड़ में 24 घंटे में 131 मि.मी. बारिश हुई है, पानी भरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सरवाड़, 19 जुलाई (निसं)। सरवाड़ शहर और उपखंड क्षेत्र में 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के ग्रामीण एवं निचले इलाकों में पानी भर गया। खेतों में फसलें डूब जाने से किसान चिंतित हैं। क्षेत्र में 131 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर व तहसीलदार बंटी राजपूत ने बडला, जावला, बोराड़ा, फतेहगढ़ , धानवा बांध, सरवाड़ समेलिया, हिंगोनिया व लल्लाई के बीच नालों की रपटों का दौरा कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। सरवाड़ की डाई नदी उफान पर है और नदी को देखने के लिए शहरवासियों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में डाई नदी को चुनरी ओढ़ाई गई और नदी के विकाल रूप को कम करने हेतु प्रार्थना की गई। नदी के उफान पर होने के कारण सरवाड़ - जड़ाना मार्ग भी अवरुद्ध हो गया।

# ट्रंप ने जीनियस एक्ट पर साइन किए

■ इस कानून से अमेरिका में स्टेबल कॉइन्स को मान्यता मिल गई है जो क्रिप्टो करेंसी की एक श्रेणी है। ट्रंप का पारिवारिक बिज़नैस इस क्षेत्र में काफी रुचि ले रहा है।

नयी दिल्ली, 19 जुलाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को गाइडिंग एंड इस्टेब्लिशिंग नेशनल इनोवेशन फॉर यू.एस. स्टेबलकॉइन्स (जीनियस) एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिये। इससे देश में स्टेबलकॉइन्स को आधिकारिक मान्यता मिल गयी है।

स्टेबलकॉइन क्रिप्टो करेंसी की वह श्रेणी है जिसका मूल्य डॉलर या सोने जैसे किसी अपेक्षाकृत स्थिर एसेट के आधार पर निर्धारित होता है। इसलिए, इसमें बिटकॉइन तथा ऐसी अन्य क्रिप्टोकरेंसी की तरह बड़ा उथल-पुथल देखने को नहीं मिलता है।

इस कानून के लागू होने के दो बड़े प्रत्यक्ष प्रभाव होंगे। एक रिजर्व के रूप में डॉलर की मांग बढ़ेगी और दूसरा अमेरिकी ट्रेज़री बॉन्ड मजबूत होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि कानून में यह प्रावधान है कि स्टेबलकॉइन जारी करने वालों को शत-प्रतिशत लिक्विड एसेट का रिजर्व बनाना होगा। वे अमेरिकी डॉलर या अल्पावधि वाले ट्रेजरी बॉन्ड का रिज़र्व तैयार कर सकते हैं।

इस कानून से राष्ट्रपति ट्रंप ने निजी और देश हित दोनों को साधने का प्रयास किया है। पिछले कुछ समय में उनके पारिवारिक कारोबार ने स्टेबलकॉइन में अधिक रुचि दिखायी है। वहीं, हाल के समय में अमेरिकी डॉलर से इतर दूसरी मुद्राओं में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार बढ़ने के प्रभाव को समाप्त करने में भी इससे मदद मिलेगी। यही कारण है कि संसद में इस विधेयक को दोनों दलों का समर्थन मिला।

## बेंगुलुरु हवाई ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कवर में छिपाकर रखे गए सफेद पाउडर को सावधानीपूर्वक बरामद किया। इसके, बाद यात्री को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

## मेड़ता में 24 घंटे में 228 मिलीमीटर बरसात

■ क्षेत्र की निचली बस्तियों व मुख्य सड़कों पर पानी भरा, करंट से एक की मौत हुई।

मेड़ता सिटी,19 जुलाई (निसं)। मेड़ता क्षेत्र में 24 घंटे से हो रही बारिश के कारण शहर की निचली बस्तियों सहित मुख्य सड़कों पर भी पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे में 228 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। बारिश के कारण करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बारिश के कारण तमाम जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल ने भी एक एडवायजरी जारी की ओर सभी विभागों को तेज बारिश के चलते आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए आदेश किया।

मेड़ता नगरपालिका अध्यक्ष लाहोटी ने उपखंड अधिकारी के साथ जलभराव वाले क्षेत्रों का मुआयना किया।

जनपथ मार्ग पर एक व्यक्ति की करंट आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जनपथ मार्ग पर स्थित गोदाम के गेट में करंट आ रहा था जब उक्त व्यक्ति ने गेट खोला तो करंट लगने से उसकी मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव सुपुर्द किया।

# अजमेर के पास नाड़ी में डूबने से तीन किशोरियों की मौत

## आना सागर व वरुण सागर ओवरफ्लो हुए, दरगाह क्षेत्र में कई लोगों को बहने से बचाया

■ गेगल थाने के ऊंटड़ा गाँव की चार किशोरियाँ बकरियाँ चराने नाड़ी के क्षेत्र में गई थीं। पाल पर फिसलने से एक पानी में गिर गई। अपनी सहेली को बचाने के लिए बाकी तीनों भी नाड़ी में कूद गईं।

अजमेर, 19 जुलाई (कासं)। अजमेर शहर में दो दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बरसात से शहर के कई भागों में पानी भर गया है। आनासागर और वरुण सागर जैसे प्रमुख जलाशय पानी से लबालब हो गए हैं, तथा पानी ओवरफ्लो होने से निचले इलाकों में पानी भरने के हालात बन रहे हैं। वहीं जिला कलेक्टर, निगम आयुक्त सहित, प्रशासनिक अमला व एसडीआरएफ व सिविल की टीम मुस्तैदी से हालात से निपटने में जुटे हुए हैं।

गेगल थाना क्षेत्र के ऊंटड़ा गांव की नाड़ी में डूबने से तीन किशोरियों की मौत हो गई, जबकि एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। दरगाह क्षेत्र में पानी भर गया है। यहां कई लोगों को बहने से बचाया गया।

ऊंटडा गांव में शनिवार सुबह करीब 11 बजे चार किशोरियां, सिमरन पुत्री फिरोज, बिलकिश बानो पुत्री कमरूद्दीन, नाज़िया पुत्री बदरूद्दीन और आयशा बकरियां चराने के लिए गांव के पास स्थित नाड़ी के क्षेत्र में गई थीं। नाड़ी की पाल पर चलते समय सिमरन का पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गई। अपनी सहेली को डूबता देख, बिलकिश बानो, नाजिया और आयशा उसे बचाने के लिए एक-एक कर नाड़ी में कूद गईं। इस दौरान, आयशा ने चिल्लाकर मदद मांगी, जिसे सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने तुरंत चारों किशोरियों को नाड़ी से बाहर निकाला और उन्हें जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने सिमरन, बिलकिश बानो और नाज़िया को मृत घोषित कर दिया,जबकि आयशा गंभीर रूप से घायल हो गई। आयशा की हालत नाज़ुक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही गेगल थाना पुलिस और सीओ रामचंद्र चौधरी अस्पताल पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हादसा संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ।

अजमेर में अब तक कुल 200 मिलीमीटर से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है। शनिवार को जिला कलेक्टर लोकबंधु ने शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। जिला प्रशासन, नगर निगम सहित, एसडीआरएफ व सिविल डिफ्रेंस के साथ विभागीय टीमें राहत कार्य में जुटी हैं।

# पायलट एसोसिएशन ने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी करे जिसमें यह स्वीकार किया जाए कि अभी तक किसी भी जांच एजेंसी द्वारा कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

एफ.आई.पी. ने अपनी कानूनी नोटिस में कहा, "हमें, रॉयटर्स और सभी संबंधित प्लेटफार्मों को यह चेतावनी देने को कहा गया है कि वे विमान क्रैश और विमान के पायलटों से संबंधित बिना सत्यापित, अटकलों या अनौपचारिक सिद्धांतों का प्रसार या प्रचार न करें।" नोटिस में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें मानहानि, मानसिक पीड़ा और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के लिए कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिका के नैशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एन.टी.एस.बी.) की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कड़े शब्दों में कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स की निंदा की, जिन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर निष्कर्ष पर पहुंचने की कोशिश की। होमेंडी ने कहा, "एयर इंडिया 171 क्रैश पर हाल की मीडिया रिपोर्ट जल्दीबाजी और अटकलों पर आधारित हैं।" उन्होंने कहा, "भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (ए.ए.आई.बी.) ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। इस प्रकार की जांचों में समय लगता है। हम ए.ए.आई.बी. की पब्लिक अपील का पूरी तरह समर्थन करते हैं, जो गुरुवार को जारी की गई थी और हम उस जांच को समर्थन देंगे, जो अभी चल रही है। सभी जांच संबंधी प्रश्न ए.ए.आई.बी. को संबोधित किए जाने चाहिए।"

भारत के एयरक्राफ्ट एक्टिडैंट इन्वैस्टिगेशन ब्यूरो (ए.ए.आई.बी.), जो प्रमुख जांच एजेंसी है, ने भी जैनिफर होमेंडी की भावना को दोहराया। अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में ए.ए.आई.बी. ने यह स्पष्ट किया कि उसका फोकस यह बताने पर है कि क्या हुआ, न कि क्यों हुआ। "इस समय, किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना बहुत जल्दबाजी होगी। एजेंसी ने कहा, "अंतिम जांच रिपोर्ट मूल कारणों की पहचान करेगी और सिफारिशें देगी।"

ए.ए.आई.बी. की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में कोई यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या का प्रमाण नहीं था। तथापि, अधिकारियों ने यह कहा कि रिपोर्ट निष्कर्षात्मक नहीं है और उन्होंने ब्लैक बॉक्स डेटा, उड़ान रिकॉर्ड्स और आवाज ट्रांसक्रिप्ट्स का पूरा विश्लेषण किए बिना कोई निष्कर्ष निकालने से बचने की सलाह दी।

एयर इंडिया के सीईओ कैम्पबेल विल्सन ने इस विचार को दोहराया। उन्होंने कहा, "प्रारंभिक रिपोर्ट में न तो कोई कारण पाया गया है और न ही कोई सिफारिश की गई है," उन्होंने कहा। "मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि वे जल्दबाजी में निष्कर्ष पर न पहुँचें। हमें अपने कार्य और उन मूल्यों पर फोकस बनाकर रखना चाहिए जिनकी बदौलत एयर इंडिया की परिवर्तन यात्रा संभव हुई है। ये मूल्य हैं-ईमानदारी, उत्कृष्टता, कस्टमर फोकस, नवाचार और टीमवर्क।"

एन.टी.एस.बी. के बयान पर और विस्तार से बात करते हुए, कैप्टन रंधावा ने अमेरिकी एजेंसी के हस्तक्षेप का स्वागत किया। "हम एन.टी.एस.बी. बोर्ड के बयान से खुश हैं। यह पश्चिमी मीडिया में रिपोर्टों को रोक देगा। वे अपनी दुनिया में हैं और सोचते हैं कि वे कुछ भी प्रकाशित कर सकते हैं और बच सकते हैं। भारतीय रिपोर्ट बहुत स्पष्ट है-हमें अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना होगा।"

ऐसे में, जबकि, पूरी दुनिया भारत के सबसे बड़े विमानन हादसों में से एक के नुकसान पर शोक मना रही है, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय अधिकारियों ने धैर्य रखने की अपील की है। अधिकारी कहते हैं कि अंतिम जांच में समय लगेगा, लेकिन जब यह पूरी होगी, तो यह तथ्यों को स्पष्टता और जवाबदेही के साथ सामने लाएगी।

## 'ट्रंप के दावे पर प्रधानमंत्री जवाब दें'

■ कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि ट्रंप ने भारत-पाक युद्ध में 5 फाइटर जेट नष्ट होने का दावा किया है। इस पर प्र.मंत्री ही संसद में जवाब दें कोई और मंत्री नहीं चलेगा।

नई दिल्ली, 19 जुलाई। डोनाल्ड ट्रंप ने बयान दिया कि भारत-पाक संघर्ष में 5 फाइटर जेट गिरे थे। इस दावे को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार से तीन सवाल किए हैं, जिसका जवाब सीधे पीएम मोदी से मांगा गया है। राज्यसभा सासंद जयराम रमेश ने कहा कि कोई और मंत्री नहीं चलेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के हालिया दावे पर सियासत गर्मा गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को केंद्र सरकार से तीन सीधे सवाल पूछते हुए जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ट्रम्प के इन दावों का मानसून सत्र में पीएम मोदी से जवाब मांगती है।

राज्य सभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि ट्रम्प सार्वजनिक रूप से 24 बार यह कह चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका। ऐसे में पहला सवाल है कि क्या ट्रम्प ने वास्तव में सीजफायर रुकवाया? दूसरा सवाल- क्या ट्रम्प ने व्यापार की धमकी देकर जंग रुकवाई? तीसरा और सबसे अहम सवाल- भारत-पाक संघर्ष में किसके 5 लड़ाकू विमान गिरे?

दरअसल, ट्रंप ने शुक्रवार रात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान यह दावा किया कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान 5 फाइटर जेट गिरे गए थे। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे फाइटर जेट भारत के थे या पाकिस्तान के। 21 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र में विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगी, जिससे सत्र के दौरान हंगामा देखने को मिल सकता है।

## स्वर्ण मंदिर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में केन्द्रीय और राज्य एजेंसियों की विफलता पर सवाल उठाये हैं।

पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि जांच जारी है।

इस मामले में हिरासत में लिये गये एक संदिग्ध शुभम दुबे से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में तकनीकी विश्लेषण में समय लगता है।

उन्होंने कहा कि संदिग्धों की जल्द ही पहचान कर ली जायेगी।

## पेपर लीक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

द्वारा उसकी फोटो लेने के बाद रजिस्टर को जलाकर नष्ट कर दिया गया। उसके खिलाफ पेपर लीक को लेकर एसओजी में भी मामले दर्ज हैं। ऐसे में उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

# उड़ान भरने से पहले ही मस्क की "अमेरिका पार्टी"...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

■ एक और उलझन है, मस्क के राष्ट्रपति बनने में, वे साउथ अफ्रीका में जन्मे हैं, अमेरिका में नहीं। अभी भी विदेश में जन्मे व्यक्ति को अमेरिका का राष्ट्रपति बनने का अधिकार प्राप्त नहीं है।

समर्थन करते हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि 74 प्रतिशत वयस्क और 77 प्रतिशत मतदाता इस विचार को पूरी तरह से नकारते हैं।

सीएनएन के विश्लेषक ने साफ कहा कि "मस्क इस यात्रा का नेतृत्व करने के लिए बिल्कुल गलत व्यक्ति हैं", जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा, वह देश के सबसे अप्रिय राजनीतिक व्यक्तित्वों में से एक हैं।"

यह केवल सीएनएन का सर्वेक्षण नहीं है। क्विन्निपियाक यूनिवर्सिटी के एक सर्वेक्षण में भी ऐसे ही निष्कर्ष सामने आए, जिनमें सिर्फ 17 प्रतिशत मतदाता ही मस्क द्वारा नेतृत्व की जा रही किसी पार्टी का समर्थन करने के बारे में विचार करेंगे, जबकि 77 प्रतिशत से अधिक ने इस विचार को पूरी तरह से नकार दिया। ये आंकड़े केवल खराब नहीं हैं, वे हाल की तीसरी पार्टी की कोशिशों से भी बदतर हैं।

एक समय था, जब अत्याधुनिक नवाचारों के लिए उनकी प्रशंसा की जाती थी, लेकिन टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क की प्रतिष्ठा में तेजी से गिरावट आई है। उसी सीएनएन सर्वेक्षण में, केवल 23 प्रतिशत अमेरिकियों ने उन्हें सकारात्मक रूप से देखा, जबकि 60 प्रतिशत ने नकारात्मक राय व्यक्त की, जिससे उन्हें माइनस 37 अंकों की नैट अप्रूवल रेटिंग मिली। सीएनएन ने इसे एक शब्द में संक्षेपित किया, "ओफ्फ।"

यह 2016 के बाद हुआ एक चौंकाने वाला बदलाव है। उस समय मस्क की नैट पॉज़िटिव फेवरेबिलिटी प्लस 29 अंक थी और उन्हें एक दूरदर्शी के रूप में देखा जाता था। आज, उनकी सोशल मीडिया की आक्रामक उपस्थिति, विवादास्पद टिप्पणियां और दक्षिणपंथी राजनीति में बढ़ती भागीदारी ने उन सभी अच्छे इरादों को नष्ट कर दिया है।

ऐतिहासिक रूप से, यूएस में तीसरी पार्टी बनाने के प्रयासों को हमेशा ही कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। जॉर्ज वॉशिंगटन ही ऐसे एकमात्र राष्ट्रपति हैं, जिन्हें बिना किसी पार्टी के चुना गया, पर उस समय, जब राजनीतिक दल अस्तित्व में नहीं थे। राष्ट्रपति चुनाव में किसी तीसरी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में एक राज्य में भी जीतने वाले आखिरी व्यक्ति जॉर्ज वॉर्लेस थे, वे 1968 में विजयी हुए थे।

यहाँ तक कि रॉस पेरोट, एक अन्य अरबपति भी अपनी शुरुआती सक्रियता को स्थायी राजनीतिक बदलाव में बदलने में विफल रहे। हालांकि उन्होंने 1992 में 20 प्रतिशत वोट प्राप्त किए और रिफॉर्म पार्टी की शुरुआत की, लेकिन यह आंदोलन जल्दी फीका पड़ गया। इसका आखिरी उच्चतम बिंदु 1998 में मिनेसोटा के गवर्नर के रूप में जेसी वेंचुरा का चुनाव था। आज वह पार्टी अमेरिकी राजनीति में महत्वहीन हो गई है।

1993 में, पेरोट का तीसरी पार्टी का दृष्टिकोण कम से कम अमेरिकी जनता में सुनाई तो देता था। सीएनएन के अनुसार, 50 प्रतिशत अमेरिकियों ने इसका समर्थन किया था। इसके विपरीत, मस्क तीन-चौथाई से अधिक अमेरिकियों के विरोध के साथ इस मंच पर उतर रहे है, वो भी किसी नीति, एजेंडा या नेतृत्व टीम की घोषणा किए बिना।

और एक और महत्वपूर्ण बात, मस्क राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नहीं लड सकते। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे होने के कारण, संविधान के तहत वे देश का सर्वोच्च पद प्राप्त नहीं कर सकते। यह एक ऐसा तथ्य है, जो उनकी राजनीतिक आकांक्षाओं की विश्वसनीयता और उद्देश्य को और कमजोर करता है।

मस्क में जनता का भरोसा भी कम है, सुर्खियों में रह कर और पैसा खर्च कर वे उसकी भरपाई करते हैं। अपनी विशाल संपत्ति से वे प्रमुख अभियानों को फंड कर सकते हैं, एयरटाइम खरीद सकते है और अपनी मुहिम को अधिक समय तक सुर्खियों में बनाए रख सकते हैं। सीएनएन ने कहा, "कई तीसरी पार्टियाँ असफल हो जाती हैं, क्योंकि वे अपना संदेश नहीं पहुंचा पातीं," मस्क की पार्टी को यह समस्या नहीं होगी। लेकिन पैसा होना ही पर्याप्त नहीं है।"

वास्तव में, जैसे-जैसे जनता का नजरिया उनके खिलाफ हो रहा है, यह स्पष्ट हो रहा है कि पैसा खर्च कर भरोसा हासिल नहीं किया जा सकता, विशेषकर एक ऐसे देश में, जहाँ विश्वास कमाया जाता है, न कि ट्वीट किया जाता है।

जैसा कि सीएनएन ने कहा, "अमेरिकियों को मस्क की राजनैतिक सक्रियता जितनी ज्यादा दिखेगी, वे उन्हें उतना ही कम पसंद करेंगे।" एक आदमी, जो रॉकेट को अंतरिक्ष के ऑर्बिट में भेजा करता है, उसके लिए एक व्यवहारिक राजनीतिक पार्टी शुरू करना उसका शायद अब तक का सबसे कठिन मिशन साबित हो सकता है और शायद उसका सबसे विफल प्रयास भी।

## ईडी ने उत्तराखंड ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संचालित करता है।

ईडी ने जनवरी में पीएमएलए के तहत इन दोनों भूखंडों (कुल क्षेत्रफल 101 बीघा) को जब्त कर लिया था। इन दोनों अचल संपत्तियों का मूल्यांकन 6.56 करोड़ रूपए है, लेकिन एजेन्सी के अनुसार, इनकी वर्तमान बाजार कीमत 70 करोड़ रूपए से अधिक है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908